ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष त्रयोदशी 09:36 उपरांत चतुर्दशी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 9 जून 2025

वर्ष 6, अंक 199, पृष्ठ 14

2 राज्य, 6 संस्करण

मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार


www.amritvichar.com



किसानों के हितों की रक्षा करेगा भारत 12

जयशंकर यूरोप रवाना, द्विपक्षीय संबंध होगा प्रमुख मुद्दा 14

## अल्कारेज ने सिनर को हराकर फ्रेंच ओपन जीता



**पेरिस, एजेंसी।** गत विजेता कार्लोस अल्कारेज ने दो सेट गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए रविवार को यहां दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर को पांच सेट तक चले कड़े मुकाबले में हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट का पुरुष एकल खिताब जीत लिया। दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी स्पेन के अल्कारेज ने तीन मैच प्वाइंट बचाते हुए शीर्ष वरीय सिनर को पांच घंटे 29 मिनट में 4-6, 6-7, 6-4, 7-6, 7-6 से हरा दिया। सिनर ने पिछले साल अमेरिकी ओपन और इस साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब जीता था और उनकी नजरें पेरिस में ग्रैंडस्लैम जीत की हैट्रिक पूरी करने पर थी। (विस्तृत खेल पेज)

# राजग सरकार ने 11 साल में महिलाओं को आगे बढ़ाया

- सरकार के तीसरे कार्यकाल का एक साल पूरा होने पर बोले प्रधानमंत्री मोदी
- कहा-सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर लोगों के लिए प्रेरणा बन रहीं महिलाएं

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी सरकार के तीसरे कार्यकाल का एक साल पूरे होने से एक दिन पहले रविवार को कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार ने अपने 11 साल के कार्यकाल में महिला नीत विकास को पुनः परिभाषित किया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर कहा कि विज्ञान, शिक्षा, खेल, स्टार्टअप और सशस्त्र बलों सहित सभी क्षेत्रों में महिलाएं उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं और लोगों के लिए प्रेरणा बन रही हैं। प्रधानमंत्री ने कई कल्याणकारी कार्यक्रमों का हवाला देते हुए कहा कि इनसे महिलाओं को काफी लाभ हुआ है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वच्छ भारत के माध्यम से गरिमा सुनिश्चित करने से लेकर जन धन खातों के जरिए वित्तीय समावेशन तक, विभिन्न पहलों में महिलाओं को सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि जहां धुआं मुक्त रसोई प्रदान करते हुए उज्ज्वला योजना के माध्यम से गरीब परिवारों को गैस सिलेंडर मिले, वहीं मुद्रा ऋण ने लाखों महिला उद्यमियों को खुद की शर्तों पर अपने सपने पूरे करने में सक्षम बनाया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना में महिलाओं के नाम पर बने घरों ने भी उल्लेखनीय प्रभाव डाला है। मोदी ने कहा कि 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' कार्यक्रम ने बालिकाओं की सुरक्षा के लिए एक राष्ट्रीय आंदोलन की लौ जगाई।

प्रधानमंत्री ने सरकार द्वारा संचालित उन पहलों संबंधी पोस्ट भी साझा किए जिनमें सरकारी योजनाओं द्वारा महिलाओं को दिए गए लाभों को सूचीबद्ध किया गया। इन पोस्ट में कहा गया है कि देश में जीवित जन्मों पर मातृ मृत्यु अनुपात 2011-13 में प्रति लाख 167 से घटकर 2019-21 में प्रति लाख 93 हो गया और नल से जल प्राप्त करने वाले घरों की संख्या अगस्त 2019 में 3.23 करोड़ से बढ़कर मई 2025 में 15.64 करोड़ हो गई।

### हर क्षेत्र में कायम कर रहीं मिसाल

पोस्ट में महिलाओं के लिए कई अन्य कल्याणकारी कदमों पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि उज्ज्वला योजना के तहत 10 करोड़ से अधिक रसोई गैस कनेक्शन दिए गए। प्रधानमंत्री ने कहा कि माताएं-बहनें आज विकसित भारत के संकल्प में भागीदारी निभा रही हैं, बल्कि शिक्षा-व्यवसाय से लेकर हर क्षेत्र में मिसाल कायम कर रही हैं।

## एक नजर

### धोखाधड़ी में तकनीकी विशेषज्ञ गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने 24 वर्षीय एक तकनीकी विशेषज्ञ को एक मोबाइल एप्लीकेशन विकसित करने के आरोप में गिरफ्तार किया है, जिसका इस्तेमाल लोगों को उनके क्रेडिट कार्ड की सीमा बढ़ाने के बहाने धोखा देने के लिए किया जाता था। पुलिस ने रविवार को बताया कि आरोपी की पहचान गाजियाबाद निवासी जय किशन के रूप में हुई है।

### संदेशखालि केस में महिला का बयान दर्ज

**कोलकाता।** सीबीआई की एक टीम रविवार को पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखालि पहुंची और उसने तृणमूल कांग्रेस के पूर्व नेता शेख शाहजहां के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने वाली एक स्थानीय महिला का बयान दर्ज किया। अधिकारी ने बताया कि सीबीआई ने शिकायतकर्ता झुमा मंडल का बयान दर्ज किया और अब इसकी जांच की जाएगी।

### फर्जी वीजा से स्पेन भेजने में एजेंट गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पंजाब के तीन लोगों को फर्जी शैंगेन वीजा एवं जाली टिकटों के जरिए स्पेन भेजने के आरोपी को पुलिस ने दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया है। दिल्ली हवाई अड्डे पर तीनों व्यक्तियों को उनके दस्तावेज़ और टिकट नकली पाए जाने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया था।

# किसानों से संवाद नई क्रांति : योगी

## लैब से लैंड योजना : विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत मुख्यमंत्री ने किया किसानों से संवाद

- योगी बोले-खेती प्रधानमंत्री के शीर्ष एजेंडे में शामिल, फसलों का किया हवाई सर्वेक्षण

संवाददाता, अजीतमल (औरैया)

**अमृत विचार :** लैब, आईसीआर, कृषि विश्वविद्यालय, कृषि विज्ञान केंद्र व अन्य संस्थानों में कार्यरत वैज्ञानिक पहली बार लैंड पर जाकर किसानों के साथ कृषि की चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए कार्य कर रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। विकसित कृषि संकल्प अभियान का उद्देश्य लैब से लैंड तक जाना है। कृषि वैज्ञानिक लैंड पर जाएंगे और किसानों से संवाद करेंगे। यह संवाद कृषि क्षेत्र में नई क्रांति की शुरुआत करेगा। लैब में जो भी काम हो रहे हैं, वह धरातल पर दिखना चाहिए। यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कस्बे के जनता महाविद्यालय में रविवार को जनसभा के दौरान कहीं।



औरैया जिले में कार्यक्रम के दौरान एक बच्चे को अन्नप्राशन कराते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। ● एजेंसी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने जो विजन दिया है, कृषि उसकी आधारशिला बनेगी। कृषि के माध्यम से लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में क्या कदम उठाया जा सकता है, इस पर कृषि वैज्ञानिक, कृषि विभाग के अधिकारी-कार्मिक, औद्यानिक फसल, खेती, डेयरी, मत्स्य पालन से जुड़े किसानों को खेती के बारे में आधुनिक जानकारी देंगे। इस पहल के तहत वैज्ञानिक क्लाइमेटिक जोन को देखेंगे और किसानों को बीज व वैरायटी का प्रोडक्शन पर असर की जानकारी भी देंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 8 वर्ष के अंदर यूपी में डबल इंजन सरकार ने किसानों के जीवन में परिवर्तन लाने के अभियान को अपने हाथों में लिया है। यूपी में कृषि के लिए बहुत स्कोप है। सीएम ने पिछली सरकारों पर आरोप लगाया कि किसान उनके सरकार के एजेंडे का हिस्सा नहीं बन पाया था। किसान को बीज, एमएसपी का दाम, समय पर खाद्य, खेत के लिए पानी, तकनीक, स्वायल हेल्थ की व्यवस्था नहीं थी। लागत कम और अधिक उत्पादन पर जोर नहीं था। उन्होंने कहा कि खेती-किसानी पीएम मोदी के शीर्ष एजेंडे में है। देश में 11 वर्ष के अंदर खेती-किसानी के क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन हुआ है।

### कृषि संबंधी योजनाओं से अन्नदाताओं की जीवनशैली में आ रहा बदलाव

उन्होंने कहा कि हेल्थ कार्ड का अभियान चलाया। किसानों को पीएम कृषि बीमा योजना, पीएम कृषि सिंचाई योजना, एमएसपी, पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ मिल रहा है। यह अन्नदाता किसान के जीवन में परिवर्तन का परिणाम है। कहा कि पिछली सरकार यूपी में कृषि विज्ञान को लागू नहीं करना चाहती थी, लेकिन जैसे ही सूर्यप्रताप शाही कृषि मंत्री बने, 20 नए कृषि विज्ञान केंद्र लाने में सफलता प्राप्त की। आज 89 कृषि विज्ञान केंद्र हैं। जो नई तकनीक और बीज की जानकारी दे रहे हैं।

### शोध के केंद्र के रूप में उभरे कृषि विवि

कृषि विवि भी इनोवेशन और कृषि के क्षेत्र में रिसर्च एंड डेवलपमेंट के नए केंद्र के रूप में उभरे हैं। उनकी नई गति प्रदेश की प्रगति में सहायक हो रही है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि किसान अपनी आय को बढ़ा रहा है। वर्ष 2017 के पहले सुनने को मिलता था कि किसान को पर्ची नहीं मिली तो उसने खेत में आग लगा दी। किसान को वर्षों से गन्ना मूल्य का भुगतान नहीं होता था। वह मजबूर होकर फसल में आग लगा देता था। किसान का आक्रोश सरकार की स्थिति को बयां कर देता था। इस मौके पर कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख, प्रभारी मंत्री प्रतिभा शुक्ला के साथ स्थानीय विधायक और पार्टी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## दिल्ली में दिल दहलाने वाली वारदात

# पड़ोसी के घर सूटकेस में मिला बच्ची का शव

- परिवार ने लगाया यौन उत्पीड़न के बाद हत्या का आरोप
- इलाके में तनाव के मद्देनजर पुलिस-अर्धसैनिक बल तैनात

नई दिल्ली, एजेंसी

उत्तर-पूर्वी दिल्ली के दयालपुर इलाके में नौ वर्षीय एक बच्ची का शव पड़ोसी के घर सूटकेस में पाया गया, जिसके बाद परिजनों और स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया तथा यौन उत्पीड़न एवं हत्या का आरोप लगाया है। लड़की का शव शनिवार शाम को मिला। इलाके में तनाव को देखते पुलिस और अर्धसैनिक बल को तैनात किया गया।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि ऐसा लगता है कि अपराधी बच्ची को सूटकेस में डालने के बाद फरार हो गया। दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि यौन उत्पीड़न समेत सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। फरार आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस के दल गठित किए गए हैं। नेहरू विहार निवासी बच्ची के परिवार ने बताया कि वह शाम करीब सात बजे पास में रहने वाले एक रिश्तेदार को बर्फ देने गई थी। काफी देर तक घर नहीं लौटी तो उसकी तलाश शुरू की। बच्ची के पिता के अनुसार, जिस रिश्तेदार के घर वह बर्फ देने गई थी उन्होंने बताया कि वह लगभग पांच मिनट रुकी और चली गई, घर नहीं पहुंची तो हमने हर जगह ढूंढा। अंत में किसी ने बताया कि वह पास के एक घर में गई थी, जहां हमें सूटकेस में उसका शव मिला।

बच्ची के पिता ने बताया कि जब वह इस पड़ोसी के घर पहुंचे तो वहां ताला लगा हुआ था। संदेह होने पर उन्होंने ताला तोड़ दिया और कमरे में दाखिल हुए। वहां बेटी को खून से सने सूटकेस के अंदर पाया। तुरंत वह उसे नजदीकी क्लिनिक लेकर गए, लेकिन चिकित्सक ने उसे अस्पताल ले जाने की सलाह दी। इसके बाद वह उसे शास्त्री पार्क स्थित अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### पॉक्सो सहित कई धाराओं में रिपोर्ट

दयालपुर पुलिस थाने में बीएनएस की संबंधित धाराओं के साथ यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की धारा छह के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों का पता लगाने के लिए पुलिस की कई टीमें तैनात की गई हैं। घटना के कारण लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

# जातिवाद से मुक्त हो समाज : भागवत

- संघ प्रमुख बोले-मंदिर, जलाशय, श्मशान पर सभी का समान अधिकार
- कहा-हिंदुओं को एकजुट व सनातन परंपरा को दोबारा स्थापित करेंगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार :** शहर प्रवास पर आए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने रविवार को स्वयंसेवकों से कहा कि संघ अपने शताब्दी वर्ष में है। पंच परिवर्तन के आधार पर सम्पूर्ण समाज एक बड़े परिवर्तन की ओर जा रहा है।

ऐसा समाज जो राष्ट्र के प्रति अपने दायित्व के लिए जागरूक हो, ऐसा समाज जो पर्यावरण के अनुकूल अपनी जीवन शैली का निर्माण करे, ऐसा समाज जो जातिवाद की विषमता से मुक्त हो, जहां मंदिर, जलाशय, श्मशान पर संपूर्ण समाज का समान अधिकार हो। पं. दीनदयाल उपाध्याय विद्यालय आजाद नगर में पूर्वी यूपी क्षेत्र के कार्यकर्ता विकास वर्ग, सामान्य-विशेष और संघ शिक्षा वर्ग में सरसंघचालक ने भाग लिया। रविवार सुबह उन्होंने प्रशिक्षण वर्ग के लोगों के साथ शाखा की।



इस दौरान उन्होंने कहा कि संघ द्वारा समाज हित में किए गए कार्यों से जुड़े साहित्य को हर घर तक पहुंचाना है। पंच परिवर्तन पर विशेष जोर देते हुए कहा, सभी हिंदुओं को एकजुट करने का काम करना है। हर घर में संस्कार हों और लोग परिवार में एकजुट हों जिससे सनातन परंपरा को हर घर में दोबारा स्थापित किया जा सके।

# 20 जून से कर सकेंगे राम दरबार के दर्शन

- रोजाना 750 श्रद्धालुओं को मिलेगा मौका
- रामजन्मभूमि ट्रस्ट जारी करेगा मुफ्त पास

कार्यालय संवाददाता, अयोध्या

**अमृत विचार :** राम मंदिर में विराजमान रामलला के साथ राम दरबार के भी दर्शन भक्त सकेंगे। इसके लिए प्रथम तल पर रेलिंग को लगाने का कार्य शुरू हो गया है।

मानना जा रहा है कि 20 जून से दर्शन की प्रक्रिया प्रारंभ हो सकती है। वहीं दर्शन करने के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट एक दिन में लगभग 750 भक्तों को पास जारी करेगा। औसतन प्रति घंटे के मुताबिक 50 पास जारी होंगे। इस पास को राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट अपनी वेबसाइट से जारी करेगा। दर्शन के लिए सुगम दर्शन पास की तरह प्रथम तल के दर्शन का पास भी निशुल्क जारी किया जाएगा। मंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक के अंतिम दिन समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि अगले 10 दिन के अंदर राम दरबार के दर्शन शुरू हो सकते हैं।



राम मंदिर में प्रथम तल पर गर्भगृह में स्थापित राम दरबार।

# लड़कियों के वीडियो वायरल करने पर हैदरी दल के सदस्यों पर रिपोर्ट

- गांधी उद्यान में शनिवार को घूमने आईं युवतियों के वीडियो बना किए थे वायरल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बकरीद के दिन गांधी उद्यान में युवतियों से अभद्रता करने और वीडियो वायरल कर उनकी पहचान उजागर करने वाले हैदरी दल के सदस्यों पर कोतवाली पुलिस ने एसआई नितीश राणा की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। साइबर सेल मामले की जांच कर रही है।

गांधी उद्यान में शनिवार को समुदाय विशेष की कुछ युवतियां दोस्तों के साथ घूमने आईं थी। इस दौरान कुछ लोग वहां पहुंचे और कहा कि वे हैदरी दल के सदस्य हैं। युवतियों से उनका नाम, पिता का नाम और धर्म पूछते हुए वीडियो बनाते रहे। युवतियां वहां से हटने लगीं तो आरोपी धमकाने लगे। युवतियों के हिजाब पहनने पर भी ऐतराज जताया। कुछ देर बाद आरोपियों ने इंस्टाग्राम आईडी पर वीडियो वायरल कर दिए। इसकी शिकायत हिंमाशु पटेल ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर की थी।

शिकायत के बाद आरोपियों ने वीडियो डिलीट करके इंस्टाग्राम पर स्टेट्स लगाया। शिकायत के बाद एसएसपी अनुराग आर्य ने मामले को गंभीरता से लिया और थाना कोतवाली पुलिस को रिपोर्ट दर्ज कराने के निर्देश दिए। एसएसपी के निर्देश पर कोतवाली में तैनात दरोगा नितीश राणा ने कोतवाली में इंस्टाग्राम आईडी सोफियान के खिलाफ तहरीर दी। कोतवाली इंस्पेक्टर अमित पांडेय ने बताया कि आईडी के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# भावनाओं को अधिक बहने की अनुमति नहीं दे सकते

- प्रधानमंत्री पर अभद्र पोस्ट के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट का प्राथमिकी रद्द करने से इनकार

प्रयागराज, एजेंसी

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ सोशल मीडिया पर अपमानजनक पोस्ट करने के लिए आरोपी अजीत यादव के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी रद्द करने से मना कर दिया है।

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील ने दलील दी कि पोस्ट भावनाओं में बहकर किया गया है। इस पर न्यायमूर्ति जेजे मुनीर और न्यायमूर्ति अनिल कुमार की खंडपीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता के पोस्ट में भारत सरकार के मुखिया के खिलाफ अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया गया है।

अदालत ने तीन जून को दिए निर्णय में कहा कि भावनाओं को इस हद तक नहीं बहने दिया जा सकता कि इस देश के संवैधानिक अधिकारियों के खिलाफ अपमानजनक शब्दों का उपयोग कर उन्हें बदनाम किया जाए। याचिकाकर्ता अजीत यादव ने फेसबुक पर तीन पोस्ट किए थे जिसमें प्रधानमंत्री के लिए अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया है।

# चलने-फिरने में लाचार हो चुका माइलो अब फिर लगा रहा दौड़

## रचा इतिहास : आईवीआरआई के वैज्ञानिकों ने स्वदेशी तकनीक से कुत्ते के कूल्हे का किया सफल प्रत्यारोपण

- डॉ. रोहित कुमार और टीम ने करीब साढ़े चार घंटे के जटिल ऑपरेशन से हासिल की सफलता
- वैज्ञानिकों ने आर्टिफिशियल हिप बनाने के लिए लगभग 3 वर्षों तक किया था अध्ययन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** भारतीय पशु अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिकों ने देश में पहली बार स्वदेशी तकनीक से लेब्राडोर प्रजाति के कुत्ते का कूल्हा प्रत्यारोपण किया। इसके चलते खटीमा के युगल का चलने-फिरने में लाचार हो चुका लेब्राडोर प्रजाति का कुत्ता माइलो एक बार फिर अपने पैरों पर दौड़ने लगा है।

आईवीआरआई के वैज्ञानिक डिस्लोकेटेड हिप को रिप्लेस करने के लिए आर्टिफिशियल हिप बनाने पर करीब तीन साल से काम कर रहे थे। वैज्ञानिकों की सलाह पर युगल ने माइलो के कूल्हा प्रत्यारोपण पर सहमति जताई। करीब एक घंटे तक चली शल्य प्रक्रिया के दौरान पॉलीइथाइलीन नामक पदार्थ से ज्वाइंट बनाकर कूल्हे का प्रत्यारोपण किया। वैज्ञानिकों का दावा है कि ऑपरेशन के तीन दिन बाद ही माइलो चलने-दौड़ने लगा। खटीमा निवासी युगल के अनुसार बाहर घूमाने के दौरान माइलो का पैर अचानक गड्ढे में आ जाने से वह लड़खड़ाने लगा।



अधिक दर्द होने की स्थिति में माइलो को पहले पंतनगर ले गए। पंतनगर में वेटेनरी डॉक्टर ने एक्सरे व अन्य जांच रिपोर्ट के आधार पर बताया कि माइलो का हिप डिस्लोकेट हो गया है। वेटेनरी डॉक्टर ने ही बरेली स्थित भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान के लिए रेफर किया। माइलो को आईवीआरआई लेकर पहुंचे तो चिकित्सकों ने कूल्हा प्रत्यारोपण की सलाह दी। डॉ. रोहित कुमार के नेतृत्व में टीम ने करीब साढ़े चार घंटे के जटिल ऑपरेशन के बाद माइलो का कूल्हा प्रत्यारोपण सफलता से पूरा किया। अब माइलो पूरी तरह स्वस्थ है। संस्थान के शल्य विभाग के वैज्ञानिक डॉ. रोहित कुमार ने बताया कि माइलो का हिप डिस्लोकेट होने से हिप ज्वाइंट, कैप्सूल से बाहर आ गया था। इससे माइलो की फीमर हड्डी एसीटाबुलम कैवटी से बाहर आ गई। इससे चलने-फिरने में लाचार हो गया था। जटिल ऑपरेशन के दौरान खराब कैप्सूल को निकालकर फीमर हड्डी के लिए उसी आकार की पॉलीइथाइलीन कैवटी बनाकर उसे माइलो के शरीर में प्रत्यारोपित किया गया।

डॉ. रोहित कुमार ने बताया कि पहला प्रत्यारोपण माइलो में सफल होने के बाद अब तक दो अन्य कुत्तों में भी प्रत्यारोपण किया गया। एक बरेली निवासी के लेब्राडोर प्रजाति में किया गया, जबकि दूसरा प्रत्यारोपण संभल पुलिस के जर्मन शेफर्ड प्रजाति के कुत्ते में किया गया है।

### विदेश में खर्चा 5 लाख, स्वदेशी तकनीक में 30 हजार

विदेशों में कुत्तों के कूल्हे के प्रत्यारोपण पर करीब पांच लाख रुपये का खर्चा आता है। माइलो के कूल्हा प्रत्यारोपण में करीब 30 हजार रुपये का खर्चा आया। डॉ. रोहित ने बताया कि ये स्वदेशी तकनीक पूरी तरह से सुरक्षित और किफायती है। बाजार में आने के बाद भी इसका खर्च 30-40 हजार रुपये तक हो सकता है।

# रिटर्न दाखिल करने में हीलाहवाली अब व्यापारियों को पड़ेगी भारी

## मंडल में डेढ़ लाख जीएसटी करदाता, सबसे अधिक बरेली में 75 हजार, जीएसटी रिटर्न दाखिल करने के नियमों में जुलाई से बदलाव, सीए ने सराहा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- व्यापारियों को हर तिमाही में दाखिल करना होगा रिटर्न

**अमृत विचार :** अब जीएसटी रिटर्न दाखिल करने में व्यापारियों की मनमानी नहीं चलेगी। लेटलतीफी करने पर उन्हें मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। सरकार की ओर से जुलाई से रिटर्न दाखिल करने के नियमों में किए जा रहे बदलावों का असर स्थानीय स्तर पर भी पड़ेगा। सरकार के इस फैसले की सीए (चार्टर्ड अकाउंटेंट) सराहना करते हुए स्वागत योग्य बता रहे हैं।

अपर आयुक्त राज्यकर ग्रेड-1 ओपी तिवारी के अनुसार मंडल के बरेली, बदायूं, शाहजहांपुर, पीलीभीत में करीब एक लाख 53 हजार कर दाता हैं, जिन्होंने जीएसटी में पंजीकरण करा रखा है। हालांकि, इसमें सबसे ज्यादा बरेली में 75 हजार के करीब करदाता हैं।

जीएसटी के नियमों के अनुसार, व्यापारियों को हर तिमाही और वार्षिक रिटर्न दाखिल करना होता है, जिसमें वह तीन माह और साल भर के व्यापार की स्थिति का लेखा-जोखा जमा करते हैं और इसी आधार पर सरकार को राज्य कर जमा करते हैं, मगर बड़ी संख्या में ऐसे भी व्यापारी हैं जो समय से रिटर्न फाइल नहीं करते हैं।

ऐसे में टैक्स जमा करने में भी लेटलतीफी होती है। नियमों के उल्लंघन पर जुर्माना और ब्याज लगाने की कार्रवाई की जाती है, लेकिन इसके बाद भी व्यापारियों की हीलाहवाली नहीं रुकती है। कई-कई साल बीतने के बाद भी रिटर्न नहीं जमा करते हैं। इसी को लेकर सरकार सख्ती बरतने जा रही है। जुलाई से जीएसटी जमा करने के नियमों में बदलाव हो जाएगा। इसके बाद निर्धारित तारीख से तीन साल पुराना रिटर्न व्यापारी जमा नहीं कर सकेंगे। नए नियम लागू होने के बाद लेटलतीफी करने पर व्यापारियों की मुश्किलें बढ़नी तय मानी जा रहीं हैं।



सरकार का बहुत अच्छा प्रयास है। नियमों का पालन कराने के लिए सख्ती बरतनी ही पड़ती है। समय से रिटर्न जमा न करने से व्यापारियों से फर्म पर सामान की खरीदारी करने वाले के क्रेडिट पर भी असर पड़ता है। नियमों में बदलाव होने से रिटर्न जमा करने में हीलाहवाली करने वालों के लिए मुश्किलें बढ़ेंगी। नोटिसें जारी होने के साथ ही कानूनी शिकंजा भी कसेगा। बहुत से व्यापारी लेट होने पर सरकार की ब्याज माफी जैसी योजना का इंतजार करते हैं, इससे और लेटलतीफी होती है।
**-पवन अग्रवाल**, सीए



सरकार का फैसला स्वागत और सराहनीय है। समय से रिटर्न जमा करने और नहीं जमा करने वाले सभी व्यापारियों को एक दायरे में लाने की भी कोशिश है। व्यापार करने के लिए नियमों के अनुसार ही चलना पड़ेगा। सरकार का यही उद्देश्य है। व्यापारियों को समय से रिटर्न दाखिल करना चाहिए, जिससे वे डिफाल्टर की श्रेणी में नहीं आ सके। लापरवाही पर भी रोक लगेगी।
**-राजा चावला**, सीए



तीन साल से कितने लोगों ने रिटर्न दाखिल नहीं किया है, इसकी जानकारी जुटाई जाएगी। सभी व्यापारियों को पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से काम करने के लिए रिटर्न समय से दाखिल करना चाहिए। जीएसटी करदाताओं से अपील है कि रिकॉर्ड का मिलान करते हुए अगर तीन साल पुराना रिटर्न है तो जुलाई से पहले अवश्य जमा कर दें।
**-ओपी तिवारी**, अपर आयुक्त राज्यकर ग्रेड-1

### आज का मौसम



आसमान साफ रहने और तेज धूप खिलने के आसार

41.0° अधिकतम तापमान | 27.0° न्यूनतम तापमान

### शहर में आज

- माधोवाड़ी स्थित रामायण मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा शाम 6 :30 बजे।
- सदर तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस सुबह 10 बजे।
- भगवान वेंक्टेश्वर मंदिर की 55 वां वार्षिक उत्सव पटेल नगर तिरुपति बालाजी मंदिर में सुबह 11 बजे।
- सम्राट मिहिर भोज समाज पार्टी की ओर से मुंशी नगर कॉलोनी में टूटी सड़कों को लेकर नगर निगम में धरना प्रदर्शन सुबह 11 बजे।
- अग्रवाल परिवार की ओर से श्रीमद् भागवत कथा सत्यम बरात घर संजय नगर में शाम 5 बजे।

### एक नजर

#### काम कराने के लिए की खुदाई और फिर छोड़े गड्ढे



**बरेली, अमृत विचार :** स्मार्ट सिटी में गड्ढे खतरा बने हुए हैं, अगर जरा सी नजर चूकी तो हादसा होना तय है। सड़क और फुटपाथ के गड्ढे काफी समय तक भरे नहीं जा रहे हैं। इसके लिए जिम्मेदार अधिकारी गंभीर नहीं है। पुलिस लाइन गेट से चौपुला तक बिजली की केबल डालने के लिए फुटपाथ खोदा गया। केबल डलने के बाद फिर फुटपाथ बना दिया गया लेकिन कई जगह गड्ढे हो गए हैं। इन गड्ढों के पास से रोजाना काफी संख्या में लोग गुजरते हैं। सबसे अधिक परेशानी रात के समय होती है। अगर पुल पर लगी लाइट गुल हो जाती है तो गड्ढे नजर नहीं आते हैं। इसके कारण हादसा होने का डर बना हुआ है।

#### सीवर लाइन के लिए की खुदाई, सड़क हुई खराब

कालीबाड़ी रोड पर सिकलापुर को जाने वाली गली करीब छह माह पहले बनी थी लेकिन यहां पर सीवर लाइन की ब्रांच डालने के लिए खुदाई की गई लेकिन काम पूरा होने के बाद इसे बेतरतीब तरीके से छोड़ दिया गया है। इसी तरह नावल्टी चौराहे के पास सड़क की खुदाई करने के बाद छोड़ दिया गया है। इसके कारण लोगों को परेशानी हो रही है।

# संकट में किला नदी : अतिक्रमण चिह्नित किए पर कार्रवाई तीन साल बाद भी नहीं

## अफसरों की अनदेखी की वजह से शहर की लाइफ लाइन रही किला नदी अतिक्रमण की भेंट चढ़ गई

पड़ताल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- अमृत विचार की टीम ने नदी की स्थिति परखी तो कई स्थानों पर कब्जों के साथ और कूड़ा-करकट से पटी मिली
- डीएम के शनिवार को निरीक्षण करने के बाद किला नदी के अतिक्रमणकारियों से मुक्त होने की उम्मीद जगी

**अमृत विचार :** शहरवासियों के लिए कभी लाइफलाइन कही जाने वाली किला नदी संकट में है। प्रशासनिक अनदेखी की वजह से इसका अस्तित्व समाप्त होने की कगार पर है। किला नदी अतिक्रमण की भेंट चढ़ गई। जो कुछ कसर बची वह कूड़ा और पॉलीथिन ने पूरी कर दी। जिलाधिकारी के शनिवार के निरीक्षण के बाद अमृत विचार की टीम ने रविवार को नदी की स्थिति की पड़ताल की तो कई स्थानों पर पक्के और कच्चे कब्जे और कूड़ा-करकट से पटी मिली। जलकुंभी ने नदी का अस्तित्व ही बिगाड़ दिया।

किला नदी को पुनर्जीवित करने के लिए जिला प्रशासन ने तीन साल पहले नदी की भूमि पर अतिक्रमण चिह्नित कराया था। तहसील सदर की सात सदस्यीय टीम ने 2022 में 14 अक्टूबर से 1 नवंबर तक नदी की पैमाइश कर सीमांकन की रिपोर्ट तैयार की थी। रिपोर्ट में बताया गया था कि ग्राम गोविंदापुर, सैदपुर हाकिंस, स्वालेनगर, नवदिया, जसौली में किला नदी पर स्थायी और अस्थायी कब्जे हैं। एक व्यक्ति ने नदी की भूमि पर तीन मकान खड़े कर दिए। एक ने अमरूद का बाग तक खड़ा किया तो कई बाउंड्रीवाल भी नदी की भूमि पर मिली थीं।

नगर निगम क्षेत्र में प्रवाहित होने वाली नदी राजस्व ग्राम सैदपुर हाकिंस, सुर्खा छावनी के राजस्व अभिलेखों में दर्ज नहीं है, लेकिन मौके पर प्रवाहित हो रही है। इधर, जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने शनिवार को अफसरों संग किला नदी का निरीक्षण किया, इससे उम्मीद जगी है कि अब अतिक्रमणकारियों पर कार्रवाई होगी।



अतिक्रमण होने की वजह से किला नदी अब इस तरह नाले के स्वरूप में बह रही है।



किला पुल के पास किला नदी ऐसे कूड़ा-करकट से पटी है। • अमृत विचार



किला क्षेत्र में किला नदी की भूमि इस तरह से खुर्द-बुर्द कर पक्के निर्माण किए हैं।

### सिर्फ 12 जगह अपने स्थान पर बहती मिली थी नदी

तहसील सदर की टीम ने नदी भूमि की पैमाइश कर सीमांकन किया था। इसमें पाया गया कि ग्राम वाकरनगर, सुंदरासी, महलऊ, मैदापुर, सनौआ, विधौलिया, महेशपुर अटरिया, रहपुरा चौधरी, मठ लक्ष्मीपुर, मठ कमल नैनपुर, सुर्खा छावनी में देवरनियां (किला नदी) अपने स्थान पर बहती मिली थी, लेकिन नदी नाले के स्वरूप में बह रही है। सैदपुर हाकिंस, रहपुरा चौधरी, मठ लक्ष्मीपुर, मठ कमलनैनपुर, महेशपुर अटरिया, स्वालेनगर नवदिया, सुर्खा छावनी, जसौली, मैदापुर में नदी की भूमि पर ज्यादा कब्जे हैं। रिपोर्ट के बाद भी चिह्नित कब्जों को हटाने के लिए जिला प्रशासन ने कार्रवाई नहीं की।

### इन क्षेत्रों में अवैध निर्माण, अतिक्रमणकारियों के नाम गायब

सैदपुर हाकिंस में गाटा संख्या 123 में 0 .240 हेक्टेयर क्षेत्रफल में अस्थायी अतिक्रमण मिला था।अतिक्रमणकारी का नाम नहीं खोला। इसी क्षेत्र में गाटा संख्या 391 में 0 .053 हेक्टेयर क्षेत्रफल में स्थायी अतिक्रमण मिला। यहां तीन मकान और दो बुनियाद बनाई गई थीं, लेकिन रिपोर्ट में अतिक्रमणकारियों के नाम अज्ञात में दिखाए थे। गाटा संख्या 886 व 887 के 0 .013 और 0 .006 हेक्टेयर में स्थायी बाउंड्रीवॉल बनी मिली। अतिक्रमणकारी का नाम अज्ञात में था। स्वालेनगर नवदिया में गाटा संख्या 80 में 0 .005 हेक्टेयर पर अतिक्रमणकारी ने पन्नी डाली थी, अब पक्का निर्माण हो गया। जसौली ए बाहर चुंगी में गाटा संख्या 227 में 0 .898 हेक्टेयर में अस्थायी अतिक्रमण मिला था।

# लीलौर झील का डीएम ने किया निरीक्षण, होगा सौंदर्यीकरण

संवाददाता, बरेली/आंवला

- झील की वर्तमान स्थिति को देखा नियमित सफाई के दिए निर्देश
- पौधों की देखरेख, जल संरक्षण व क्षेत्र को हरित रखने को कहा

**अमृत विचार :** डीएम अविनाश सिंह ने रविवार को अफसरों के साथ रामनगर ब्लॉक में लीलौर झील का निरीक्षण किया। उन्होंने झील की मौजूदा स्थिति, स्वच्छता एवं जल स्तर का जायजा लिया। डीएम ने झील का सौंदर्यीकरण कराने और गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए आगणन तैयार करने के निर्देश दिए।

डीएम दोपहर सीडीओ देवयानी, नगर आयुक्त संजीव मौर्य, एसडीएम आंवला नहने राम के साथ लीलौर झील देखने पहुंचे। उन्होंने निर्देश दिए कि झील के किनारे पौधे लगाएं। झील में वाटर रीचार्ज सिस्टम लगाएं, जिससे कि लगातार झील में पानी आता रहे। झील की साफ-सफाई भी समय-समय पर कराई जाए। झील को और अधिक सुंदर, आकर्षक बनाने की दिशा में सौंदर्यीकरण का जो भी कार्य कराएं, उसकी गुणवत्ता उचित रखें, ताकि झील और भी खूबसूरत लगे।

निरीक्षण के दौरान पाया कि कई जगहों पर झील का बांध कटा हुआ है। इस पर एसडीएम को बांध सही कराने के निर्देश दिए। डीएम ने रामनगर ब्लॉक के लीलौर सहसा गांव में पौधरोपण किया। ग्रामीणों से अपील की कि इसे लगातार पानी देते रहें, जिससे कि यह फल दे सके। दरअसल, लीलौर झील ऐतिहासिक और पौराणिक झील कही जाती है। कहा जाता है कि इसी जगह पर महाभारत काल में पांडवों और यक्ष के बीच संवाद हुआ था। युधिष्ठिर ने इसी झील में खड़े होकर यक्ष के प्रश्नों के उत्तर दिए थे।

### गोवंशों को पकड़वाने और टूटी सड़कों को सही कराने के निर्देश

निरीक्षण के बाद डीएम ने लीलौर सहसा गांव में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। ग्रामीणों ने निराश्रित गोवंशों की समस्या रखी, जो आए दिन फसलों का नुकसान करते हैं, जिस पर डीएम ने एसडीएम आंवला को निर्देश दिए कि मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से वार्ता कर गोवंशों को पकड़वाकर गोशाला भिजवाएं। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में जल जीवन मिशन का कार्य जिन जगहों पर हुआ है, वहां सड़कें टूटी हैं। डीएम ने एसडीएम को निर्देश दिए कि संबंधित के माध्यम से शीघ्र सड़कें सही कराएं।



रामनगर ब्लॉक में लीलौर झील का निरीक्षण करते डीएम अविनाश सिंह।

### सुभाषनगर पुलिया पर नाला चोक होने से सड़क पर जलभराव



सुभाषनगर पुलिया के पास नाला चोक होने से सड़क पर जलभराव हो गया है। इसके कारण लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नगर निगम ने नाले की सफाई कराने की योजना बनाई है। इसके लिए तीन दिनों तक पुलिया बंद रखने की तैयार की जा रही है। यहां से रोजाना सैकड़ों लोग गुजरते हैं। यह समस्या करीब दो दशक से अधिक समय से है लेकिन अब तक निदान नहीं हो पाया है। कई बार प्रयास हुए लेकिन धरातल पर काम नहीं हुआ है। • अमृत विचार

# ब्लैक लिस्ट फर्म को ठेका देने के दोषियों पर कार्रवाई की तैयारी

## फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र लगाने में ब्लैक लिस्टेड होने के बाद भी नगर निगम में दिया गया सवा पांच करोड़ का ठेका

कार्यालय संवाददात, बरेली

- दोषी अधिकारियों और फर्म पर हो सकती है इसी सप्ताह कार्रवाई
- टेंडर की शर्तों की अनदेखी करने में फंसे नगर निगम के अधिकारी

**अमृत विचार :** स्मार्ट सिटी लिमिटेड कंपनी से करीब पांच साल पहले ब्लैक लिस्टेड हुई फर्म को नगर निगम में सवा पांच करोड़ रुपये का ठेका देने के मामले में दो अफसर जांच के घेरे में आ गए हैं। जांच समिति के रिपोर्ट आधार पर इन के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो सकती है, जबकि फर्म को नगर निगम से ब्लैक लिस्टेड किया जा सकता है। जांच रिपोर्ट में कुछ अफसरों की भूमिका गलत पाए जाने पर अधिकारी सख्त रुख अख्तियार करने की तैयारी में है।

आगरा की परमार कंस्ट्रक्शन को वर्ष 2024 में नगर निगम के उद्यान विभाग में डिवाइडर, पार्क आदि स्थानों पर लगे पौधों की देखभाल, सिंचाई आदि का टेंडर मिला था, जबकि इस फर्म को स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने 3 अक्टूबर 2020 में फर्जी अनुभव प्रमाणपत्र लगाकर टेंडर हासिल करने के आरोप में ब्लैक लिस्टेड कर दिया गया था। तत्कालीन नगर आयुक्त व स्मार्ट सिटी लिमिटेड कंपनी के सीईओ अभिषेक आनंद के आदेश पर आगरा की परमार कंस्ट्रक्शन की जमानत राशि भी जब्त कर ली गई थी। इसके बाद भी नगर निगम के अधिकारियों ने 5 नवंबर 2024 को टेंडर की शर्तों में हेरफेर करके 5.28 करोड़ रुपये का ठेका दे दिया। टेंडर के अनुसार इसे दो साल तक 125 माली व कर्मचारी रखकर शहर के 320 पार्कों और 22 डिवाइडरों पर लगे पौधों की देखभाल करनी है।

फर्म का फर्जीवाड़ा अप्रैल 2025 में खुलने के बाद नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने जांच बैठा दी और फर्म को काम करने से रोक दिया गया है। जांच कमेटी में उप नगर आयुक्त पूजा त्रिपाठी, मुख्य अभियंता मनीष अवस्थी, लेखाधिकारी अनुराग सिंह को शामिल गया है। अब जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर कंपनी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई होने की संभावना जताई जा रही है। निगम के सूत्रों के अनुसार दो अधिकारियों तक जांच की आंच पहुंच सकती है। टेंडर समिति में तत्कालीन अपर नगर आयुक्त सहित कई अन्य अधिकारी थे। नगर आयुक्त ने फर्म को नोटिस देकर जवाब मांगा था लेकिन सही जवाब नहीं मिला है। अब कार्रवाई की तैयारी की सुगबुगाहट गड़बड़ी करने वाले अधिकारियों और फर्म तक पहुंची है तो हड़कंप मच गया है।

### फर्म ने छिपा ली ब्लैक लिस्टेड होने की जानकारी

जांच के दौरान यह बात सामने आई है कि फर्म ने ब्लैक लिस्टेड होने की बात को टेंडर लेते समय छिपा लिया। शपथ पत्र में भी इसकी जानकारी नहीं दी है, जबकि कुछ अधिकारियों को इसके बारे में जानकारी थी, लेकिन वह भी झूठी बातों को अनदेखी कर दिए। इसके कारण वह टेंडर लेने में कामयाब हो गई। इसे साफ जाहिर होता है कि विभागीय मिलीभगत रही है।

> जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। जो भी दोषी होगा पर नियमानुसार कार्रवाई होगी। – **संजीव कुमार मौर्य**

# निगम का प्रत्येक घर तक हाउस टैक्स बिल पहुंचाने पर जोर

- 30 जून तक बिल पहुंचाने के लिए जोनवार दी जिम्मेदारी
- डिजिटल भुगतान पर एक प्रतिशत अतिरिक्त छूट का लाभ

**बरेली, अमृत विचार:** नगर निगम के हाउस टैक्स विभाग ने 30 जून तक सभी भवनस्वामियों के पास बिल पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके लिए जोनवार जिम्मेदारी दी गई है। 1 जुलाई से वसूली अभियान तेज किया जाएगा।

इस बार विभाग को वसूली का करीब 150 करोड़ रुपये का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए सभी वार्डों में 40 आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को बिल भेजने की जिम्मेदारी दी गई है। विभाग का दावा है कि इसी महीने सभी घरों तक बिल पहुंचा दिया जाएगा। करीब 1.80 लाख भवनों में अभी करीब 80 हजार भवन स्वामियों को बिल नहीं मिल पाया है। इसको देखते हुए हर रोज दो से तीन हजार भवनस्वामियों से कर्मचारियों को संपर्क करने का निर्देश अधिकारियों ने दिया है। जोन वार सभी अधिकारियों को वसूली करने पर नजर रखने के लिए कहा गया है। राजस्व निरीक्षकों को क्षेत्र के बड़े बकायेदारों को नोटिस देकर टैक्स जमा कराने का लक्ष्य दिया गया है। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी प्रदीप मिश्र ने बताया कि लोगों को भी चाहिए कि समय से बकाया जमा करें, ताकि उनको छूट का फायदा मिल सकें। आने वाले समय में वार्डों में वसूली के लिए शिविर भी लगाए जाएंगे। लोग अधिक से अधिक डिजिटल भुगतान कर एक प्रतिशत अतिरिक्त छूट का लाभ ले सकते हैं।

# बारिश से पहले फ्लाईओवर का अधिकतर काम निपटाने की तैयारी

## दिल्ली-लखनऊ हाईवे को जोड़ने वाले बड़ा बाईपास स्थित नवदिया झादा में बन रहे फ्लाईओवर के काम में आई तेजी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सर्विस रोड के बाद एक साथ पांच स्थानों पर पिलर बनाने का काम भी हुआ शुरू
- एनएचएआई के पीडी का दावा निर्धारित समय 31 मार्च 2026 तक पूरा हो जाएगा काम

**अमृत विचार :** आने वाले दिनों में बारिश नवदिया झादा में बन रहे निर्माणाधीन फ्लाईओवर में बाधा डाल सकती है। इसके मद्देनजर एनएचएआई फ्लाईओवर के निर्माण से जुड़े अधिकांश जमीनी कार्य बारिश से पहले पूरा करने में तेजी से जुटा हुआ है।

सर्विस रोड का काम काफी हद तक पूरा होने पर नवदिया झादा से दिल्ली की ओर पांच स्थानों पर पाइलिंग (फाउंडेशन निर्माण) का काम पूरा कर पिलर बनाने का काम शुरू कर दिया है। एनएचएआई के अफसर निर्धारित समय 31 मार्च 2026 तक फ्लाईओवर का निर्माण पूरा करने का दावा कर रहे हैं।

बता दें, दिल्ली-लखनऊ हाईवे को जोड़ने वाले बड़ा बाईपास पर ब्लैक स्पॉट घोषित नवदिया झादा में 30 करोड़ रुपये की लागत से 980 मीटर लंबे सिक्सलेन फ्लाईओवर का निर्माण नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) का मुरादाबाद डिवीजन करा रहा है। काम जनवरी में शुरू होना था, लेकिन इसकी जद में आ रहे 560 पेड़ों के न हटने की वजह से इसमें देरी हुई। प्रशासनिक अधिकारियों के हस्तक्षेप से अड़चन दूर होने पर अप्रैल माह के पहले सप्ताह में काम शुरू हुआ। एनएचएआई मुरादाबाद के परियोजना निदेशक अरविंद कुमार ने बताया कि फ्लाईओवर की सर्विस रोड बनाने का काम काफी हद तक पूरा हो चुका है।

फ्लाईओवर निर्माण में पाइल फाउंडेशन की जो नई तकनीक अपनाई जा रही है, उसके तहत चिह्नित स्थानों पर बोरिंग करके उनमें सरिया का जाल और कंक्रीट डालकर पिलर बनाने शुरू कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि बरेली-बीसलपुर रोड अंडरपास रहेगा, जबकि शाहजहांपुर, रामपुर और नैनीताल की तरफ से आने वाले वाहन फ्लाईओवर से बिना अवरोध के गुजरते रहेंगे। काम पूरा करने के लिए डेढ़ साल का समय निर्धारित है, उससे पहले ही इसे पूरा करा लिया जाएगा।



नवदिया झादा में बन रहे फ्लाईओवर के पिलर बनाने का काम शुरू। • अमृत विचार

### हादसे-दर-हादसों में गवां रहे थे जान, इसलिए जरूरी था फ्लाईओवर का निर्माण

ब्लैक स्पॉट घोषित नवदिया झादा में हादसों में कई लोग जान गवां चुके हैं। हादसे रोकने के लिए यहां छह साल पहले फ्लाईओवर बनाने का निर्णय लिया गया था। पीडब्ल्यूडी के तत्कालीन चीफ इंजीनियर राकेश राजवंशी के कार्यकाल में एक किमी लंबे फ्लाईओवर का डिजाइन तैयार करने के साथ करीब सौ करोड़ का एस्टीमेट तैयार किया गया था। 2020 में तत्कालीन मंडलायुक्त रणवीर प्रसाद ने भी एनएचएआई के अध्यक्ष को पत्र भेजकर यहां फ्लाईओवर बनवाने के लिए पैरवी की थी। उन्होंने अपने पत्र में जुलाई 2017 में यहां हुए हादसों में 20 लोगों की मौत का भी जिक्र किया था। पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियंता डीके तिवारी ने भी 2020 में एनएचएआई के क्षेत्रीय अधिकारी को नवदिया झादा में फ्लाईओवर के निर्माण को महत्वपूर्ण बताते हुए स्वीकृति दिलाने का आग्रह किया था। इसके बावजूद कोई नतीजा नहीं निकला तो 2024 में फिर पैरवी की गई। मंडलायुक्त के हस्ताक्षेप पर 2024 में स्वीकृति मिलने के बाद वन विभाग की एनओसी समेत कई तरह की अड़चनें दूर करने के बाद अप्रैल में काम शुरू हो गया।

पांच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
बस "खुशबू" ही नहीं स्वाद भी है
"शुद्धता का एहसास" भी है।
हर समझदार गृहणी की पसन्द
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर
51/71, नारायण प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

# गर्मी में लोड बढ़ने पर ट्रांसफार्मर और केबल सुलगने लगी

## सुभाषनगर, महानगर और चौपुला पर गहराया बिजली का संकट, लोकल फाल्ट और ट्रिपिंग से कई इलाकों में बिजली की आवाजाही बनी रही

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी में बिजली की खपत बढ़ने से शहर में बिजली संकट और गहरा गया। ट्रांसफार्मर से लेकर बिजली केबल में सुलगने लगी हैं। बिजली आपूर्ति बाधित होने से उपभोक्ता बेहाल हैं। सुभाष नगर में रविवार की रात पोल में आग लग गई। चौपुला टेलीफोन एक्सचेंज के पास ट्रांसफार्मर में आग लगी। इसके साथ शहर के कई इलाकों में भी लोकल फाल्ट और ट्रिपिंग होने से उपभोक्ता परेशान होते रहे।

सुभाषनगर क्षेत्र की तिलक कॉलोनी गली नंबर 3 के बाहर बिजली पोल में रविवार की रात 9 बजे भयंकर आग लग गई, जिससे करीब 100 घरों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई, इसके अलावा सीबीगंज सब स्टेशन से जुड़े इलाकों में फेस नहीं आने की समस्या, चौपुला फीडर पर ट्रांसफार्मर में आग लगने के चलते बिजली आपूर्ति को बंद कर दी गई, जिससे उपभोक्ता परेशान हुए। डेलापीर सब स्टेशन के जुड़े इलाकों में लोकल फाल्ट और फेस नहीं आने की समस्या रही। सिविल लाइन तृतीय सब स्टेशन के कटरा चांद खां में बंच केबल अधिक लोड होने से जल गई, जिससे बिजली आपूर्ति बाधित रही।


सुभाषनगर की तिलक कॉलोनी में खंभे में लगी भीषण आग। ● अमृत विचार


आग लगने के बाद टूटे पड़े तार।

- कटरा चांद खां में अधिक लोड से जल गई बंच केबल, बिजली आपूर्ति बाधित

कुतुब खाना सब स्टेशन के बिहारीपुर झगड़े वाली मठिया के पास बिजली की समस्या रही। इज्जत नगर सब स्टेशन के कैलाशपुर में भी लोकल फाल्ट से दिक्कत हुई। सिविल लाइन प्रथम सब स्टेशन के विकास भवन के पास भी रविवार की रात 8 बजे बिजली संकट रहा। किला सब स्टेशन के बाकरगंज, बाजार संदल का, बड़ा बाजार, हुसैन बाग, गढ़ी चौकी आदि इलाकों में दिक्कत रही। रविवार की सुबह 9 बजे ट्रांसफार्मर में दिक्कत होने से कुतुबखाना सब स्टेशन के कई इलाकों में आपूर्ति ठप रही। राजेंद्र नगर और डेलापीर में रविवार शाम 7 बजे 33 केवीए की लाइन में दिक्कत आ गई। रात 9 बजे तक हजारों घरों में बिजली आपूर्ति बाधित रही।

### वनमंत्री की नाराजगी के बाद छह जेई और दो एसडीओ के किए ट्रांसफर

- शहर से देहात और देहात से शहर में किए ट्रांसफर

**बरेली, अमृत विचार :** दो दिन पहले सर्किट हाउस में बिजली की अव्यवस्था को लेकर बैठक में वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार की नाराजगी के बाद मुख्य अभियंता ने दो एसडीओ और छह जेई के तबादले कर दिए। शहर और देहात में हो रही कटौती और फाल्ट की वजह से उपभोक्ताओं को दिक्कत हो रही थी। इस व्यवस्था में सुधार लाने के लिए कुछ को शहर से देहात तो कुछ को देहात से शहर भेजा है। मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने शहर में तैनात एसडीओ राम खिलावन को कामर्शियल द्वितीय से हटाकर बहेड़ी और बहेड़ी में तैनात एसडीओ अमित गंगवार को कामर्शियल सेकंड में भेजा गया है। वहीं शहर में तैनात जेई गोविंद चौहान को राधामाधव सबस्टेशन, राकेश कुमार को नकटिया सबस्टेशन, राहुल रावत को पुन्नापुर सबस्टेशन, सुनील कुमार को कामर्शियल द्वितीय, सुशील कुमार को 33 केवी वर्टिकल और विनीत कुमार को विद्युत माध्यमिक कार्य खंड की जिम्मेदारी दी गई।

# आरसीबी की जीत पर टूटे कूलर व फर्नीचर का वीडियो वायरल

**बरेली, अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के मेन्स छात्रावास में आरसीबी की जीत पर विद्यार्थियों ने जश्न मनाया था। इस दौरान जमकर हुड़दंग किया गया था। यह वीडियो वायलर हो रहा है।

वायरल वीडियो तीन जून की रात का बताया जा रहा है। इसमें छात्र अमर्यादित तरीके से आरसीबी की जीत का जश्न मनाते हुए नजर आ रहे हैं। छात्रावास के मैदान में टूटी हुईं कुर्सी, बेंच, कूलर, मेज, कूड़ादान और पटाखे दिख रहे हैं। वहीं, पीछे विद्यार्थियों का शोर सुनाई दे रहा है। पास में कचरे के ढेर में आग लगाई गई। कुछ विद्यार्थियों ने इस वीडियो का वाट्सएप स्टेटस पर भी लगाया। बता दें कि मेन्स छात्रावास में बीटेक और बीफार्मा के विद्यार्थी रहते हैं। इसमें से सात जून को परीक्षा समाप्त होने के बाद बीटेक अंतिम वर्ष के कुछ छात्रों ने छात्रावास छोड़ दिया है। वहीं, वर्तमान में बाकी बीटेक और बीफार्मा के छात्र रह रहे हैं।

## एक नजर

### सीबीगंज में खड़ी कारों में अचानक लगी आग

**सीबीगंज, अमृत विचार :** कैंफर स्टेट कालोनी गेट स्थित हाइडिल कालोनी के बदहाल आवास परिसर में खड़ी दो कारों में रविवार को अचानक आग लग गई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। हाइडिल कालोनी में पेड़ों के नीचे बिधौलिया निवासी कार मिस्त्री साजिद और सोनू की कारें खड़ी थीं। रविवार दोपहर में करीब पौने दो बजे कारों में अचानक आग लग गई। आग की लपटों ने आसपास के क्षेत्र को भी अपने आगोश में ले लिया। अग्निशमन की दो गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाई। संभावना जताई जा रही है किसी ने बीड़ी या सिगरेट जलती हुई वहीं फेंक दी, उसी से सूखे पत्तों ने पहले आग पकड़ी फिर कारों तक आग पहुंच गई।

### कुल्हाड़ी से दरवाजा तोड़कर घर में घुसकर की मारपीट

**बरेली, अमृत विचार :** गांव बहजुईया निवासी मिश्री लाल ने गांव के ही व्यक्ति पर कुल्हाड़ी से दरवाजा तोड़कर घर में घुसकर मारपीट का आरोप लगाया है। मिश्री लाल की शिकायत पर थाना सीबीगंज पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मिश्री लाल का आरोप है कि शुक्रवार को उनके बेटे नेत्रपाल और गांव के ही सोनू में विवाद हो गया था। उस वक्त सोनू का दोस्त नवीन भी साथ था। गांव के लोगों ने पंचायत के बाद मामला शांत करा दिया, लेकिन नवीन उनके बेटे से रंजिश मानने लगा। शनिवार को शाम 7 बजे नवीन कुल्हाड़ी लेकर आया और उनका दरवाजा तोड़ते हुए घर में घुस आया और परिजनों से मारपीट करने लगा। शिकायत पर सीबीगंज पुलिस ने आरोपी नवीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### चटनी मांगने पर दुकानदार ने किया हमला

**बरेली, अमृत विचार :** समोसे की दुकान पर चटनी मांगने पर दुकानदार ने युवक के साथ गाली-गलौज की और विरोध करने पर अपने कर्मचारियों के साथ मिलकर युवक पर हमला कर दिया। युवक की शिकायत पर थाना इज्जतनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। तुलाशेरपुर निवासी राजेश पाल ने बताया कि शुक्रवार को उनका भाई टिंकू एक दुकान पर समोसे लेने के लिए गया था। समोसे लेने के बाद जब उसने दुकानदार कृष्ण कुमार से चटनी मांगी तो वह गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने दुकानदार और दुकान में काम कर रहे लोगों ने उसपर हमला कर दिया। जिससे टिंकू का सिर फट गया।

# पिता की कब्र से फातिहा पढ़कर आ रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- किला में सड़क पार करते समय बाइक ने मारी टक्कर, गम में बदल गईं ईद की खुशियां

**अमृत विचार :** ईद-उल-अजहा के मौके पर शनिवार को पिता की कब्र से फातिहा पढ़कर आ रहे माझा कारीगर को सड़क पार करते समय बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल कारीगर को परिजन जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

किला के स्वालेनगर निवासी अरमान (19) शनिवार को अपने पिता की कब्र पर फातिहा पढ़ने के लिए गया था। उसके साथ उसका दोस्त फैज भी था। रिश्तेदार आमिर ने बताया कि अरमान फैज के साथ गया था और फातिहा पढ़ने के बाद जब वह वापस आ रहा था, तभी रोड पार करते समय तेज गति से आ रही बाइक ने अरमान को टक्कर मार दी। हादसे में अरमान गंभीर रूप से घायल हो गया। फैज ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। सूचना पर पहुंचे परिजन अरमान को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। अरमान की मौत से उसकी मां सबली का रो-रोकर बुराहाल है। अरमान तीन भाइयों और दो बहनों में सबसे छोटा था। हादसे में अरमान की मौत के बाद ईद की खुशियां मातम में बदल गईं। घटना के बाद आरोपी भाग गया। पुलिस ने बाइक बरामद कर ली है।

# पांच साल की बच्ची से दुष्कर्म का आरोपी मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** पांच साल की बच्ची से दुष्कर्म करने के आरोपी को बारादरी पुलिस ने पीलीभीत बाईपास से मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के एक पैर में गोली लगी है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से तमंचा और कारतूस बरामद किया है। घायल आरोपी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बारादरी इंस्पेक्टर धनंजय पांडेय ने बताया कि क्षेत्र में रहने वाले रफीक ने शनिवार को दिन में करीब 4 बजे पड़ोस में रहने वाली बच्ची के साथ दुष्कर्म किया था। बच्ची की मां की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को पकड़ने के लिए दबिश दी, लेकिन वह मौके से फरार हो गया। मुखबिर से रविवार रात को सूचना मिली कि आरोपी रफीक पीलीभीत बाईपास पर 99 बीघा के पास कहीं जाने की फिराक में खड़ा है। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर आरोपी की घेराबंदी की। इस पर वह पुलिस टीम पर फायरिंग करने लगा। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की एक गोली आरोपी रफीक के बाएं पैर में लगी, जिससे वह घायल होकर गिर गया। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने तमंचा और कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। आरोपी रफीक मूल रूप से बदायूं जिले के सहसवान के गांव शाहबाजपुर का निवासी है।


पुलिस मुठभेड़ में घायल रफीक।

- आरोपी के पैर में लगी गोली आरोपी के कब्जे से पुलिस ने बरामद किया तमंचा और कारतूस

# घर में घुसकर दबंग ने शिक्षक के बुजुर्ग माता-पिता को धमकाया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सदमे में बुजुर्ग दंपती, शिक्षक ने अतिक्रमण की शिकायत की थी

**अमृत विचार :** शिक्षक के घर के पास पड़ोसी ने अतिक्रमण कर लिया। शिक्षक की शिकायत पर नगर निगम ने अतिक्रमण हटा दिया। इससे नाराज पड़ोसी ने शिक्षक के घर में घुसकर बुजुर्ग माता-पिता को धमकी दी, जिससे दोनों सदमे में हैं। शिक्षक की शिकायत पर थाना सुभाषनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

शांति विहार होली चौक निवासी शिक्षक अमित शर्मा ने बताया कि वर्तमान में उनकी तैनाती बदायूं में है। उनके पड़ोस में दीपक गुप्ता ने सड़क पर अनधिकृत रूप से कब्जा कर काउंटर लगा लिया है। उनकी शिकायत पर नगर निगम की टीम ने 16 मई को काउंटर हटा दिया। इससे दीपक उनसे रंजिश मानने लगा और लगातार उनके परिवार को परेशान करता है। कुछ दिन पहले वह घर पर नहीं थे कि तभी दीपक ने उनके घर में घुसकर 76 वर्षीय पिता और 72 वर्षीय मां को धमकी दी कि तेरे बेटे को मार दूंगा। धमकी से उनके माता-पिता सदमे में हैं। दीपक बर्गर और चाऊमीन बेचता है। आरोप है कि काउंटर पर ही वह लोगों को शराब पिलाता है। कई बार जुआ और सट्टा में भी पुलिस उसे पकड़ चुकी है।

# नहर में मिला शव था मनोज का, दोस्त पर हत्या का आरोप

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- परिजनों का आरोप दोस्त ने घर पर नहीं दी थी सूचना

**अमृत विचार :** पीलीभीत के दियोरिया थाना क्षेत्र में इलाबास देव स्थान के पास निगोही ब्रांच नहर में शनिवार को मिले शव की शिनाख्त हो गई है। मृतक बरेली के थाना बारादरी क्षेत्र का मनोज है। परिजनों का आरोप है कि मनोज की हत्या करके शव नहर में फेका गया है।


मनोज। (फाइल फोटो)

गंगापुर निवासी गुंजन राणा ने बताया कि मनोज पुत्र भूरा उनका भतीजा है। शुक्रवार को मनोज मोहल्ले के एक युवक और कुछ अज्ञात युवकों के साथ पीलीभीत के दियोरिया थाना क्षेत्र में इलाबास देव मंदिर पर लगने वाले मेले को देखने के लिए ऑटो से गया था, लेकिन वह वापस नहीं आया। शनिवार को उसका शव देव स्थान से कुछ दूरी पर मिला था। हाथ पर लिखे मनोज नाम से उसकी शिनाख्त हो सकी। गुंजन ने बताया कि जिस दोस्त के साथ मनोज गया था, उसी ने उसकी हत्या करके शव फेंक दिया है। यदि ऐसा नहीं था तो उसने घर आकर मनोज के बारे में कुछ क्यों नहीं बताया। हालांकि परिजनों ने अभी थाने पर तहरीर नहीं दी है। वहीं दियोरिया पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामले का खुलासा हो सकेगा।

# पांच साल बाद मिला लापता पति पत्नी ने नहीं तोड़ा सिंदूर का विश्वास

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पांच साल पहले अपने घर कुशीनगर से लापता हो गए थे रविन्द्र

**अमृत विचार :** मानसिक बीमारी झेल रहे रविन्द्र (काल्पनिक नाम) पांच साल पहले अपने घर कुशीनगर से लापता हो गए थे। परिजनों ने तलाश की लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इस दौरान गांव वालों ने उनकी पत्नी को सिंदूर हटाने और श्रृंगार त्यागने की सलाह दी पर पत्नी ने हार नहीं मानी। उसका विश्वास था कि एक दिन उसका पति जरूर लौटेगा और पांच साल बाद उसका पति वापस मिल गया।

15 जून 2024 को थाना बिथरी चैनपुर क्षेत्र में शाहजहांपुर रोड पर मानसिक रूप से विचलित हालत में रविन्द्र मिले थे। उन्हें मनोसमर्पण सेवा संस्थान ने यूपी 112 की मदद से रेस्क्यू किया और 20 जून 2024 को न्यायालय के आदेश पर उन्हें मानसिक चिकित्सालय बरेली में भर्ती कराया गया। एक साल तक चले उपचार और काउंसलिंग के बाद जब उनकी मानसिक स्थिति में सुधार हुआ तो उन्होंने अपना पता बताया और घर लौटने की इच्छा जाहिर की।

इसके बाद मनोसमर्पण की टीम ने कुशीनगर जाकर परिवार को खोज निकाला। पत्नी को जब इसकी सूचना मिली तो उसकी आंखों से खुशी के आंसू छलक पड़े। उसने बताया कि वह पांच साल से पति की प्रतीक्षा कर रही थी और तमाम तानों और सामाजिक दबावों के बावजूद उसने सिंदूर नहीं हटाया। मानसिक चिकित्सालय की निदेशक डॉ. पुष्पा पंत त्रिपाठी और डॉ. आलोक शुक्ला के निर्देश पर रविन्द्र को पत्नी के सुपुर्द किया गया। साइकोलॉजिस्ट शैलेश शर्मा ने कहा कि यह घटना बताती है कि समाज में मानसिक बीमारियों को लेकर जागरूकता और सहानुभूति जरूरी है, ताकि समय रहते सही इलाज मिल सके।

# इंस्टाग्राम पर युवती की फर्जी आईडी बनाकर फोटो किए अपलोड

**बरेली, अमृत विचारः** इंस्टाग्राम पर युवती के नाम से फर्जी आईडी बनाकर एक व्यक्ति ने उसके फोटो और वीडियो अपलोड कर वायरल कर दिए। युवती ने कोतवाली में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

युवती के मुताबिक इंस्टाग्राम पर फोटो और वीडियो वायरल होने से उसकी समाज में बदनामी हो रही है।


उसने पुलिस ने आईडी बंद कराने की भी मांग की है। पुलिस ने मामला साइबर सेल को सौंप दिया है।

# पुलिस चौकी के पास कार सवारों ने दो युवकों को पीटा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने कार सवार युवक को हिरासत में लिया

**अमृत विचार :** जंक्शन रोड पर चौकी से चंद कदम की दूरी पर कार सवार युवकों ने दो लोगों को बीच रोड पर गिरा गिरा कर पीटा। इसी दौरान किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद कोतवाली पुलिस ने कार सवार युवक को हिरासत में ले लिया है। वीडियो शनिवार शाम का बताया जा रहा है।


जंक्शन चौकी के पास युवक को पीटता दबंग। ● अमृत विचार

कोतवाली पुलिस ने बताया कि शनिवार शाम को आशापुरम कॉलोनी निवासी शिवम साहनी अपनी कार से जंक्शन जा रहे थे। इसी दौरान चौकी के सामने शराब के नशे में दो युवक स्कूटी लिए खड़े थे। पीछे से शिवम साहनी पहुंच गए। उन्होंने दोनों युवकों को साइड से हटने को कहा। इस पर स्कूटी सवार गाली गलौज करने लगे। विवाद बढ़ने पर शिवम और उनके साथियों ने स्कूटी सवार दोनों युवकों को जमकर पीटा। जिसका वहां मौजूद कुछ लोगों ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। इसके बाद पुलिस ने शिवम साहनी को हिरासत में लिया है। स्कूटी सवार लोगों का पता नहीं चला है। इंस्पेक्टर कोतवाली अमित पांडेय ने बताया कि वीडियो में मारपीट कर रहे शिवम साहनी के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

बरेली उद्योग जगत के गौरव



सी.ए. श्री दिनेश गोयल जी
को इंडियन इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन
का राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने पर
हार्दिक शुभकामनाएं


Anil Agarwal
Dhruv Amusement Limited


Anupam Kapoor
Shree Siddhi Vinayak Trust


Ashok Goel
Ashoka Foam


Ashok Agarwal
AKC Hyundai


Bimal Rewari
Krishna Packaging Industries


Dilip Khandelwal
Khandelwal Edible Oils Ltd.


Ghanshyam Khandelwal
BL Agro Industries Ltd.


Hardeep Singh Oberoi
Tarun Alum Pvt. Ltd.


Kishore Katru
Ramayan Auto Financiers Limited


Manoj Punjabi
Mother Food Products


Mukesh Gupta
Future University


Narendra Gupta
Selection Point Bazar Ltd.


Piyush Agarwal
Kumar Agencies


Dr. Rajeev Goyal
Shree Vijayraj Hospital


Rajeev Shinghal
Pragati Financial Services


Rajesh Agarwal
Neostar Reality Pvt. Ltd.


Ravi Prakash Agarwal
Sadhya Products Pvt. Ltd.


Ravi Agarwal
Sarnath Finance Limited


Shekhar Agarwal
Shankar Rice & Plywood Industries


S.K. Singh
Dhananjai Warehousing


Suresh Sundrani
Param Engineers Pvt. Ltd.


Dr. Vinay Khandelwal
Khandelwal College of Mgt. Science & Tech.


Dr. Vinod Pagrani
Khushlok Hospital


Vinod Grover
Vinod Soap Factory

प्रवेश प्रारम्भ
चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
रजऊपरसपुर (बरेली) उ.प्र.
चिकित्सा के क्षेत्र में उज्जवल भविष्य बनाने हेतु उत्तम संस्थान
• उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
• सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
• सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति
स्थान सीमित शीघ्र प्रवेश लें
GNM (जनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाइफरी) 3 Years (इंटरमीडिएट)
आयुष्मान भारत योजना एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना में निःशुल्क इलाज
विशेष सुविधाएं
• मेडिक्लेम, बीमा योजना
• ICU वेन्टीलेटर सुविधा
सिटी ऑफिस
चन्द्रलोक हॉस्पिटल
दूरबीन विधि द्वारा
• पित्त की थैली, पित्त की नली की पथरी (Lap Chole, ERCP),
गुर्दे, यूरेटर की पथरी (PCNL, URS)
• प्रोस्टेट (गदूद) (TURP, TURBT)
• रसौली, बांझपन की जाँच
• बबासीर, हर्निया का ऑपरेशन
• मेडिक्लेम • स्त्री एवं प्रसूति रोग
• सभी प्रकार की सर्जरी
• पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
• ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि।
• ICU, कार्डियक मॉनिटर, वेन्टिलेटर,
• हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सम्पर्क करें-
9458882565
9410002566
8859493000

## व्यावसायिक कोर्सों का अनिवार्य रूप से संचालन करें

**बरेली, अमृत विचार:** जिले के सभी माध्यमिक विद्यालयों में सामान्य शिक्षा के साथ-साथ 22 व्यावसायिक कोर्स शुरू किए जाएंगे। इन कोर्स के जरिए छात्र-छात्राओं को रोजगार के दृष्टि से निपुण बनाया जाएगा।

• **डीआईओएस ने प्रधानाचार्यों को दिए निर्देश**

डीआईओएस डॉ. अजीत कुमार ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट स्तर पर व्यावसायिक कोर्स के संचालन का निर्देश पहले ही दिया था लेकिन, कई विद्यालयों में यह कोर्स नहीं चल रहे हैं। व्यावसायिक पाठ्यक्रम के तहत टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी, फूड प्रॉसेसिंग, ब्यूटी एंड वेलनेस, कंस्ट्रक्शन, प्लंबिंग, रिटेल, सिक्योरिटी, फिजिकल एजुकेशन आदि पाठ्यक्रम चलाए जाएंगे। सभी प्रधानाचार्यों को अनिवार्य रूप से व्यवसायिक कोर्सों के संचालन के फिर से निर्देश दिए हैं।

# स्वदेशी का सम्मान, विदेशी सामान के बहिष्कार का संकल्प

### व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान का व्यापारी सम्मेलन आयोजित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान की ओर से रविवार को शहर में होटल में व्यापारी सम्मेलन का आयोजन हुआ, जिसमें स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने और विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार करने का संकल्प लिया गया। कई बिंदुओं पर विचार-विमर्श कर रणनीति बनाई गई। महानगर अध्यक्ष रामकृष्ण शुक्ला के नेतृत्व में बरेली मंडल, अमरोहा, गाजियाबाद, लखीमपुर खीरी आदि शहरों के व्यापारियों ने हिस्सा लिया। सम्मेलन में 70 नए व्यापारियों को संगठन से जोड़ा गया।

मुख्य अतिथि व्यापारी सुरक्षा फोरम के प्रदेश अध्यक्ष अशोक गोयल ने व्यापारियों को स्वदेशी वस्तु अपनाने और विदेशी वस्तुओं को त्यागने, महिला सम्मान और व्यापारियों की हर संभव मदद की शपथ दिलाई।



व्यापारी सम्मेलन में अतिथियों का स्वागत करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

• **बरेली समेत कई जिलों के व्यापारियों की रही सहभागिता**

उन्होंने कहा कि भारत में कल पुर्जे और लड़ाकू विमानों का निर्माण शुरू हो चुका है, ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान को युद्ध में धूल चटाने के बाद अब सबकी नजर भारत की तरफ है। भारत में निवेश के लिए तमाम देश तैयार हैं, आने वाला वक्त भारत के युवाओं का और विकास का होगा।

संरक्षक एमएल मिश्रा ने कहा कि स्वदेशी को अपनाना केवल व्यापारिक निर्णय नहीं, यह राष्ट्र सेवा का एक माध्यम है। प्रभारी रोहित जिंदल ने कहा कि विदेशी वस्तुओं को त्यागकर स्वदेशी वस्तुओं को अपनाना है। महानगर अध्यक्ष रामकृष्ण शुक्ला ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि दुकानों से वस्तु को खरीदें और स्वदेशी वस्तुओं को ही उपयोग में लाएं। दीपक द्विवेदी, प्रभजीत सिंह ने भी विचार रखे। कपिल मेहरोत्रा, प्रमोद रघुवंशी, विष्णु शुक्ला, सोनू मौर्य, हृदेश यादव, सुमित, योगेश, अभिषेक, रोहित आदि मौजूद रहे।

## नृत्यांकुर : गुरुओं व शिष्यों ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया


नृत्यांकुर में गुरु और शिष्यों ने दी मनमोहक प्रस्तुति। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार को नृत्यांकुर कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें भरतनाट्यम के गुरुओं और शिष्यों ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का आरंभ भरतनाट्यम के विद्यार्थी चिरन्य, मायरा, पर्या, बंदगी, तनिशी, भव्या, सान्वी, बॉबी, आद्या, अनंशी और अंबिका ने सरस्वती वंदना पर अपने प्रदर्शन से किया। गणेश वंदना, हनुमान चालीसा, चंद्रा चूड़ा, राजेश्वरी और शिव स्तोत्र पर कथक के विद्यार्थियों ने अपने भाव प्रदर्शित किए। भरतनाट्यम गुरु रोबिन ए और तनया भट्टाचार्य ने तुंग तरंगे गंगे और देवी दुर्गा को समर्पित शक्ति को अपने भावों से प्रदर्शित कर विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के साथ दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, ऋचा मूर्ति, डॉ. एमएस बुटोला, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. अनुज कुमार, डॉ.शैलेश सक्सेना, डॉ. पीके आदि मौजूद रहे।

## विद्यार्थी काउंसलिंग के जरिये सुलझा रहे करियर की उलझन

**बरेली, अमृत विचार :** करियर में असमंजस को लेकर काउंसलिंग व कॅरियर टेस्ट कारगर साबित हो रहा है। दसवीं व बारहवीं के बाद तमाम छात्र करियर के चुनाव को लेकर भ्रमित हैं। ऐसे छात्र काउंसलरों का सहारा लेने मनोविज्ञान केंद्र पहुंच रहे हैं।

बिहारीपुर निवासी छात्रा ने बताया पिछले वर्ष कॉमर्स से स्नातक उत्तीर्ण कर चुकी हूं, लेकिन अब उसका मन साइकोलॉजी की तरफ जा रहा है। ऐसे में काउंसलरों ने उसका करियर टेस्ट लिया। जिससे पता चला कि वह मनोविज्ञान के क्षेत्र में करियर बना सकती है, इस पर गाइड किया गया। एक अन्य मामले में एक 12 वीं का छात्र मनोविज्ञान केंद्र पहुंचा। छात्र के पिता चाहते थे कि वह एनडीए की तैयारी करे, लेकिन वह नहीं चाहता था। उसका करियर टेस्ट लिया गया, जिसमें उसकी रूचि चिकित्सा के क्षेत्र में निकली। काउंसलर यशिका वर्मा ने बताया कि बोर्ड रिजल्ट के बाद कई छात्र यह तय नहीं कर पाते है कि उन्हें आगे करना क्या है, किस क्षेत्र में जाना है। वह करियर को लेकर कोई निर्णय नहीं ले पाते हैं। बताया कि प्रतिदिन ऐसे चार से पांच मामले आ रहे हैं। यहां आए छात्रों की काउंसलिंग की जाती है।

• **करियर टेस्ट बन रहा मददगार मनोविज्ञान केंद्र पहुंच रहे ऐसे छात्र**

## राजकीय विद्यालयों में इको क्लब गठित करने के निर्देश

**बरेली, अमृत विचार:** माध्यमिक राजकीय विद्यालयों में वनस्पतियों की पहचान के लिए क्यूआर कोड का इस्तेमाल किया जाएगा। विद्यालय परिसर में वनस्पति उपलब्ध न होने की दशा में निकटतम पार्क या बगीचे आदि का उपयोग किया जाएगा। इसके लिए विद्यालय स्तर पर जुलाई तक इको क्लब गठित करने के निर्देश दिए गए हैं।

जिले में 67 राजकीय हाईस्कूल और इंटर मीडिएट कॉलेज हैं। डीआईओएस डॉ. अजीत कुमार ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए छात्र- छात्राओं को ईको क्लब के माध्यम से जागरूक किया जाएगा।

# उपकरण लगाने में 'खेल', रिकवरी की धनराशि जमा कराने में व्यवस्था फेल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

• **दो साल पहले तत्कालीन डीसी मनरेगा की जांच में नहीं मिले थे खेल के उपकरण**

• **लोकपाल मनरेगा ने ग्राम्य विकास आयुक्त को भेजी जांच रिपोर्ट, वसूली लंबित**

**अमृत विचार :** रामनगर ब्लॉक की ग्राम पंचायत लीलौर सहसा में खेल मैदान में उपकरण लगाने के नाम पर गोलमाल किया गया था। दो साल पहले तत्कालीन डीसी मनरेगा की जांच में इसका खुलासा हुआ था। मामले में दो लाख से ज्यादा की रिकवरी की धनराशि अभी तक जमा नहीं हो सकी है। लोकपाल मनरेगा ने जांच रिपोर्ट ग्राम्य विकास आयुक्त को भेज दी है।

दरअसल, ग्राम पंचायत में कराए गए विकास कार्यों में गड़बड़ी करने का आरोप लगाते हुए शिकायत लोकपाल मनरेगा शिशुपाल मौर्य से की गई थी। जांच में लोकपाल मनरेगा को कार्यों में गड़बड़ी मिली थी। कार्य कराने के बाद बोर्ड नहीं लगाए और भी कई अनियमितताएं मिली थीं। इसको लेकर उन्होंने रिकवरी निकाली है। लोकपाल ने इसकी रिपोर्ट ग्राम्य विकास आयुक्त को भेजी है, जिसमें इन मामलों को शामिल करने के साथ ही उन्होंने एक और प्रकरण का उल्लेख किया है।

बताया है कि 3 जनवरी 2023 को तत्कालीन डीसी मनरेगा रहे गंगाराम को ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2020-21 में बनाए गए खेल मैदान में गड़बड़ी मिली थी। जांच में पाया था कि मैदान में लगाने के लिए खरीदे गए खेल उपकरण मौके पर मिले ही नहीं। जिसमें उन्होंने दो लाख 689 रुपये की रिकवरी निकाली थी, मगर उसकी वसूली अभी तक लंबित है। लोकपाल मनरेगा शिशुपाल मौर्य ने बताया कि ग्राम्य विकास आयुक्त को भेजी गई जांच आख्या में लंबित वसूली का प्रकरण शामिल किया गया है।

# श्रीमद्भागवत कथा जीवन के उद्देश्य और दिशा को दर्शाती है : रमाकांत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** संजय नगर स्थित एक बरातघर में आयोजित भागवत कथा के चौथे दिन रविवार को आचार्य रमाकांत दीक्षित ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण मनुष्य जीवन को सार्थक बनाती है। जन्म हर प्राणी एवं मनुष्य लेता है, लेकिन उसे अपने जीवन का अर्थ बोध नहीं होता है। भागवत ऐसी कथा है, जो जीवन के उद्देश्य एवं दिशा को दर्शाती है, इसलिए जहां भी भागवत होती है, इसे सुनने मात्र से वहां का संपूर्ण क्षेत्र सकारात्मक उर्जा से सशक्त हो जाता है।

उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण का जन्म मनुष्य जीवन के उद्धार के लिए हुआ। मनुष्य जीवन सबसे उत्तम माना जाता है। इसी योनी में भगवान भी जन्म लेना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि श्रीकृष्ण ने भागवत गीता के माध्यम से बुराई व सदाचार के बीच अंतर बताया। कहा कि जब तक हम किसी चीज के महत्व को नहीं जानते, तब तक उसके प्रति मन में श्रद्धा नहीं जगती। इस दौरान भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार भी कथा सुनने पहुंचे। आचार्य ने वनमंत्री का प्रसाद भेंट किया। इस दौरान अरविंद अग्रवाल, यश अग्रवाल, अनूप अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, दीपेश अग्रवाल, विष्णु शुक्ला, देव दीक्षित, अनुराग अवस्थी, प्रवीण अग्रवाल, विवेक मित्तल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार को प्रसाद भेंट करते आचार्य रमाकांत दीक्षित।


• **संजय नगर स्थित बरातघर में हो रहा है कथा का आयोजन**

## उर्वरक लेना है तो खेत मालिक का लगेगा आधार कार्ड

**बरेली, अमृत विचार :** जिले में बटाईदारों के माध्यम से अनुदानित उर्वरकों के वितरण में पारदर्शिता लाने के लिए कृषि विभाग ने उर्वरक विक्रेतओं के लिए सख्त निर्देश जारी किए हैं। अब यदि कोई किसान यह कह कर उर्वरक खरीदता है कि वह उर्वरक बटाई पर लिए खेत में उपयोग करेगा, तो उसे खेत के मालिक का आधार कार्ड अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा।

जिला कृषि अधिकारी ऋतुषा तिवारी के अनुसार खुदरा उर्वरक विक्रेताओं को निर्देश दिया गया है कि ऐसी स्थिति में वह पीओएस मशीन में खेत मालिक का आधार नंबर और नाम दर्ज करें। उर्वरक खरीदने आए बटाईदार किसान से अंगूठे की बायोमैट्रिक पुष्टि कराकर ही यूरिया और डीएपी का वितरण करें। नई व्यवस्था में उर्वरक विक्रेता को बटाईदार के लिए विशेष प्रक्रिया अपनानी होगी।

## रानी अवंतीबाई को समर्पित भव्य शोभायात्रा निकाली


शोभायात्रा को झंडी दिखाते सपा नेता पीयूष वर्मा, पार्षद राजेश अग्रवाल व अन्य।

**बरेली, अमृत विचार :** वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी स्मारक समारोह समिति के तत्वावधान में रानी अवंतीबाई के बलिदान दिवस को समर्पित भव्य शोभायात्रा रविवार को निकाली गई।

यात्रा को मुख्य अतिथि सपा नेता पीयूष वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि वीरांगना के अदम्य साहस, शौर्य और युद्ध कौशल ने अंग्रेजों के छक्के छुड़ा दिए थे। शोभा यात्रा नाग पंचमी मेला ग्राउंड गंगापुर शाहदाना से श्यामगंज, साहूगोपीनाथ, मठ की चौकी, जिला अस्पताल, सिकलापुर, कालीबाड़ी होते हुए नागपंचमी मेला ग्राउंड पहुंची। इसमें भारत माता, शहीद गुलाब सिंह लोधी, स्वामी ब्रह्मानंद लोधी और देवी-देवताओं की भव्य झांकियों शामिल हुईं। अध्यक्ष अरविंद राजपूत ने बताया कि शोभायात्रा विगत 26 वर्षों से निकाली जा रही है। विशिष्ट अतिथि डॉ. विनोद पागरानी और पार्षद राजेश अग्रवाल रहे। कार्यक्रम अध्यक्ष हरीश चन्द्र रागी, संचालक सनी राजपूत मौजूद रहे।

• **वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी स्मारक समारोह समिति ने किया आयोजन**



श्री गुरु हरगोबिन्द साहिब गुरुद्वारे में कीर्तन करता रागी जत्था। ● अमृत विचार

## गुरमत विचारों से किया संगत को निहाल

**बरेली, अमृत विचार :** जनकपुरी स्थित श्री गुरु हरगोबिन्द साहिब गुरुद्वारा में रविवार को कीर्तन का आयोजन हुआ। पंजाब से आए गुरजंट सिंह ने कीर्तन गायन किया। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के कथावाचक ज्ञानी मनजिंदर सिंह ने गुरमत विचार से संगत को निहाल किया। कीर्तन समाप्ति के बाद श्रीगुरु ग्रन्थ साहिब को कीर्तन करते हुए निजी स्थान पर विश्राम के लिए ले जाया गया। इसके बाद गुरु का लंगर बांटा गया। कमेटी के सदस्यों ने बताया कि रोजाना बाहर से रागी जत्थे कीर्तन गायन कर संगत को निहाल कर रहे हैं। इसी क्रम में मुख्य दीवान 12 जून को सजेगा। इस मौके पर मुख्य सेवादार हर नाम सिंह, रमिंद्र सिंह, रणजीत सिंह, निरमान सिंह बग्गा, परमजीत सिंह दुआ, हरविंदर सिंह आदि उपस्थित रहे।

## तिरुपति बालाजी मंदिर का वार्षिकोत्सव आज

**बरेली, अमृत विचार :** पटेल नगर स्थित श्री तिरुपति बालाजी मंदिर का 55 वां वार्षिकोत्सव सोमवार को मनाया जाएगा। पुजारी मध्यम कुमार पाण्डेय ने बताया कि मंदिर की स्थापना 55 वर्ष पहले वायुसेना और आईवीआरआई में तैनात रहे दक्षिण भारत मूल के अधिकारियों ने कराई थी। उन्होंने बताया कि वार्षिक पूजा दो सत्रों में होगी। सुबह के सत्र में यज्ञ, देव प्रतिमाओं का वैदिक रीति से स्नान आदि के बाद भगवान वेंकटेश्वर का श्रृंगार कर अभिषेक और आरती की जाएगी। शाम के सत्र में कल्याणोत्सव पूजा और देव प्रतिमाओं की पालकी मुख्य आकर्षण केंद्र रहेगी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भक्तजन भाग लेंगे। आयोजन को लेकर लोगों में उत्साह है। इस दौरान मंदिर संचालक विपुल सिंह, प्रबंधक प्रवीन शर्मा, कार्यक्रम संयोजक आरए शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध।
IOL Master 700 द्वारा लैंस का नंबर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
8077344353
समयः- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा
डॉ. आदित्य त्यागी MBBS, DOMS, DNB, MNAMS CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

# परचम कुशाई से उर्स-ए-गौहरी का आगाज

**बरेली, अमृत विचार :** परसौना स्थित वक्फ दरगाह सय्यद गौहर अली अलमारूफ भीटा शाह बाबा पर दरगाह प्रमुख शाह मोहम्मद वसीम मियां चिश्ती साबरी की सरपरस्ती में रविवार को परचम कुशाई की रस्म से उर्स-ए-गौहरी का आगाज हुआ।

सुबह दरगाह पर कुरानख्वानी हुई। नदीम साबरी की निगरानी में ठिरिया निजाबत खां, पदारथपुर से जुलूस-ए-चादर परंपरागत रास्तों से होता हुआ दरगाह शरीफ पर पहुंचा, जहां दरगाह सचिव मोहम्मद रिजवान साबरी ने सभी की दस्तारबंदी कर इस्तकबाल किया। दरगाह प्रमुख शाह मोहम्मद वसीम मियां चिश्ती साबरी के हाथों से परचम कुशाई की रस्म अदा की गई। इसके बाद हजरत शाह मंसूर एजाज कुद्दूसी साबरी रहमातुल्लाह अलैह के कुल शरीफ की रस्म अदा की गई। रात में महफिले कव्वाली हुई, जिसमें कव्वाल गुलाम वारिस वारसी ने सूफियाना कलाम पेश किए। उर्स प्रभारी मोहम्मद रिजवान साबरी ने बताया कि सोमवार को शाम 4 बजे मस्तान शाह बाबा का कुल शरीफ होगा। अजीम साबरी, मोहम्मद जाफर, तारिस साबरी, जाहिद बेग, इरशाद बेग, आकिब साबरी, नसरत साबरी, जीशान खां साबरी, अय्यूब साबरी, फहीम साबरी आदि मौजूद रहे।


परचम कुशाई की रस्म में बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए। ● अमृत विचार

• **चादरों का जुलूस परंपरागत रास्तों से दरगाह शरीफ पर पहुंचा**

## सार-संक्षेप

### साइकिल रैली में रेल अफसरों ने भाग लिया




**बरेली, अमृत विचार :** भारतीय खेल प्राधिकरण (साई सेंटर) की ओर से रविवार को रेलवे स्टेडियम एनईआर में फिट इंडिया अभियान के तहत साइकिल रैली का आयोजन हुआ। जिसमें एनईआर रेलवे इज्जतनगर की डीआरएम वीना सिन्हा, सीनियर डीएफएम डॉ. रत्नेश कुमार, एडीआरएम मनोज कुमार, सीनियर डीएमई शुभम, सीएमएस यूएस नाग, राजकुमार, खेल सचिव गीता शर्मा आदि ने भाग लिया। रैली में कोच अजय, योगेश राठी, पंकज, साई केंद्र के कर्मी आदि शामिल रहे।

### वैकेशन बाइबिल स्कूल का हुआ समापन



**बरेली, अमृत विचार :** चौकी चौराहा स्थित क्राइस्ट मेथोडिस्ट चर्च में एक सप्ताह से चल रहे वैकेशन बाइबिल स्कूल (वीबीएस) का समापन रविवार हो गया। कार्यक्रम की शुरुआत डायरेक्टर सुनिता जोसफ ने की। स्कूल में 3 से 12 साल के बच्चों की प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। इस वर्ष वीबीएस में लगभग 377 बच्चों, 26 शिक्षकों व 30 कमेटी के सदस्यों ने भाग लिया। समिति के सदस्यों ने बाइबिल का पाठ किया। बदायूं, शाहजहांपुर, नोएडा, कानपुर, हल्दवानी आदि स्थानों से आए बच्चों ने भी वीबीएस में भाग लिया। छात्रों और शिक्षकों को पुरस्कृत किया गया। पहला पुरस्कार अनीता पौल, दूसरा शाहजहांपुर के विजय सिंह, तीसरा पुरस्कार सविता फ्रैंक को मिला। मुख्य पादरी सुनील, पादरी एडमण्ड, पादरी नन्दा, डॉ. डोनाल्ड बी लाल, मिलडरेड मसीह, वीरा सिंह, अनीता पौल, शैलेश, रमनीक मैसी, देवआशिष आदि मौजूद रहे।

### गोलू देवता मंदिर परिसर में राहगीरों को शरबत बांटा




बरेली, अमृत विचार : भोजीपुरा के ग्राम सुरला स्थित गोलू देवता मंदिर परिसर में रविवार को राहगीरों को शरबत का वितरण किया गया। डॉ. हीरा लाल, सर्वेश कुमार, पोप राम, रामचंद्र, रमेश चौधरी, सुमित प्रजापति आदि मौजूद रहे। संस्थापक डॉ. महेंद्र कुमार सक्सेना ने बताया कि मंदिर पर 10 जून तक शरबत का वितरण होगा।

### वरिष्ठ नागरिकों ने शरबत का वितरण किया



बरेली, अमृत विचार : प्रज्ञा सरोवर शिक्षा समिति स्टेडियम रोड के तत्वावधान में रविवार को वरिष्ठ नागरिकों ने राहगीरों के लिए शरबत वितरण शिविर लगाया। मुख्य अतिथि आईवीआरआई के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. भारती सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समिति के अध्यक्ष डॉ. राजकुमार, महासचिव डॉ. केए वार्ष्णेय, सहसचिव डॉ. बीके वर्मा, कोषाध्यक्ष डॉ. नवनीत कृष्ण, नरेंद्र कुमार गोयल, अमित पंडित, राहुल, प्रणव कृष्ण, प्रणीत कृष्ण, मिथलेश वार्ष्णेय, प्रतीक्षा वार्ष्णेय, वंदना आदि का सहयोग रहा।

### छात्रों और शिक्षकों को किया सम्मानित




**बरेली, अमृत विचार :** उत्तराखंड परिवार और राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ की ओर से रविवार को रोटरी भवन में 5 वें मेधावी सम्मान समारोह में 100 से अधिक छात्र-छात्राओं और 20 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष आरडी शर्मा और भाजपा नेता मनीष अग्रवाल ने की। सम्मानित होने वाले छात्रों में रुद्र प्रताप सिंह, आलोक गंगवार, प्रतीक शर्मा, आशीष राठौर, हिना सक्सेना, रिया, तनु, रिचा जोशी, शिव, साक्षी पाठक, प्रियंका मौर्या, आयुषी दुबे आदि शामिल रहे। शिक्षकों में कुसुम भट्ट, निखिल सागर, नीलम मिश्रा, प्रदीप कुमार, सत्यपाल, प्रदीप कुमार, केशव कुमार, अंजलि शर्मा, देवांश, मुनेंद्र गंगवार आदि को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में रमेश शर्मा, पंकज जोशी, तारा जोशी, पुष्कर राणा, कमलेश बिष्ट, आशुतोष तिवारी, प्रभात गैरोला, गगन फर्त्याल, सुरेश भारद्वाज आदि उपस्थित रहे।

### पर्वतीय समाज का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित



**बरेली, अमृत विचार :** पर्वतीय समाज की ओर से रविवार को समिति का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन कुर्मांचल नगर के भोले नाथ मंदिर प्रांगण में हुआ। मुख्य अतिथि कैंट विधायक संजीव अग्रवाल रहे। नए अध्यक्ष देवेंद्र सिंह दियोलिया, उपाध्यक्ष मदन सिंह बिष्ट, महासचिव डॉ. नरेंद्र सिंह बिष्ट, सलाहकार कुंवर सिंह बिष्ट, वरिष्ठ सचिव चंद्र प्रकाश जोशी, संरक्षक गिरीश चंद्र पांडे, डॉ. मान सिंह नेगी, कोषाध्यक्ष इंद्र सिंह बिष्ट, मीडिया प्रभारी देवेन्द्र रावत, सह कोषाध्यक्ष जगदीश सिंह बिष्ट, संयुक्त सचिव दीपक सिंह धौनी व सदस्यों ने शपथ ग्रहण की। इस दौरान अनिल शर्मा, डॉ. विनोद पागरानी, पुष्कर सिंह बोहरा, आनंद सिंह मेहता, पूरन जोशी, सुंदर सिंह मेहरा, पंचम सिंह बोनाल, प्रदीप तिवारी, उमेश बिनवाल, मदन सिंह बिष्ट, अतुल डालाकोटि आदि उपस्थित रहे।

# जुनून : हॉकी में चमकने के लिए मैदान में बहा रहे पसीना

## विपरीत परिस्थितियों में भी कई खिलाड़ी हॉकी से दूर नहीं हुए, रेलवे हॉकी मैदान में खिलाड़ियों की संख्या लगातार बढ़ रही

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** विषम परिस्थितियों में कई खिलाड़ी हॉकी में चमकने के लिए रेलवे हॉकी मैदान में पसीना बहा रहे हैं। उनके लिए धूप, सर्दी नहीं बल्कि मेडल मायने रखता है। यही जुनून उन्हें इस खेल में आगे लेकर जाएगा। कुछ खिलाड़ी ऐसे हैं, जिन्होंने हॉकी हास्टल कैंप के लिए 10 वीं की परीक्षा छोड़ दी।

रेलवे हॉकी मैदान के कोच सोनू और अन्य सीनियर खिलाड़ी पिछले चार-पांच वर्षों से हॉकी खेल की ओर बच्चों का ध्यान खींच रहे हैं। सीनियर खिलाड़ियों के अनुसार चार साल पहले समोसे या अन्य चीजों का लालच देकर बच्चों को हॉकी खेलने के लिए प्रोत्साहित किया। इसका नतीजा यह रहा कि मैदान पर न केवल हॉकी खिलाड़ियों की संख्या बढ़ी बल्कि कई ने प्रतियोगिता में मेडल भी जीते। वर्तमान में मैदान पर दो दर्जन से अधिक खिलाड़ी अभ्यास कर रहे हैं। इनकी ख्वाहिश...देश के लिए मेडल जीतना है।

### अब केवल हॉकी ही दिखाई पड़ती है

किला निवासी 15 वर्षीय अनंत का चयन 54 वें केवीएस नेशनल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। इससे पहले वह नेहरू कप में यूपी की टीम से खेल चुके हैं। अनंत ने बताया कि जब पहली बार स्कूल की टीम को देखा तभी से हॉकी खेलने की ललक जागी। अब केवल हॉकी दिखती है, इससे भविष्य में क्या मिलेगा या क्या नहीं, यह नहीं सोचता हूं।



### हॉकी के लिए छोड़ दी 10 वीं की परीक्षा

इज्जतनगर निवासी 13 वर्षीय तौहीद ने हॉकी हास्टल कैंप के लिए इस वर्ष दसवीं की परीक्षा छोड़ दी। उन्होंने बताया कि इस समय उनके लिए खेल सबसे जरूरी है। परीक्षा मजबूरी में छोड़ी। क्योंकि अभ्यास के चलते तैयारी नहीं हो पा रही थी। इससे पहले वह स्पोर्ट्स कॉलेज में प्रवेश का मौका गंवा चुके थे।



### हॉस्टल में प्रवेश को कर रहे मेहनत

परतापुर चौधरी निवासी फैजिल 12 साल के हैं। पिछले पांच साल से हॉकी खेल रहे हैं। अंडर 14 में यूपी की टीम से पिछले वर्ष नेशनल खेल चुके हैं। फैजिल ने बताया कि इस वर्ष स्टेट हॉस्टल में दाखिला की पूरी उम्मीद है। हॉकी में करियर बनाने की ख्वाहिश में वह भाई के काम में हाथ बंटाने के बाद नियमित ग्राउंड पर अभ्यास करते हैं।



# शिवाजी ने की थी हिंदू साम्राज्य की पुनर्स्थापना

## जनजागरण यात्रा के बाद सभा में बोले संघ के सह प्रांत कार्यवाह राजपाल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** हिंदू साम्राज्य दिवस के उपलक्ष्य में नाथ नगरी सुरक्षा समूह की ओर से रविवार को जनजागरण यात्रा का आयोजन हुआ। तिलक इंटर कॉलेज से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह प्रांत कार्यवाह ने झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया।

जनजागरण यात्रा साहूकारा, कुतुबखाना चौराहा, कोतवाली, महादेव पुल से सूद धर्मकांटा, शहीद चौक होते हुए राजेंद्र नगर स्थित छत्रपति शिवाजी चौक पहुंचकर समाप्त हुई। जहां आयोजित सभा में संघ के सह प्रांत कार्यवाह राजपाल ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने बाहुबल और बुद्धिबल से हिंदू साम्राज्य की पुनर्स्थापना की थी। आज भी शक्ति के साथ कुशल रणनीति और उत्तम तकनीक से विजय का मार्ग प्रशस्त होता है।



जनजागरण यात्रा में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। ● अमृत विचार

वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने कहा कि हिंदू साम्राज्य की स्थापना करने वाले शिवाजी महाराज महिला के सम्मान पर किसी प्रकार की आंच बर्दाश्त नहीं करते थे। हमें छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। सांसद छत्रपाल गंगवार ने कहा कि शिवाजी महाराज की दूरदर्शिता, कुशल रणनीति और युद्ध नीति में विदुर और चाणक्य नीति की स्पष्ट झलक दिखाई देती है। नाथ नगरी सुरक्षा समूह के महानगर संयोजक दुर्गेश कुमार गुप्ता ने कहा कि हम सबको शिवाजी महाराज के जीवन से प्रेरणा लेकर भारत को एक बार फिर विश्व गुरु बनाने की दिशा में कार्य करना है। इस दौरान डॉ. विनोद पगरानी, डॉ. विमल भारद्वाज, डॉ. हिमांशु अग्रवाल, जीतू अग्रवाल, मनीष, जसपाल भारद्वाज, रजत अग्रवाल, संजय, स्वराज, प्रीति सक्सेना, राज भारती मौजूद रहे। संचालन हिंदू जागरण मंच की सह संयोजिका शालिनी और नितेश कपूर ने किया। जनजागरण यात्रा में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने बाइकों से भाग लिया।

### हिंदू साम्राज्य दिवस धूमधाम से मनाया



**बरेली, अमृत विचार :** छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक की स्मृति में जय शिवाजी जय सरदार पटेल फाउंडेशन ट्रस्ट ने रविवार को शिवाजी चौक राजेंद्र नगर में हिंदू साम्राज्य दिवस धूमधाम से मनाया। इस मौके पर सांसद छत्रपाल गंगवार ने शिवाजी महाराज के जीवन पर प्रकाश डाला। भोजीपुरा ब्लाक प्रमुख योगेश पटेल ने कहा कि समाज को संगठन के साथ बढ़-चढ़कर भागीदारी करनी चाहिए, ताकि आगामी कार्यक्रमों को हम आसपास के शहरों में भी धूमधाम से मना सकें। ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र गंगवार व अन्य ने कुष्ठ आश्रम में फल वितरित किए। ट्रस्ट के सचिव हरीश यदुवंशी, परशुराम, आलोक गंगवार, लाल बहादुर गंगवार, सुमित पटेल, डॉ. भरत गंगवार, नरेश गंगवार, डॉ रजनीश गंगवार, डॉ. रूचिन अग्रवाल, दुर्गेश गुप्ता, नरेंद्र कुमार गंगवार, सुनील गंगवार, नरेंद्र गंगवार, अजीत पटेल, एनके पटेल, विवेक पटेल, बबलू पटेल, मुनीष गंगवार आदि मौजूद रहे।

### प्रशिक्षकों की कमी से जूझ रहा खाद्य विज्ञान प्रशिक्षण केंद्र

**बरेली, अमृत विचार :** राजकीय खाद्य विज्ञान प्रशिक्षण केंद्र में 15 सालों से रिक्त पदों पर भर्ती नहीं हुई है। केंद्र प्रशिक्षकों की कमी से जूझ रहा है। केंद्र में 47 में से 40 कर्मियों के पद रिक्त हैं। वहीं शैक्षणिक कार्य के लिए 6 पद निहित हैं।

प्रशिक्षण केंद्र में तीन ट्रेड संचालित हैं, जिसमें कुकरी, बेकरी व फ्रूट मैनेजमेंट कोर्स हैं। तीनों कोर्स में एक-एक प्रशिक्षक, एक-एक लैब संचालक व एक-एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का पद है। लेकिन वर्तमान में केवल एक ही प्रशिक्षक हैं, जो इस वर्ष रिटायर हो जाएंगे। प्रशिक्षकों की कमी के चलते केंद्र की ओर से अब तक प्रशिक्षुओं के आवेदन इस सत्र के लिए नहीं मांगे गए हैं। बताया जा रहा है कि हर दूसरे माह शासन को स्टाफ कमी से लगातार अवगत कराया जा रहा है, लेकिन स्थिति जस की तस है। राजकीय खाद्य विज्ञान प्रशिक्षण केंद्र के कार्यालय अधीक्षक अंशुल सक्सेना ने बताया कि इस वर्ष यदि एक भी प्रशिक्षक नहीं रहता तो प्रशिक्षुओं का प्रवेश लेना मुश्किल हो सकता है।

# आर्मी स्कूल के हर्षित का नेशनल फुटबॉल टीम में चयन



स्कूल के प्रधानाचार्या, उपप्रधानाचार्य और कोच के साथ हर्षित। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** आर्मी पब्लिक स्कूल के कक्षा 10 के छात्र हर्षित शाही का अंडर-16 नेशनल फुटबॉल टीम में चयन हुआ है। हर्षित को जर्मनी की बुंडेसलिगा ड्रीम ट्रेनिंग कैंप ज्वाइन करने के लिए निमंत्रण मिला है। जर्मनी में यह कैंप 10 से 16 जून तक आयोजित किया जाएगा।

हर्षित के फुटबॉल ट्रेनर कोच राशिद मलिक ने बताया कि महाराष्ट्र में बिग हिट स्पोर्ट्स एसोसिएशन की ओर से पिछले दिनों फुटबॉल लीग के तहत अंडर 16 नेशनल यूथ फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित किया गया था। जिसमें ट्रायल देने के बाद आर्मी पब्लिक स्कूल के हर्षित शाही का चयन अंडर 16 नेशनल फुटबॉल टीम के लिए किया गया। हर्षित के पिता सेना से रिटायर्ड राजेंद्र ने बताया कि उनके बेटे का बचपन से ही फुटबॉल टीम में जाने का सपना था, जो अब पूरा होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह सब हर्षित के कोच राशिद मलिक की मेहनत एवं मार्गदर्शन से ही संभव हो सका। आर्मी स्कूल की प्रधानाचार्या डॉ. सरिता सिरोही और उपप्रधानाचार्य एवं एनसीसी आफिसर नंदकिशोर माथुर ने हर्षित की इस उपलब्धि को विद्यालय के लिए गौरवशाली बताया और उनके कोच और परिजनों को बधाई दी।

### भगवान से भय रखने वाला संसार से निर्भय हो जाता है

**बरेली, अमृत विचार :** श्री हरि मंदिर में चल रही नौ दिवसीय राम कथा के आठवें दिन रविवार को कथा व्यास ब्रजेश पाठक ने बताया कि हमारे धर्म ग्रंथों में निर्भयता को बहुत महत्व दिया गया है। गीता में निर्भयता भक्त का प्रथम लक्षण बताया गया है, लेकिन यदि व्यक्ति भगवान से भी निर्भय हो जाएगा तब तो उसकी भक्ति कलंकित हो जाएगी। जीवन में ईश्वर का भय परम आवश्यक है। रामायण में लक्ष्मण किसी से नहीं डरते हैं लेकिन प्रभुराम से डरते हैं, जो भगवान से डरता है फिर उसे संसार में डरने की आवश्यकता नहीं होती। उन्होंने कथा श्रवण का महत्व भी बताया। इस दौरान मंदिर प्रबंध समिति से सुशील अरोरा, रवि छाबड़ा, अश्विनी ओबेरॉय, रंजन इलाबादी, संजीव अरोरा, राजेश अरोरा, हरीश लुनियाल आदि उपस्थित रहे।

● **श्री हरि मंदिर में आयोजित राम कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया**

# वैस्कुलर एंड इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी पर विशेषज्ञों ने अनुभव साझा किए



इंडियन सोसायटी आफ वैस्कुलर एंड इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी सोसाइटी की सीएमई में मौजूद चिकित्सा क्षेत्र के विशेषज्ञ।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** इंडियन सोसायटी आफ वैस्कुलर एंड इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी सोसाइटी (आईएसवीआईआर) उत्तर प्रदेश चैप्टर की ओर से ''हेड टू टो इंटरवेंशन'' विषय पर रविवार को सीएमई आयोजित की गई। इसमें वैस्कुलर एंड इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी के क्षेत्र में विशेषज्ञों ने अपने शोध और अनुभव साझा किए।

पीलीभीत बाईपास स्थित एक होटल में आयोजित सीएमई में न्यूरोइंटरवेंशन, पेरीफेरल वैस्कुलर और एओर्टिक इंटरवेंशनल सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। इसमें प्रतिनिधियों को विशेषज्ञों के साथ जुड़ने और चुनौतीपूर्ण मामलों पर चर्चा करने का अवसर प्रदान किया गया। आईएसवीआईआर उत्तर प्रदेश चैप्टर के प्रेसिडेंट डॉ. विवेक सिंह ने कहा कि यह सीएमई आईएसवीआईआर के लिए महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और हम चिकित्सा पेशेवरों के बीच शिक्षा और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए अधिक कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सीएमई की आर्गनाइजिंग प्रेसिडेंट डॉ. नम्रता सिंह ने प्रतिनिधियों, संकाय सदस्यों और प्रायोजकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सीएमई की सफलता वैस्कुलर और इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी में बढ़ती रुचि को रेखांकित करती है। इस क्षेत्र में निरंतर शिक्षा और प्रशिक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डालती है। सीएमई के आर्गनाइजिंग सचिव एवं रोहिलखंड मेडिकल कालेज के डॉ. सौरभ कुमार राय ने आयोजन की योजना और निष्पादन पर प्रकाश डाला। चैप्टर के सचिव डॉ. (मेजर) नितिन दीक्षित ने आयोजन टीम के समर्पण की सराहना की। सीएमई में न्यूरोसर्जन, कार्डियक और वैस्कुलर सर्जन, न्यूरोलॉजिस्ट, छाती रोग विशेषज्ञ और नेफ्रोलॉजिस्ट ने भाग लिया।

# सेना के राइडर्स ने जोरावर के सम्मान में निकाली बाइक रैली

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जीओसी उत्तर भारत एरिया के लेफ्टिनेंट जनरल डीजी मिश्रा एवीएसएम ने रविवार को बरेली से लाइव स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से जनरल जोरावर सिंह के सम्मान में 'जोरावर ट्रेल' बाइक रैली को हरी झंडी दिखाई।

कुमाऊं की पहाड़ियों में आठ दिन तक चलने वाले इस बाइक रैली में 24 समर्पित भारतीय सेना के राइडर्स के साथ चार महिला एवं स्वयंसेवी राइडर्स भी शामिल होंगे, जो सम्मान और स्मरण का एक एकीकृत प्रदर्शन करेंगे। 16 जून को उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में एक संगीत समारोह के साथ रैली का समापन होगा।




बाइक रैली के दौरान मौजूद सेना के राइडर्स और अफसर। ● अमृत विचार

● **आठ दिन तक ऐतिहासिक स्थानों से होकर गुजरेगी रैली**

पंचशूल ब्रिगेड की ओर से आयोजित यह रैली वीरता की भावना को दर्शाती है, जो जोरावर सिंह की विरासत से जुड़े कुछ सबसे ऐतिहासिक और सांस्कृतिक रूप से महत्वपूर्ण स्थानों से होकर गुजरेगी। राइडर्स चुनौतीपूर्ण इलाकों से गुजरेंगे, जो बहादुर योद्धा की विजय और भारत की सशस्त्र सेनाओं को परिभाषित करने वाले अदम्य साहस का प्रतीक है। रैली में सांस्कृतिक और ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण स्थलों जैसे गुरुद्वारा नानकमत्ता साहिब, काली माता मंदिर, ओम पर्वत, कैलाश, पार्वती कुंड, पंचचूली पर्वत श्रृंखला के तल पर स्थित दुग्तु गांव का दौरा भी शामिल है।

# चित्त को निर्मल करती है श्रीमद् भागवत कथा

**बरेली, अमृत विचार :** माधवबाड़ी स्थित श्री रामायण मंदिर में भागवत कथा के तीसरे दिन रविवार को आचार्य शशांक भारद्वाज ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा चित्त को निर्मल करती है। साधना के माध्यम से शरीर शुद्ध हो जाता है।

उन्होंने कहा कि संसार में पाप के उदय का मूल कारण लोभ है। उन्होंने भगवान विष्णु के प्रति ध्रुव की अटूट भक्ति और भगवान की कृपा की कथा सुनाई। बताया कि ध्रुव ने कठोर तपस्या की और अंत में भगवान विष्णु को प्राप्त किया। भगवान विष्णु एक वराह के रूप में प्रकट हुए और पृथ्वी को बचाने के लिए हिरण्याक्ष दैत्य का वध किया। कहा कि ये कथाएं सिखाती हैं कि हमें भगवान के प्रति पूरी तरह से समर्पित होना चाहिए और हमें कभी भी भगवान के प्रति अपनी भक्ति नहीं छोड़नी चाहिए। सुधा, श्रीराम दयाल आदि उपस्थित रहे।



आचार्य शशांक भारद्वाज।

● **श्री रामायण मंदिर में आयोजित भागवत कथा में बोले आचार्य शशांक**


सरदार वल्लभ भाई पटेल डिग्री कॉलेज
भोजीपुरा, बरेली
निःशुल्क प्रवेश सत्र 2025-26
स्नातक प्रथम वर्ष
B.A. | B.Sc. | B.Com. | B.Sc. Home Science | B.B.A. | B.C.A.
अन्य संचालित कोर्स
M.A. | M.Sc. | M.Sc. Home Science | M.A. Home Science | M.A. Drawing & Painting
D. Pharma COLLEGE CODE : 2143/3059 | B.El.Ed. | D.El.Ed.(BTC) | B.Ed.
Contact No.
9412287776, 9412288876
9412288878, 9457507777
चेयरमैन -
डा. हरीशंकर गंगवार
9412287777



सोलर फर्टिलिटी क्लिनिक
30 वर्ष कार्यकाल
9000 से अधिक सफलता
महिला या पुरुष दोनों में संतानहीनता या सेक्स दुर्बलता की जांच व इलाज के लिए मिलें।
चिकित्सक



डॉ. वंदना संजीव
(MBBS, MD, MIAP)
Female Fertility and IUI Consultant
महिलाओं में हार्मोन्स विकार, अनियमित माहवारी, PCOS मोटापा, इन्फेक्शन बार बार होने वाले गर्भपात बंद नलियों या अंडों के न बनने जैसे संतानहीनता के समस्त कारणों की जांच व इलाज।
जरूरी मामलों में दर्द रहित कृत्रिम गर्भाधान (IUI)



डॉ संजीव कुमार
(MBBS, MD, MIAPM)
Male Fertility and Sperm Biotech Specialist & Male/Female Sex Specialist
पुरुषों में शुक्राणु संबंधी सभी कमियों, निल शुक्राणु आदि की जांच व इलाज।
पुरुषों महिलाओं में सेक्स समस्याओं की वैज्ञानिक जांच व इलाज।
निल शुक्राणु वाले लाइलाज मामलों में गर्भधारण हेतु शुक्राणु बैंक व कृत्रिम गर्भाधान की सुविधा।
सम्पर्क
प्रात: 11 से 2 बजे
सायं 6 से 7 बजे
रविवार बन्द
सोलर फर्टिलिटी एवं सेक्स क्लीनिक
साकेत कालोनी, 148-सिविल लाइन्स, समीप एक्सिस बैंक व चौकी चौराहा, बरेली।
मो.9927788842
0581-2510177

# अनदेखी : नाम का है औद्योगिक क्षेत्र, सुविधाएं गांव से भी बदतर

## जरूरी सुविधाओं के लिए तरस रहा है 34 एकड़ क्षेत्रफल में फैला भोजीपुरा औद्योगिक क्षेत्र, न पीने के पानी का इंतजाम न ही उजाले की व्यवस्था, खराब पड़े हैंडपंप

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** भोजीपुरा औद्योगिक क्षेत्र बस नाम का ही है, मगर हकीकत में देखा जाए तो यहां पर सुविधाएं गांव से भी बदतर हैं। आलम यह है कि 63 वर्ष पहले अस्तित्व में आए औद्योगिक क्षेत्र में आज तक टॉयलट भी नहीं बन सका है। इससे भी ज्यादा बड़ी विडंबना और क्या होगी कि 34 एकड़ क्षेत्रफल में फैले इस क्षेत्र में भीषण गर्मी में पानी का संकट बना हुआ है। बड़ी मुश्किल से कई वर्ष पहले लगाए गए हैंडपंप खराब पड़े हैं।

यही नहीं, सांझ ढलते ही पूरे औद्योगिक क्षेत्र में अंधेरे का बसेरा हो जाता है। अधिसंख्य जगहों पर स्ट्रीट लाइटें लगी नहीं हैं और जहां लगी भी हैं, वे शोपीस बनी हुई हैं। ऐसे में हर वर्ष भारी भरकम राजस्व देने वाले औद्योगिक क्षेत्र के उद्यमी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं।



भोजीपुरा औद्योगिक क्षेत्र में गंदगी से घिरी हैं नालियां। ● अमृत विचार

सबसे ज्यादा समस्या फैक्ट्रियों में काम करने वाले श्रमिकों से लेकर हर रोज माल वाहक वाहनों के ड्राइवर, कंडक्टरों से लेकर अन्य लोगों को झेलनी पड़ती है, लेकिन इसके बाद भी अभी तक इन समस्याओं के समाधान का कोई रास्ता नहीं निकल सका है। औद्योगिक क्षेत्र में सुविधाओं के रखरखाव की जिम्मेदारी जिला पंचायत के अधीन है, मगर कोई सुध लेने को तैयार नहीं है। इसकी वजह से उद्यमी लगातार परेशानी झेलने को मजबूर हैं।



हैंडपंप भी खराब पड़े हैं।

**1962** में स्थापित हुआ था औद्योगिक क्षेत्र | **80** औद्योगिक इकाइयां चालू हैं | **40** प्लाट काटे गए हैं किसान फैक्ट्री में | **5000** श्रमिकों के काम करने का है अनुमान | **30** से 40 माल वाहक वाहन रोजाना आते हैं यहां



चार-पांच साल पहले तत्कालीन सीडीओ शिवसहाय अवस्थी से शिकायत करने पर क्षेत्र में दो हैंडपंप लगवा दिए गए थे। कुछ महीने चलने के बाद खराब हो गए। जिला पंचायत ने आज तक बनवाने की सुध नहीं ली। गर्मी में हजारों लोगों को इस समस्या से जूझना पड़ रहा है। अंधेरे की दिक्कत दूर नहीं हो पा रही है। स्ट्रीट लाइटें शोपीस बनी हैं। इस बार उद्योग बंधु की बैठक में यह समस्या उठाएंगे।
**अजय शुक्ला**, अध्यक्ष भोजीपुरा औद्योगिक क्षेत्र



औद्योगिक क्षेत्र में स्ट्रीट लाइटों की सबसे बड़ी समस्या है। 30-35 लाइटें लगाई गई थीं, इसमें 25 लाइटें खराब पड़ी हैं। निजी तौर पर लोगों ने जो स्ट्रीट लाइट लगवा ली हैं, वही चल रही हैं। बाकी का कोई पुरसाहाल नहीं है। शाम होते ही पूरा क्षेत्र अंधेरे में डूब जाता है। पहले लाइटों के ऑन-ऑफ करने का सिस्टम था, लेकिन काफी समय से व्यवस्था खराब हो गई है। उसे भी सही नहीं किया गया है।
**सुशील अग्रवाल**, उद्यमी



शाम होते ही सड़कें अंधेरे में डूब जाती हैं। स्थिति यह है कि अगर रात में कोई पहुंच जाए तो ढूढ़ना पड़ता है कि फैक्ट्री कहां है। बाकी औद्योगिक क्षेत्रों पर इतना ध्यान दिया जा रहा है, लेकिन भोजीपुरा की स्थिति देखकर लगता है कि लावारिस छोड़ दिया गया है। पानी, स्ट्रीट लाइट, टॉयलट की सबसे बड़ी दिक्कत है। लंबे समय से समस्या बनी हुई है, मगर कोई सुध नहीं ले रहा है।
**सलिल शुक्ला**, उद्यमी



समस्याएं तो कई हैं, इससे अच्छा है कि औद्योगिक क्षेत्र को लीज होल्ड से हटाकर फ्री होल्ड करा दिया जाए, ताकि उद्यमी अपने अनुसार काम करा सकें। श्रमिकों को बाहर से आने वाले लोगों को पानी और टॉयलट की बहुत दिक्कत है। कम से कम शुलभ शौचालय की व्यवस्था जिम्मेदारों को कराना ही चाहिए। मूलभूत सुविधाएं न मिलने से कई तरह की अव्यवस्थाएं भी उत्पन्न हो रहीं हैं।
**विनोद सक्सेना**, उद्यमी

# लूट, रंगदारी मांगने वालों सहित 13 अपराधियों की खोली हिस्ट्रीशीट

**बरेली, अमृत विचार :** एसएसपी के निर्देश पर पुलिस ने 13 शातिर अपराधियों की बी क्लास की हिस्ट्रीशीट खोली है। इन पर गोकशी, चोरी, लूट, धोखाधड़ी, रंगदारी मांगने जैसे गंभीर मामले दर्ज हैं।

जिन अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली गई है, उनमें आंवला के गौसिया चौक निवासी दानिश पर वाहन चोरी और नकबजनी के 12 मुकदमे, हाफिजगंज कस्बे के जुबैर पर गोकशी के 12 मुकदमे, गांव औरंगाबाद के शिवम पर चोरी और लूट के 12 मुकदमे, आंवला के गांव पचघेर निवासी सोनू यादव पर धोखाधड़ी के आठ मुकदमे, आंवला के मोहल्ला सईदान गौसिया चौक निवासी अकबर उर्फ टोनी के पर मारपीट और रंगदारी के आठ मुकदमे दर्ज हैं। इसके अलावा पीलीभीत के थाना पूरनपुर के गांव शेरपुर कलां निवासी हाल निवासी थाना बहेड़ी के सिलीजागीर निवासी शाकिर के खिलाफ गोकशी के सात मुकदमे, गांव लोहार नगला निवासी मुन्ना उर्फ अभय कुमार के खिलाफ नकबजनी के सात मुकदमे, बहेड़ी के टांडा निवासी मोहम्मद अली के खिलाफ नकबजनी के सात मुकदमे, गांव दोहरिया जागीर निवासी यामीन के खिलाफ गोकशी के पांच, गांव टिटौली निवासी मोहम्मद जुबैर अहमद के खिलाफ नकबजनी के पांच, गांव दुआवट निवासी मोहम्मद रईस के खिलाफ गोकशी के तीन, गांव मजनुपुर निवासी अजीम हुसैन के खिलाफ मादक पदार्थों की तस्करी के दो और गांव फतेहपुर दुर्गाप्रसाद निवासी रफीक उर्फ बटुआ के खिलाफ गोकशी के दो मुकदमे दर्ज हैं।

# शिकायत होते ही गायब हो गया हैदरी दल, वीडियो डिलीट की

- बैरियर टू चौकी क्षेत्र के गांव के मौलाना ने शुरू किया था हैदरी दल
- बनते ही ढह गया दल, वीडियो के आधार पर तलाश रही पुलिस

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** गांधी उद्यान में हिजाब पहने युवतियों से पूछताछ और उनका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने वाले हैदरी दल के सदस्यों को पुलिस तलाश रही है। दल में इज्जतनगर और बारादरी के कुछ युवक शामिल हैं। हालांकि शिकायत के कुछ ही घंटों बाद हैदरी दल ने इंस्टाग्राम आईडी से लड़कियों के वीडियो और हैदरी दल का टैग हटा दिया।


बकरीद त्योहार मनाने वाले दिन गांधी उद्यान में लड़के और लड़कियां घूमने के लिए आए थे। इनमें कुछ दोस्त भी थे तो कुछ लड़कियों के साथ उनके परिवार के युवक थे। इसी बीच वहां कुछ लोग पहुंचे और खुद को हैदरी दल का सदस्य बताते हुए हिजाब पहने हुए युवतियों से पूछताछ करने लगे। जैसे जिस लड़के के साथ आई हो, वह कौन है, कहां का है किस समुदाय का है। असहज लड़कियां जब वहां से हटने लगीं, तब आरोपियों ने जबरन उनका वीडियो बनाना शुरू कर दिया था और उनके परिजनों का नाम पूछने लगे। पूछताछ के बाद सूफियान नाम आईडी से इंटाग्राम पर वीडियो वायरल कर दिए गए। बताया जाता है कि हैदरी दल के सदस्यों में कुछ लोग पुराना शहर थाना बारादरी के हैं, कुछ युवक इज्जतनगर के पीर बहोड़ा के बताए जा रहे हैं। वीडियो में दिख रहा मौलाना बैरियर टू चौकी क्षेत्र का बताया जा रहा है।



युवती से पूछताछ करते हुए हैदरी दल के सदस्य। ● फोटो : वीडियो ग्रैब



वायरल फुटेज में हैदरी दल के लोगों से डरकर भागती युवती।




वीडियो हटाने के बाद स्टेटस पर लिखा संदेश

### वीडियो डिलीट करने के बाद दिया पैगाम

हिमांशु पटेल ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर शिकायत की और सोशल मीडिया पर पोस्ट वायरल कर दी। इसके बाद एसएसपी के निर्देश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली। एक्स पर शिकायत के बाद हैदरी दल के सदस्यों ने लड़कियों के वीडियो हटा दिए और जिस स्थान पर हैदरी दल लिखा था वह डिलीट कर दिया। इसके बाद स्टेटस पर एक पैगाम लिखा, जिसमें कहा कि मेरे अकाउंट पर काफी लोग रिपोर्ट मार चुके हैं। इंस्टाग्राम से वीडियो डिलीट कर दी हैं। मेरी आईडी बंद भी हो जाए, लेकिन हम लोग इंशा अल्लाह आवाज उठाते रहेंगे।

बवासीर भगन्दर
ऑपरेशन से बचें दर्द रहित उपचार
डॉ. एस.के. गुप्ता
(गुप्त रोग चिकित्सक)
बवासीर भगन्दर रोग विशेषज्ञ
ऑपरेशन से बचें # दर्द रहित उपचार
सैक्स
रोगियों का यूनानी आयुर्वेदिक इलाज
बवासीर को अनदेखा करना घातक हो सकता है
● मस्से होना ● सूजन होना
● जलन होना ● उठाने-बैठने में तकलीफ होना
● खूनी बवासीर होना



धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, नि:सन्तान रोगी (नशा छुड़वायें), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्द्री का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटानीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
नशा छुड़ाए? नशे से कुछ ही दिनों में छुटकारा पायें।
नोट:- हर जगह से निराश रोगी एक बार अवश्य मिलें।
सुबह 10:30 से 2:30 तक, शाम 6:30 से 8:30 तक
रविवार 10:30 से 2:30 तक
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
स्थापित 1960
माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड आफिस के सामने, चौपुला से कुतुबखाना रोड, बरेली।
मो. 9259082174

# रोडवेज : बसों में डिजिटल पेमेंट के दावे धड़ाम

- बरेली रीजन की बसों में यूपीआई और कार्ड से किराया लेने से कतराते हैं परिचालक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** एक तरफ सरकार डिजिटल इंडिया व कैशलेस भुगतान को बढ़ावा दे रही है। वहीं, रोडवेज बसों में ऑनलाइन पेमेंट (यूपीआई, कार्ड आदि) की व्यवस्था धड़ाम है। यात्रियों को कैश में भुगतान करना पड़ रहा है। आलम यह है कि अधिकांश बसों में परिचालक ऑनलाइन भुगतान की बात सुनते नेटवर्क न आने की बात कहकर हाथ खड़े कर लेते हैं। यात्रियों से नकद पैसे लेकर ही टिकट दिए जा रहे हैं। यात्रियों और परिचालकों के बीच अक्सर नगद भुगतान को लेकर बहस भी होती है, लेकिन, हालात जस के तस बने हैं।

बरेली से रोज करीब 30 हजार यात्री रोडवेज बसों से सफर करते हैं। बरेली परिक्षेत्र में बरेली, रुहेलखंड, बदायूं व पीलीभीत डिपो शामिल हैं। इनकी करीब 719 बसें संचालित हो रही हैं। परिवहन निगम में किराया ऑनलाइन भुगतान की व्यवस्था की गई है, लेकिन बसों के परिचालक लापरवाही बरत रहे हैं। आरएम दीपक चौधरी का कहना है कि नेटवर्क होने के बाद भी यादि ऑनलाइन पेमेंट नहीं लिया जा रहा तो शिकायत मिलने पर इसकी जांच कराई जाएगी। मामला सही मिला तो संबंधित परिचालक पर कार्रवाई भी होगी।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow
Admission Open
Session 2025-26
Courses
■ BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
■ BRIT (Intake-80 Seats)
■ BPT (Intake-40 Seats)
■ B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
■ BOTT (Intake-40 Seats)
■ M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
■ MPT (Intake-20 Seats)
■ MMLS (Intake-20 Seats)
FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
■ B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
■ M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
■ Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)
Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
■ Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
■ Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

# सपा : प्रभारियों ने कई बिंदुओं पर मांगी रिपोर्ट

- शहर और कैंट विधानसभा क्षेत्र में तैयार हो रही है रिपोर्ट
- पार्टी मुख्यालय पर 10 जून को दिया जाएगा पूरा ब्योरा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** सपा की ओर से लोकसभा चुनाव 2024 में कमजोर प्रदर्शन करने वाली जिले की चारों सीटों की मजबूती के लिए नियुक्त किए प्रभारियों की ओर से समीक्षा बैठकें की गईं। अब प्रभारियों की ओर से शहर और कैंट विधानसभा क्षेत्र की दोनों सीटों की राजनीतिक गतिविधियों से लेकर अन्य बिंदुओं पर रिपोर्ट मांगी गई है। निर्देश मिलने के बाद संगठन रिपोर्ट तैयार कर रहा है। सोमवार को लेखाजोखा उपलब्ध करा दिया जाएगा। 10 जून को प्रभारी रिपोर्ट पार्टी मुख्यालय में सौंपेंगे।

लोकसभा चुनाव 2024 में कमजोर प्रदर्शन करने वाली सीटों की मजबूती और संगठन की स्थिति की समीक्षा के लिए पार्टी हाईकमान की ओर से प्रभारियों को नियुक्त किया गया है। शहर विधानसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त प्रभारी निर्मोज यादव और कैंट विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी अनुराग पटेल ने पिछले एक सप्ताह में अलग-अलग जोन में संगठन के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं के साथ समीक्षा बैठक की।

मीरगंज और आंवला में भी प्रभारी समीक्षा बैठक कर चुके हैं। इसमें प्रभारियों की ओर से इन सीटों पर पार्टी की मजबूती पर जोर देने के साथ ही पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं को चुनाव जीतने के लिए बूथ को मजबूत करने के लिए मंत्र दिया गया। कैंट और शहर विधानसभा क्षेत्र के प्रभारियों की ओर से संगठन से कई बिंदुओं पर रिपोर्ट मांगी गई है। पार्टी के जानकारों के मुताबिक इसमें सेक्टर, जोन की जानकारी, प्रकोष्ठों की संख्या, सोशल मीडिया की एक्टिव टीम की सेक्टर वार नाम, मोबाइल नंबर, बूथ की स्थिति, अनुमानित जातिगत आंकड़े, विधानसभा क्षेत्र में प्रभावशाली नेताओं के नाम समेत कई अन्य गोपनीय सूचनाएं भी मांगी हैं।

### तमंचा सहित युवक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**भुता, अमृत विचार :** पुलिस ने एक व्यक्ति को तमंचा के साथ पकड़ा, उस पर रिपोर्ट दर्ज कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। रविवार को पुलिस को सूचना मिली कि उदयपुर पुलिया के पास एक व्यक्ति तमंचा के साथ मौजूद है। वह किसी घटना को अंजाम देने के चक्कर में है। पुलिस बताए गए स्थान पर पहुंची तो आरोपी पुलिस को देखकर भागने लगा, जिसे पकड़ लिया, तलाशी में उसके पास से तमंचा 315 बोर, दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। उसने अपना नाम सुमित यादव निवासी ग्राम सोरहा थाना बीसलपुर जनपद पीलीभीत बताया।

# देवरिया की घटना को इस्लाम से नहीं जोड़ा जाए : मौलाना शहाबुद्दीन

**बरेली, अमृत विचार :** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन ने रविवार को एक बयान जारी करते हुए कहा कि शनिवार को ईद-उल-अजहा के दिन देवरिया में एक युवक ने गला रेतकर जान दे दी। मौलाना ने कहा कि जिस युवक ने जान दी है, वह मानसिक तौर पर पागलपन का शिकार था। उसकी बीवी का कहना है कि पति झाड़ फूंक के लिए कहीं जाते थे। तनाव में आकर उन्होंने जान दे दी। मौलाना ने कहा कि जो लोग इस घटना को इस्लामी कुर्बानी से जोड़कर देख रहे हैं, उनसे अपील है कि वे इसे इस्लामी त्योहार से जोड़कर न देखें।

मौलाना ने कहा कि सऊदी अरब ने अपनी सुरक्षा के लिए अमेरिका से हथियार खरीदे हैं, लेकिन कुछ लोग इसका विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह दोनों देशों की विदेशी नीति पर आधारित है।

## एक नजर

### नकब लगाकर नकदी और जेवर ले गए चोर

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** चोरों ने एक घर से शनिवार रात नकब लगाकर नकदी और जेवर समेत महंगी समान समेट ले गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। भोजीपुरा के गांव रमियांपुर निवासी दिनेश शनिवार रात परिवार के साथ घर में सोए हुए थे। रात में किसी समय चोर मकान के पीछे से नकब लगाकर घर में घुस गए। चोर कमरे में रखे संदूक कुंदा तोड़कर उसमें रखे पच्चीस हजार रुपये नकद और गहने उठा ले गए। दिनेश को सुबह जागने पर चोरी की जानकारी हुई। दिनेश ने पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। आसपास गांवों के संदिग्ध लोगों के संबंध में जानकारी ली। पुलिस चोरों की तलाश में जुटी है।

### भंडारे से लौट रहे युवक को बाइक ने मारी टक्कर

**मीरगंज, अमृत विचार :** भंडारे से प्रसाद ग्रहण करके लौट रहे युवक को तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। रविवार को घायल के पिता ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। गांव सैंजना निवासी राजू गंगवार ने बताया 6 जून की रात गांव के पास स्थित मंदिर में चल रहे भंडारे में प्रसाद ग्रहण कर पैदल घर लौट रहे थे। रास्ते में एक बाइक ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गए। परिजनों ने उसे उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया। पिता ओमकार गंगवार की तहरीर पर पुलिस ने रविवार को अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।

### मारपीट के आरोप में दो लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

**आंवला, अमृत विचार :** एक व्यक्ति के साथ गांव के ही दो लोगों ने मारपीट की। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। डरूआपुर गांव निवासी राजवीर ने बताया कि वह भैंस बांधकर घर आ रहा था। रास्ते में गांव के ही मुनीष, धर्मवीर गाली देने लगे। विरोध करने पर उन्होंने उसे लाठी- डंडों से मारापीटा और जान से मारने की नीयत से गला दबाने लगे। चीखने चिल्लाने पर उसका भाई प्रेमपाल बचाने आया तो उन्होंने उसके साथ भी मारपीट की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की है।

# बनने के बाद शुरू नहीं हो सका पशु अस्पताल

## पशुधनमंत्री के पैतृक गांव में 69 लाख से हुआ है पशु चिकित्सालय का निर्माण

**संवाददाता, गुलड़िया**

**अमृत विचार :** पशुधन मंत्री के पैतृक गांव गुलड़िया उपराला में राजकीय पशु चिकित्सालय बनने के बाद से इसका ताला आज तक नहीं खुला। पशु डॉक्टर तो दूर यहां किसी कर्मचारी की तैनाती भी अभी तक नहीं की गई। जिस वजह से पूरा भवन खंडहर में तब्दील होता जा रहा है।

ग्रामीण क्षेत्रों में पशु चिकित्सालय खोले तो जा रहे हैं पर उनमें तैनाती करने के लिए शासन के पास डॉक्टर ही नहीं है। गुलड़िया उपराला गांव में पशु चिकित्सालय के लिए 2022 में 69 लाख 11 हजार रुपये की लागत से पशु चिकित्सालय का निर्माण किया गया था। जिसके निर्माण को एक साल बीत चुके है, पर आज तक किसी भी डॉक्टर की यहां तैनाती नहीं हुई। स्थिति यह है कि दीवारों का प्लास्टर टूट रहा है और बाउंड्री वॉल टूट रही है और कमरों पर लगी खिड़कियों के शीशे भी टूट गए और मैन गेट पर ग्रामीणों ने गोबर का ढेर लगा दिया है। जिससे गंदगी फैल रही है। अस्पताल के अंदर बने इनडोर वार्ड और वार्डों में ग्रामीणों ने बकरियां बांधनी शुरू कर दी। वहां लगी शौचालय की टोटी भी टूटी पड़ी है। अस्पताल के अंदर ग्रामीण उपले रख रहे है और भूसा डाल रहे हैं, जिससे हॉस्पिटल की स्थिति दयनीय हो चुकी है। अभी तक किसी जिम्मेदार ने इस तरफ ध्यान नहीं दिया है। पशु चिकित्सा की खराब हालत के चलते ग्रामीण पशुओं के इलाज के लिए इधर-उधर भटकते हैं और अगर किसी प्राइवेट डॉक्टर को बुलाते हैं तो वह उनसे मोटी रकम वसूल करता है। ग्रामीणों का कहना है की गुलड़िया उपराला गांव में राजकीय पशु हॉस्पिटल बने लगभग एक साल हो गया है पर अभी तक वहां पर कोई जिम्मेदार उसे देखने तक नहीं आया और जब हमारे पशु बीमार होते हैं तो हम इधर-उधर डॉक्टर के पास जाते हैं और प्राइवेट डॉक्टर से ही इलाज करना पड़ता है जो की मोटी रकम वसूलते हैं।



एक साल से शुरू होने के इंतजार में राजकीय पशु चिकित्सालय। • अमृत विचार

- **स्टॉफ की तैनाती नहीं होने से प्राइवेट डॉक्टर से कराना पड़ रहा पशुओं का इलाज**

"शासन की तरफ से कोई पोस्टिंग नहीं हो रही है जब शासन की तरफ से पोस्टिंग होगी तभी चालू हो पाएगा, दो हॉस्पिटल पहले से ही खाली पड़े हैं। आंवला और सिरौली में एक भी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी नहीं है। मझगवां में दो चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी होने चाहिए, लेकिन वहां पर भी एक है। जब तक शासन की ओर से कोई पोस्टिंग नहीं होगी तब तक नहीं चालू हो पाएगा।

**-मनमोहन पांडे**
मुख्य पशु चिकित्साधिकारी

शासन से पोस्टिंग होगी तभी तभी डॉक्टर की नियुक्ति हो पाएगी। डॉक्टर की नियुक्ति के लिए पत्र भेजा जाएगा, मेरा ट्रांसफर हो गया है मंगलवार को डॉक्टर मदनपाल सिंह चार्ज लेंगे।

**-संगीता तिवारी**
अपर निदेशक 2 बरेली


अस्पताल के वार्ड में बांधी जा रहीं बकरियां। • अमृत विचार

# पुलिस ने नौ माह बाद किशोर को किया बरामद

**भमोरा, अमृत विचार:** घर से नाराज होकर गए किशोर को पुलिस ने नौ माह बाद बरामद किया तो परिजनों के खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

गांव रामपुर बुजुर्ग निवासी धन देवी पत्नी झम्मन लाल के बताया 1 सितंबर 2024 उनका 14 वर्षीय पुत्र रामकिशोर मंदिर पर सो रहा था, सुबह लेट घर पहुंचने पर उसे डांट लगाया तो वह नाराज हो गया। इसके बाद वह गांव निवासी संजू के साथ राम गंगा चला गया, जहां से सुमित निवासी चक मेहंदीपुर जिला अमरोहा पांच हजार रुपए महीने दिलाने की बात कहते हुए अपने साथ ले गया। जहां अपने फार्म हाउस पर गाय भैंसों के साथ खेतों में काम करता था। उसे अपने गांव के अध्यापक सुनील का मोबाइल नंबर याद था, जिस पर शनिवार को उसने फोन किया जिसके बाद उस नंबर की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने शनिवार रात रामकिशोर को बरामद कर रविवार को परिवार को सौंप दिया, नौ माह बाद बेटे को देख मां की खुशियों का ठिकाना नहीं रहा। रामकिशोर की मां ने बताया बेटे के घर से लापता होने के बाद से वह हर दिन उसके लौट के आने की राह देखती थी।

# छह साल की बच्ची से दुष्कर्म की कोशिश

**संवाददाता, फतेहगंज पश्चिमी**

**अमृत विचार :** दूसरे समुदाय के युवक ने शनिवार को घर के बाहर खेल रही छह साल की बच्ची को टॉफी दिलाने का लालच देकर घर के पास गली में ले जाकर दुष्कर्म की कोशिश की। बच्ची के चीखने पर पड़ोसी महिला घर से निकली और आरोपी से बची को बचाया।

मासूम की मां की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद रविवार दोपहर बाद आरोपी शफीक को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। क्षेत्र के एक गांव में घर के बाहर एक छह साल की बच्ची खेल रही थी। गांव माधौपुर माफी निवासी दूसरे समुदाय का शफीक उसे अकेले खेलते देख टॉफी का लालच देकर घर के पास दूसरी गली में ले गया। वह उससे दुष्कर्म की कोशिश कर रहा था, बच्ची के रोने पर पड़ोसी महिला घर से बाहर निकल आई। आरोपी को ललकारा तो वह उन्हें जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। मोहल्ले के लोग इकट्ठे हो गए। बच्ची की मां की तहरीर पर पुलिस ने दुष्कर्म के प्रयास और पॉक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपी की तलाश शुरू कर दी। मोहल्ले में लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से पहचान करने के बाद पुलिस ने रविवार को माधौपुर ओवर ब्रिज के नीचे से शफीक को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। घटना से इलाके में दहशत बनी हुई है। फतेहगंज पश्चिमी थाना प्रभारी प्रदीप कुमार चतुर्वेदी ने बताया की बच्ची को आज मेडिकल के लिए भेजा गया और रविवार होने के कारण मेडिकल नहीं हो सका बच्ची को दोबारा मेडिकल के लिए भेजा जाएगा।



- **मां के रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल**

# हिंदू संगठनों ने पशुओं के अवशेष खुले में फेंकने के दौरान दो दबोचे


खुले में पशुओं के अवशेष फेंके जाने के विरोध में प्रर्दशन करते लोग। • अमृत विचार

**संवाददाता, आंवला**

**अमृत विचार:** बकरीद के अवसर पर पशुओं की कुर्बानी देने वाले दो लोगों ने रविवार को पशु के अवशेष खुले में फेंक दिए और हिंदू संगठन पदाधिकारी को देखकर भागने लगे। हिंदू संगठनों ने प्रतिबंधित पशुओं के अवशेष होने का संदेह जताकर दोनों लोगों को पकड़ लिया। छानबीन के दौरान अवशेष काले पशु के पाए गए। पुलिस ने अवशेष दफन कराकर खुले में अवशेष न फेंकने की चेतावनी दी है।

अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल के पदाधिकारियों ने बताया कि दो व्यक्ति ई- रिक्शा से एक बोरा लाए और अलीगंज रोड पर सड़क किनारे खाई में फेंक दिया। उक्त लोगों ने उन्हें देखा तो भागने लगे। उन्हें रोकने का प्रयास किया, परंतु वह लोग नहीं रुके। भागने के कारण उन्हें प्रतिबंधित पशुओं के अवशेष होने का संदेह हुआ। इसी बीच फोनकर अन्य कार्यकर्ताओं को सूचना दी गई। कार्यकर्ताओं ने दोनों ई- रिक्शा सवारों को मोहब्बत गंज गौंटिया स्थित मंदिर के समीप रोक लिया। सूचना पर पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने फेंके गये बोरे की छानबीन की तो उसमें काले पशु के अवशेष मिले। पुलिस ने नगरपालिका परिषद की टीम बुलाकर पशु के अवशेष श्मशान भूमि के समीप जेसीबी की मदद से दफन करा दिए। इस दौरान पवन हिंदू, अनुपम शंखधार, प्रेम मौर्य, सोमवीर दिवाकर, विहिप के आशीष हिंदू आदि मौजूद रहे।

# ट्रेन की चपेट में आने से हुई थी युवक की मौत

**मीरगंज, अमृत विचार:** बहरोली गांव निवासी अरमान (20) का शव गूला रेलवे क्रॉसिंग से 100 मीटर धनेटा की ओर रेलवे ट्रैक पर शनिवार को मिला था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में ट्रेन से कटने से उसकी मौत होने की बात सामने आई।

प्रभारी निरीक्षक प्रयागराज सिंह ने बताया युवक की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आ गई है, जिसमें ट्रेन की चपेट आने से मौत की पुष्टि हुई है। परिजनों से अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। यदि तहरीर मिलती है तो आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। वहीं लोगों का कहना है कि अरमान ऑनलाइन गेम खेलता था, इस वजह से उस पर कर्ज हो गया था। शनिवार की रात जब वह घर आ रहा था तो उसके पास 17 हजार रुपये थे। जब शव मिला तो उसके पास सिर्फ 40 रुपये ही मिले, बाकी रुपए कहां गए ये भी संदेह है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

आवश्यकता है
- लैब टेक्निशियन (BMLT/DMLT)
- O.T. टेक्नीशियन
- पंचकर्म थेरेपिस्ट/असिस्टेंट (Male/Female)
- नर्स (Male/Female) (ANM/GNM)
- आयुर्वेद परिचारिका
- मैट्रन (नर्सिंग का अनुभव)
- वार्ड ब्यॉय/वार्ड आया
- कैंटीन कुक

रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
सेक्टर-7, रामगंगा नगर योजना, डोहरा रोड, बरेली।
मो. 8077808309, 9837357497

Admission Open
Session 2025-26
BIU COLLEGE OF PHARMACY BIUCOP BAREILLY Towards Professional Excellence
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
- D. Pharma (2 Years)
- M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
- B. Pharma (4 Years)
- M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
- M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
- M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)

ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
- D. Pharma (2 Years)
- B. Pharma (4 Years)

Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)

KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
- D. Pharma (2 Years)

Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)

BIU College of Management
- M.H.A. (2 Years)
- M.P.H. (2 Years)

Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com

Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

# प्रधानाध्यापक ने सरकारी धन हड़पा

**संवाददाता, नवाबगंज**

**अमृत विचार :** सेंथल के मदरसा जामा -ए- मेहंदीया में कोरोना काल में बच्चों के मध्यान्ह भोजन के लिए आई सरकारी सहायता राशि को प्रधानाध्यापक ने गबन कर लिया। प्रधानाध्यापक रियाज असकरी के खिलाफ हाफिजगंज में रिपोर्ट दर्ज हुई।

खंड शिक्षाधिकारी सत्यदेव के अनुसार सेंथल निवासी तफाकुर अली ने पोर्टल पर शिकायत की थी, कि मदरसे के प्रधानाध्यापक ने मध्यान्ह भोजन के फंड में बड़ा घोटाला किया है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जांच कराई गई तो पता चला कि मदरसे को 11,18,612 रुपये मध्यान्ह भोजन के लिए प्राप्त हुए थे। इसमें से 4,01,369 रुपये बच्चों के अभिभावकों के खातों में ट्रांसफर किए गए, लेकिन शेष 7,17,243 रुपये प्रधानाध्यापक रियाज असकरी ने स्वयं चेक काटकर अपने कर्मचारी रजा हैदर के माध्यम से निकाल लिए गए। वहीं जांच में पाया गया कि यह निकासी नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है और सरकारी राशि का निजी हित में उपयोग किया गया है। ऐसे में स्पष्ट होता है कि रियाज असकरी ने जानबूझकर फर्जीवाड़ा कर एमडीएम की रकम का गबन किया गया। जांच रिपोर्ट के आधार पर खंड शिक्षाधिकारी सत्यदेव ने थाना हाफिजगंज में रिपोर्ट दर्ज कराई। अब पुलिस मामले की विस्तृत छानबीन कर रही है। मामले में और भी नाम सामने आ सकते है। थाना प्रभारी पवन सिंह ने बताया कि मदरसे में मध्यान्ह भोजन में हुए घोटाले की एफआईआर दर्ज कर ली गई है, गहनता से जांच की जा रही है।




- **मध्यान्ह भोजन की राशि हड़पने पर बीईओ ने दर्ज कराई रिपोर्ट**

# पीटकर हत्या के मामले में तीन लोगों पर रिपोर्ट

**कैंट, अमृत विचार :** चेतना कॉलोनी निवासी शिव शक्ति पाठक की 4 जून को हुई मौत के मामले में मृतक के भाई सुधांशु पाठक ने नकटिया निवासी आकाश शर्मा उर्फ मेंटल, दीपक यादव और एक अज्ञात समेत तीन लोगों पर पीटकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए कैंट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

हालांकि मृतक के शरीर पर कोई भी चोट का निशान नहीं पाया गया। वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट न होने से बिसरा सुरक्षित किया गया था। आरोप है आरोपी मृतक के मकान के सामने अपने मकान की छत पर 3 जून की रात 10:30 बजे दो लड़कियों के साथ अश्लील हरकतें कर रहा था। जिसे शिव शक्ति पाठक और उसकी पत्नी ने देख लिया और विरोध किया।

इस पर आरोपी आग बबूला होकर उनके घर में घुस आए, और उनकी पत्नी के सामने ही शिव शक्ति पाठक से मारपीट की, बचाने के दौरान पूजा पाठक से भी मारपीट की गई। हत्यारोपी घायल के गले में पड़ी सोने की चेन भी निकाल कर ले गए। मृतक के भाई सुधांशु पाठक ने 5 जून को कैंट थाने में तहरीर दी थी, लेकिन पुलिस ने तीन दिन के बाद शनिवार देर रात तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की।

# पति पर दर्ज कराई मारपीट की रिपोर्ट

**मीरगंज, अमृत विचार:** एक महिला ने पति पर चरित्र शक के आरोप में पिटाई करने की रिपोर्ट दर्ज कराई।

पीड़िता का कहना है कि उसके पति सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 108 पर तैनात है। वह उस पर लगातार चरित्र संदेह करके उसके साथ मारपीट करते है। उसने आरोप लगाया उसका पति खुद मोबाइल पर दूसरी लड़कियों से बात करते हैं, और उसके साथ मारपीट करते हैं। उसे धमकी देते है कि दूसरी शादी करूंगा, जिससे वह मानसिक रूप से परेशान है। उसे उसके पति ने जान से मारने की धमकी दी है। प्रभारी निरीक्षक प्रयागराज सिंह ने बताया कि पीड़िता के पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### छात्रों ने किया योग, बैडमिंटन और शतरंज भी खेली



**बरेली, अमृत विचार :** क्यारा ब्लॉक के तालगौटिया स्थित राजकीय हाई स्कूल में समर कैंप में रविवार को विद्यार्थियों ने योग किया। इसके बाद प्रधानाचार्य सुभाष चंद्र मौर्य ने शतरंज और बैडमिंटन खिलाया। प्रधानाचार्य ने बताया कि समर कैंप न केवल बच्चों में स्वतंत्रता और आत्मविश्वास को बढ़ावा देता है, बल्कि उनके सामाजिक कौशल, नेतृत्व की क्षमता और शारीरिक फिटनेस को भी बनाए रखता है।

### समर कैंप में बच्चों ने सुनीं कहानी और खेले खेल



**फरीदपुर, अमृत विचार :** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की मोहल्ला बक्सरिया स्थिति पाठशाला में समर कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें दर्जनों बच्चों ने आत्मा का रुप कहानी के माध्यम से विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी ली और विभिन्न खेलों के माध्यम से मनोरंजन भी किया। समाजसेवी अमित तोमर ने बाबा के पांच बंदरों पर खेल खिलाते हुए कहा कि बुरा मत सुनो, बुरा मत बोलो, बुरा मत देखो, बुरा मत सोचो और बुरा मत करो पर चर्चा कर जानकारी दी, अन्य खेल भी खिलाए। इस अवसर पर जया बहन ने बच्चों को आशीर्वाद दिया और शुभकामनाएं दी। समर कैंप में अक्षरा अग्रवाल, सुहानी, अविका, अदित्य, वंश, पार्थ अग्रवाल, देव, सोनू, काव्या अनन्या, पार्थ, हैताश आदि बच्चों ने हिस्सा लिया। संचालन अक्षरा अग्रवाल ने किया।

### भागवत कथा के विश्राम के बाद हुआ भंडारा

**शेरगढ़, अमृत विचार :** घाटगांव पहाड़पुर स्थित काशी दास मंदिर पर आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के विश्राम के बाद यज्ञ हुआ। इसके बाद भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। महंत मनोज नाथ ने कहा कि भंडारा तीर्थ के समान होते हैं ऐसे कार्यक्रमों में सभी को बढ़ चढ़कर सहभागिता करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा सुनने से ही मनुष्य का कल्याण संभव हो जाता है। ऐसे प्रेरणादायक आध्यात्मिक कार्यक्रम हमें जीवन जीने की ओर उन्मुख करते हैं। इसलिए ऐसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में सभी की सामूहिक भागीदारी जरूरी है। इस अवसर पर अनुज चौहान, अनिल गंगवार, भोपत सिंह, प्रवेंद्र सिंह, रामवीर सिंह, मानसिंह, निरंकार सिंह, अतुल चौहान, विजय सिंह, भारत सिंह, सुमित सिंह, राजबहादुर, तेजपाल समेत अन्य मौजूद रहे।

### हरहरपुर मटकली में चला सघन चेकिंग अभियान



**हाफिजगंज, अमृत विचार :** अधिकारियों के निर्देश पर 15 दिवसीय विशेष चेकिंग अभियान चल रहा है। इसी क्रम में थाना हाफिजगंज के गांव हरहरपुर मटकली में रविवार को बांग्लादेशी, रोहिंग्या एवं अवैध रूप से छिपे घुसपैठिए, एवं संदिग्ध व्यक्तियों के तलाश के लिए सत्यापन किया गया। टीम में एसआई दीपक वर्मा, सेंथल रिठौरा पुलिस चौकी पर तैनात हेड कांस्टेबल विवेक बाबू शुक्ला महिला हेड कांस्टेबल रूप देई, चौकी सेंथल कांस्टेबल शिवशंकर रहे। टीम ने झुग्गियों -झोपड़ियो, डेरों, किराएदारों आदि की चेकिंग की। हालांकि खब किसी संदिग्ध के मिलने की जानकारी नहीं मिली।

### समुदाय विशेष के युवक ने किया आपत्तिजनक कार्य

**आंवला, अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल की ओर से दूसरे समुदाय के युवक पर चप्पल पहनकर भीम की गदा पर खड़े होने की तस्वीर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर भावनाएं आहत करने का आरोप लगाया। पदाधिकारियों ने पुलिस को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। संगठन की ओर से बताया गया कि रामनगर अहिच्छत्र क्षेत्र आस्था का केंद्र है। यहां जैन समाज के साथ महाभारत कालीन पांचाल प्रदेश की प्राचीन निशानियां मौजूद हैं। चंपतपुर गांव के युवक ने रामनगर स्थित किला की भीम गदा पर चप्पल पहनकर खड़े होकर फोटो खिंचाई और सोशल मीडिया पर पोस्ट की है। जिससे उनकी भावनाएं आहत हुई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि उक्त व्यक्ति आए दिन खुराफात करता रहता है। पदाधिकारियों ने जांच कर दोषी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान पवन हिंदू, अवधेश मौर्य, हिमांशु सोलंकी, निर्मल हिंदू, अजय श्रीवास्तव, सोमवीर दिवाकर, शिव चौधरी, जयपाल मौर्य, सुदेश कुमार, प्रेम मौर्य, शिवम चौहान, रोहित शर्मा, अमन मौर्य, किशन चौहान आदि मौजूद रहे।

### प्लॉट पर कब्जे को लेकर डॉक्टर पर हुई कार्रवाई

**नवाबगंज, अमृत विचार :** हाईवे स्थित एक भूखंड पर कब्जे को लेकर जिला चिकित्सालय में तैनात नवाबगंज के एक डॉक्टर पर शांति भंग की कार्रवाई पुलिस ने की। उक्त प्लॉट पर कब्जे को लेकर डॉक्टर और कस्बे के एक व्यापारी में लंबे समय से विवाद चल रहा है। आरोप है निर्माण पर रोक के आदेशों के बावजूद डॉक्टर की ओर से निर्माण कराया जा रहा था, जिसकी शिकायत पर पुलिस ने डॉक्टर को मौके से उठाकर शांति भंग में चालान कर दिया। कोतवाल राहुल सिंह ने बताया दूसरे पक्ष के एक व्यक्ति के विरुद्ध भी शांति भंग की कार्रवाई की गई है। बिना विभागीय अधिकारी की संस्तुति के सरकारी कर्मचारी के विरुद्ध की गई इस कार्रवाई पर सीएमएस अलका शर्मा ने बताया व्यक्तिगत मामलों में की जाने वाली आपराधिक कार्रवाई पर विभाग की अनुमति से कोई लेना देना नहीं है।

### अतिक्रमण की वजह जाम में फंसे लोग




**शेरगढ़, अमृत विचार :** शाही-शेरगढ़ मार्ग स्थित कस्बे की मुख्य बाजार में जाम के हालात बन रहे हैं। रविवार को भीड़ के चलते दिन भर वाहन चालक परेशान होते रहे। दरअसल शाही-शेरगढ़ मार्ग पर कस्बे में दोनों तरफ अतिक्रमण है। नाला के साथ ही सड़क किनारे ठेले और खोमचे वाले दुकान सजा रहे है। अतिक्रमण के चलते मार्ग इतना संकरा हो गया है कि दिन में कई बार जाम के हालात बनते है। मार्ग के किनारे खड़े बिजली के पोल भी यातायात व्यवस्था में बांधा बन रहे है। टंकी चौराहा से लेकर पेट्रोल पंप तक सबसे अधिक अतिक्रमण है। स्थानीय लोगों ने बताया अतिक्रमण के अलावा ई -रिक्शा चालकों की संख्या बढ़ने से भी जाम की समस्या बनी हुई है।

### दम घुटने से हुई थी महिला की मौत

**नवाबगंज, अमृत विचार :** बिजौरिया मोहल्ला निवासी गंगा राम की पत्नी नंदरानी ( 42 ) शनिवार सुबह पशुओं के लिए दूसरे घर से भूसा लेने गई थी, जहां भूसे के ढेर गिरने से दबकर उसकी मौत हो गई थी। काफी देर बाद भी नहीं लौटने पर उसकी तलाश की गई तो वह भूसे के ढेर में दबी पाई गई। उसके पति और ससुर उसे इलाज के लिए नवाबगंज एक निजी हॉस्पिटल में ले गए, जिसे देखते ही डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। महिला के भाई ने मौत को संदिग्ध बताते हुए पोस्टमार्टम की मांग की थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में महिला की दम घुटने से मौत होने की पुष्टि हुई। वहीं कोतवाल राहुल सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद महिला की दम घुटने से मौत की पुष्टि हुई हालांकि किसी ओर से तहरीर नहीं मिली है।

मूर्खा : यत्र न पूज्यन्ते धान्यं यत्र सुसंचितम् ।
दाम्पत्यो : कलहो नास्ति तत्र श्री स्वयमागता ॥

जहां मूर्खों का सम्मान नहीं होता, अन्न का भण्डार भरा रहता है और पति–पत्नी में कलह नहीं हो, वहां लक्ष्मी स्वयं आती है ।

## संपादकीय

# बढ़ता वैश्विक प्रभाव

जी-7 शिखर सम्मेलन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को न्योता मिलना भारत की कूटनीतिक ताकत की पुष्टि करता है। प्रधानमंत्री मोदी कनाडा में 15 जून से होने वाले जी-7 सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। वे 2019 से लगातार इस सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। कुछ दिन पहले भारत को इस सम्मेलन का न्यौता न मिलने पर विपक्षी दल ने इसे मुद्दा बनाया था। महत्वपूर्ण है कि कनाडा जानता है कि भारत को नजरअंदाज करना संभव नहीं है। यही वजह है कि प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने आर्थिक और वैश्विक कारणों का हवाला देते हुए भारत को सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया। पहलगाम आतंकी हमले और उसके बाद हुए ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान के साथ जो माहौल बना है, उस वजह से इस बार का जी-7 शिखर सम्मेलन भारत के लिए और भी महत्वपूर्ण हो गया है। ग्लोबल साउथ में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में भारत की आवाज सुनी जाती है। जी-7 विश्व की सर्वाधिक विकसित तथा उन्नत अर्थव्यवस्थाओं वाले देशों का समूह है, इस समूह में फ्रांस, जर्मनी, इटली, यूनाइटेड किंगडम, जापान, संयुक्त राज्य अमेरिका एवं कनाडा शामिल हैं। भारत इसका सदस्य नहीं है, लेकिन इस सम्मेलन में बतौर अतिथि देश आमंत्रित किया गया है। आमतौर पर जिस देश के पास जी-7 की अध्यक्षता होती है, वही किसी बाहरी देश को न्योता देता है। जी-7 सम्मेलन हर साल वैश्विक स्थिरता, आर्थिक विकास, जलवायु परिवर्तन, डिजिटल ट्रांजिशन और वैश्विक सुरक्षा जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा के लिए होता है। समूह की सिफारिशें वैश्विक नीतियों को प्रभावित करती हैं। गौरतलब है कि कुछ समय पहले कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के समय में खालिस्तानी आंदोलन को मिल रहे सरकारी संरक्षण से दोनों देशों के संबंधों में कटुता आ गई थी। परंतु तनावों के बावजूद, भारत और कनाडा के बीच मजबूत आर्थिक और आम लोगों के संबंध बने रहे हैं। कनाडा में लगभग 18 लाख भारतीय मूल के लोग और 10 लाख अप्रवासी भारतीय रहते हैं। यह कनाडा की आबादी का तीन प्रतिशत से अधिक है। लगभग 4,27,000 भारतीय छात्र वर्तमान में कनाडा के संस्थानों में पढ़ रहे हैं। साफ है कि भारत के वैश्विक स्तर पर बढ़ते प्रभाव की वजह से कनाडा की नई सरकार एक बार फिर नई शुरुआत करना चाहती है। भारत की सक्रिय कूटनीति और कनाडा की रणनीतिक दूरदर्शिता के बीच तालमेल एक सुरक्षित और निष्पक्ष वैश्विक व्यवस्था को आकार देने के लिए सामूहिक प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। स्पष्ट है कि भारत और कनाडा के संबंधों से एक अधिक समावेशी और लचीले अंतर्राष्ट्रीय ढांचे में योगदान मिलेगा।

# टीका निर्माण प्रक्रिया और प्रभाव बढ़ाने का विज्ञान



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

सन 2023 में विश्व में सभी टीकों की सात अरब खुराक खरीदी गईं थीं। कोविड महामारी पर काबू पा लेने के बाद कोविड–19 टीकों की कम खरीद के कारण इसमें उल्लेखनीय कमी हुई है। दुनिया में टीकों की बिक्री की आधी मात्रा सिर्फ मौखिक पोलियो (ओपीवी), कोविड–19 और मौसमी इन्फ्लूएंजा के लिए ही बनी रहती है।

वायरल और बैक्टीरियल बीमारियों से बचने के लिए हम टीके लगवाते हैं। लेकिन टीकों के विकास के इतिहास और टेक्नोलॉजी के बारे में जानने की दिलचस्पी भी रखनी चाहिए। टीकों के विकास की एक टाइमलाइन बनाई गई हैजो सिर्फ आधुनिक समय की कहानी बताती है। वैसे, खोजकर्ताओं ने टीकों–सदृश प्रयासों के बारे में भी खोजबीन एनशियेंट लिटरेचर से खोज ली है और बताया है कि चीन और भारत ने करीब–करीब एक साथ 1000 वर्ष पहले टीके (इनोक्युलेशन) का विकास किया था।

वर्ष 2024 में टीकाकरण पर विस्तारित कार्यक्रम की 50 वीं वर्षगांठ मनाई गई। इन 50 वर्षों में 15 करोड़ से अधिक लोगों की जान सिर्फ टीके लगाए जाने की वजह से बचाई गई है। वैश्विक स्तर पर शिशु मृत्यु में 40 प्रतिशत कमी टीकाकरण के कारण हुई है। कुछ क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। इसके बावजूद चिंता की बात है कि बचपन के टीकाकरण कवरेज का स्तर कई वर्षों से रुका हुआ है, जिससे अनेक बच्चे साल दर साल असुरक्षित रह जाते हैं। वैक्सीन बाजारों को समझना टीकों तक पहुंच बढ़ाने और टीकाकरण कवरेज को बेहतर बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण जानकारी स्रोत है। वर्ष 2024 में 207 देशों में 88 वैक्सीन उत्पाद बेचे गए जिन्हें विश्व में 116 टीका निर्माताओं से खरीदा गया था।

सन 2023 में विश्व में सभी टीकों की सात अरब खुराक खरीदी गईं थीं। कोविड महामारी पर काबू पा लेने के बाद कोविड-19 टीकों की कम खरीद के कारण इसमें उल्लेखनीय कमी हुई है। दुनिया में टीकों की बिक्री की आधी मात्रा सिर्फ मौखिक पोलियो (ओपीवी), कोविड-19 और मौसमी इन्फ्लूएंजा के लिए ही बनी रहती है। कार्यक्रम विस्तार और किसी बीमारी के प्रकोप में वृद्धि के कारण क्रमशः एचपीवी और चेचक/मंकीपॉक्स वैक्सीन में बड़ी मात्रा में वृद्धि हुई थी। वैश्विक वैक्सीन बाजार की खरीद की मात्रा में औसत वृद्धि दर तीन प्रतिशत थी जोकि मुख्य रूप से कोविड-19 टीकों के लिए थी। सन 2023 तक दुनिया में 20 बिलियन अमरीकी डॉलर के बराबर मूल्य की तो कोविड वैक्सीन की ही बिक्री हुई थी। वैक्सीन प्रोडक्शन में भारत एक सुपरपावर है। अंदाजा लगाएं कि भारत ने ही कोविड-19 की करीब तीन अरब खुराक की आपूर्ति दुनिया के 100 देशों को की थी। यह वैश्विक वैक्सीन निर्माण में विश्व में भारत की योगदान तकरीबन 60 प्रतिशत है। ऐसा तब है जबकि भारत खुद कोविड-19 महामारी से जूझ रहा था और कोरोना विषाणु के नए उपभेद और विभेद अर्थात स्ट्रेंस और वेरिएन्ट्स उभर रहे थे जिनके लिए नई और असरदार वैक्सीन्स को विकसित करने और इन्हें बनाकर सिस्टम में डालने की जरूरत तेज़ी से उभर रही थी। भारत के वैज्ञानिकों और तकनीशियनों दक्षता पूर्वक यह कर दिखाया क्योंकि देश में फार्मास्यूटिकल रिसर्च, क्लिनिकल फार्माकोलॉजी और मैन्युफैक्चरिंग का मजबूत आधार मौजूद है।

वायरल और बैक्टीरियल बीमारियों से बचने के लिए हम टीके लगवाते हैं। लेकिन टीकों के विकास के इतिहास और टेक्नोलॉजी के बारे में जानने की दिलचस्पी भी रखनी चाहिए। टीकों के विकास की एक टाइमलाइन बनाई गई हैजो सिर्फ आधुनिक समय की कहानी बताती है। वैसे, खोजकर्ताओं ने टीकों-सदृश प्रयासों के बारे में भी खोजबीन एनशियेंट लिटरेचर से खोज ली है और बताया है कि चीन और भारत ने करीब-करीब एक साथ 1000 वर्ष पहले टीके (इनोक्युलेशन) का विकास किया था। चीन में इस कहानी को ढूंढा जोसफ नीडहैम ने जिसने चीन के विज्ञान और टेक्नोलॉजी का इतिहास लिखा है। भारत में इसकी खोज के बारे में तब मालूम हुआ जब एक पुराना दस्तावेज़ भारत में इंडियन मेडिकल सर्विस में काम करने वाले एक ब्रिटिश फिजिशियन के हाथ लगा था।

एडवर्ड जेने और लुई पास्चर ने सबसे पहले टीका विकसित करने की टेक्नोलॉजी बनाई थी। अब तो ऐसे बहुत लोग हैं जिन्होंने अनेक विधियों से टीकों का विकास किया जिससे बड़े पैमाने पर इनका निर्माण किया जा सके। जेने द्वारा चेचक के विरुद्ध विकसित की गई टीका-टेक्नोलॉजी से लेकर कोविड के सब-यूनिट टीकों के विकास तक यह कहानी लंबी है। टीकों को कई रूपों में निर्मित किया जा सकता है, जिसमें निष्क्रिय (मारे गए), टॉक्सोइड, जीवित क्षीणित, वायरस जैसे कण, सिंथेटिक पेप्टाइड, पॉलीसैकेराइड, पॉलीसैकेराइड संयुग्म (ग्लाइकोकोनजुगेट), वायरल वेक्टरेड (वेक्टर-आधारित), न्यूक्लिक एसिड (डीएनए और एमआरएनए) और बैक्टीरियल वेक्टर/सिंथेटिक एंटीजन प्रेजेंटिंग सेल शामिल हैं। टीकों के निर्माण में कई प्रक्रियाओं का उपयोग किया जाता है और चिकित्सा/बायोमेडिकल इंजीनियरिंग, जीव विज्ञान, प्रतिरक्षा विज्ञान और वैक्सीनोलॉजी में हाल के विकासों ने अभिनव न्यूक्लिक एसिड वैक्सीन का उदय किया है जोकि पारंपरिक और सबयूनिट वैक्सीन में जोड़ी गई एक नई श्रेणी है।

टीके जैविक रचनाएं हैं जिनका उद्देश्य संक्रमण या बीमारी के विरुद्ध प्रतिरक्षा प्रणाली को उत्तेजित करना और तैयार करना है। वे रोगजनकों को पहचानने, प्रतिक्रिया करने और याद रखने के लिए अत्यधिक विकसित स्तनधारी प्रतिरक्षा प्रणाली की क्षमता का उपयोग करते हैं। टीकों का प्राथमिक घटक एंटीजन होते हैं जो रुचि के रोगजनक या जैव-निर्मित से प्राप्त होते हैं। अतिरिक्त घटकों में परिरक्षक, स्टेबलाइज़र, एक्सीपिएंट और निर्माण के दौरान मिलाये उत्पाद हो सकते हैं। शिशु, बुजुर्ग और प्रतिरक्षाविहीन व्यक्ति में प्रतिरक्षाजनन अथवा प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया को प्रेरित करने की क्षमता और प्रभावकारिता में सुधार करने और/या एंटीजन खुराक को कम करने जिससे वैक्सीन की सप्लाई में वृद्धि की अनुमति देने के लिए सहायक पदार्थ के तौर पर मिलाए जाते हैं।

टीका निर्माण के दौरान कम से कम छः और बातों का ध्यान रखा जाता है। इन्हें हम वैक्सीन कॉम्पोनेन्ट कह सकते हैं। ये हैंः एक्टिव इंग्रेडियेंट्स जोकि वायरल या बैक्टीरियल एंटीजन होती हैं। इनका काम इम्यून सिस्टम को उत्प्रेरित तो करती हैं लेकिन बीमारी पैदा नहीं करते। दूसरा है एड्जुवेंट जो वैक्सीन के प्रति इम्यून सिस्टम को बूस्ट करता है। तीसरा है एंटीबायोटिक्स जो वैक्सीन निर्माण के समय प्रदूषण नहीं होने देता।

चौथा है स्टेबलाइजर जो टीका बन जाने के बाद इसके रख-रखाव से संबंधित है और स्टोरेज के दौरान टीके के असर को खराब नहीं होने देता, पांचवां है प्रीज़र्वेटिव जो स्टोरेज की अवधि के दौरान टीके में फफूंद और संदूषित करने वाले जीवाणुओं को पनपने नहीं देता और अंतिम हैं ट्रेस कंपाउंड्स जोकि भण्डारण की अवधि ख़त्म हो जाने के बाद उत्पन्न होते हैं जैसे कि फॉर्मलडीहाइड और सैल-कल्चर के रूप में एक अवशेष हैं। कोशिश है कि विषाणु और जीवाणु जनित संक्रमणों से प्रतिरक्षा के लिए ज्यादातर टीकों का इस्तेमाल हो ताकि व्यक्ति के शरीर में दीर्घावधि असर के लिए बीमार होने पर लिए जाने वाली शार्ट-टर्म या अल्पावधि की दवाओं की इस्तेमाल कम हो जाए। टीकों के निर्माण के लिए मैन्युफैक्चरिंग प्लांट लगाने और इनके लिए आवश्यक सामग्री जुटाने हेतु टेक्निकल दक्षता के अलावा अरबों रुपये के निवेश की जरूरत होती है।

## प्रसंगवश

# गंभीरता से लागू करें प्लास्टिक पर प्रतिबंध

प्लास्टिक हमारी धरती के पर्यावरण, पारिस्थितिकी तंत्र, जीव-जंतुओं, मनुष्यों सभी के लिए एक बहुत बड़ा खतरा बनकर उभर रहा है। इंसान हो या पर्यावरण, समुद्री जीव हों या वनस्पतियां सभी की सेहत को प्लास्टिक ने बिगाड़ कर रख दिया है। आज स्थिति यह है कि आज प्लास्टिक ने हमारी नदियों, हमारे विभिन्न जल स्रोतों, समुद्र,थल व वायु सभी जगहों पर अपनी गहरी पैठ बना ली है। शहरों में तो कचरे के जो बड़े बड़े ढ़ेर नजर आते हैं, उसमें सबसे ज्यादा कचरा प्लास्टिक का ही होता है।

आंकड़े बताते हैं कि 1950 में दुनिया सिर्फ 20 लाख टन प्लास्टिक का उत्पादन करती थी और अब प्लास्टिक का उत्पादन बढ़ कर 45 करोड़ टन से अधिक हो गया है। स्टेट ऑफ इंडियाज एनवायरमेंट इन फिगर्स 2025 के मुताबिक, भारत में प्रतिबंध के बावजूद 2022-23 में प्लास्टिक का कचरा रिकॉर्ड 41.4 लाख टन तक पहुंच गया। यह बहुत ही गंभीर और संवेदनशील है कि भारत में हर साल 34 लाख टन से अधिक प्लास्टिक कचरा निकलता है, जिसमें से अधिकतर बैग, रैपर और पैकेजिंग जैसी एक बार उपयोग होने वाले वस्तुओं से आता है। कचरे के प्रबंधन के लिए प्रतिबंधों और नियमों के बावजूद, प्लास्टिक हमारे बाजारों, नालियों और महासागरों में भरा पड़ा है। पर्यावरण दिवस की थीम इस बार 'प्लास्टिक प्रदूषण को हराना' रखी गई, लेकिन आज चाय के कप से लेकर पानी की बोतल तक, घर हो या आफिस हर जगह प्लास्टिक बिखरा पड़ा है। यहां तक कि जीवन का कोई भी पहलू आज प्लास्टिक से अछूता नहीं रहा है। आज हर जगह प्लास्टिक की बेतहाशा मौजूदगी है।



सुनील कुमार महला
स्तंभकार

सच यह है भी है कि आज अधिकांश निराश्रित गायों की मृत्यु का कारण प्लास्टिक का सेवन ही है। आज पानी, मिट्टी और हवा में माइक्रो प्लास्टिक की मौजूदगी हो चुकी है। आईयूसीएन के अनुसार, हर साल कम-से-कम 8 मिलियन टन प्लास्टिक महासागरों में जाता है और यह सतही जल से लेकर गहरे समुद्र में तलछट तक सभी समुद्री मलबे का लगभग 80 प्रतिशत हिस्सा है। सच तो यह है कि माइक्रोप्लास्टिक आज एक बहुत बड़ी समस्या है, क्योंकि वे व्यापक रूप से पाए जाते हैं और पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभाव डालते हैं। वास्तव में माइक्रो प्लास्टिक तो आज एक अदृश्य खतरा है।

माइक्रोप्लास्टिक प्रदूषण के प्रभाव सिर्फ़ पर्यावरण तक ही सीमित नहीं हैं। जैसे ही माइक्रोप्लास्टिक पानी में पहुंचता है, उसे मछली, मसल्स और दूसरे जानवर खा लेते हैं और गलती से उसे खाना समझ लेते हैं। ये जानवर हमारी प्लेटों में पहुंच जाते हैं और प्लास्टिक के कणों को मानव खाद्य श्रृंखला में ले आते हैं। एक चिंताजनक अध्ययन से पता चला है कि लोग प्रति सप्ताह पांच ग्राम तक माइक्रोप्लास्टिक निगल लेते हैं, जो एक क्रेडिट कार्ड के बराबर वजन है।

वास्तव में माइक्रो प्लास्टिक प्रदूषण को रोकने के लिए हमें व्यक्तिगत पहल करनी होगी। मसलन, शून्य-अपशिष्ट, डिस्पोज़ेबल और खुद के बर्तनों का उपयोग करना, बोतलबंद पानी तथा प्लास्टिक पैकेजिंग का उपयोग न करना आदि कुछ ऐसे कदम हैं जिन्हें प्रत्येक नागरिक माइक्रोप्लास्टिक प्रदूषण को रोकने के लिए उठा सकता है। हालांकि, इसके गंभीर खतरों को देखते हुए हमें अपने जीवन में कुछ बदलाव करने की जरूरत है। मसलन, हम प्लास्टिक का कम से कम उपयोग या शून्य उपयोग करें। बहरहाल, यह विडंबना ही कही जा सकती है कि आज हमें प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने में सफलता नहीं मिल पा रही हैं। वास्तव में देखा जाए तो इसके पीछे कई चुनौतियां हैं। प्लास्टिक का व्यापक उपयोग, सस्ते विकल्पों का अभाव आदि इस दिशा में गंभीर बाधाएं बने हुए हैं। प्लास्टिक कचरे के प्रबंधन और रीसाइक्लिंग(पुनर्चक्रण) की व्यवस्था भी सरकार के सामने एक बड़ी व गंभीर चुनौती है। प्लास्टिक प्रदूषण रोकने के लिए, सबसे पहले प्लास्टिक के उपयोग को कम या बंद करना होगा। हमें यह चाहिए कि हमप्लास्टिक के रैप के बजाय पुनः प्रयोज्य सामग्री का उपयोग करें। प्लास्टिक के कंटेनर के बजाय धातु या कांच के कंटेनर का उपयोग किया जा सकता है, और प्लास्टिक की पानी की बोतलें और थैली के बजाय पुनः उपयोग योग्य बोतलों और बैग आदि का उपयोग किया जा सकता है। हमें चाहिए कि हम पुनर्चक्रण में योगदान करें।

# शिक्षा, जनसंख्या एवं जाति



पारसनाथ राय
वरिष्ठ अधिवक्ता

आखिरी बार 1931 में जाति जनगणना हुई थी। तब आज के पाकिस्तान और बांग्लादेश भी भारत का हिस्सा हुआ करते थे।

जाति जनगणना को लेकरसियासत गर्म है। 1931 की जनगणना एक बहुत ही महत्वपूर्ण दस्तावेज है और अध्ययन के योग्य है, क्योंकि यह आखिरी बार था जब किसी जनगणना में जाति और समुदाय के चश्मे से भारत की जांच की गई थी- जो आयाम 1951 के बाद की जनगणना रिपोर्टों में वर्जित रहे हैं।

जातिवार बात की जाए तो पूरे ब्रिटिश इंडिया में सबसे अधिक आबादी ब्राह्मणों की थी, जो डेढ़ करोड़ से ज्यादा थे। इसके बाद दूसरा स्थान जाटव समुदाय का था, जो संख्या में 1 करोड़ 23 लाख से थोड़े ज्यादा थे। वहीं तीसरे स्थान पर राजपूत थे, जिनकी आबादी 81 लाख थी। तीसरे स्थान पर महाराष्ट्र की कुनबी जाति थी, जिन्हें आज ओबीसी कैटिगरी में रखा गया है। उनकी आबादी 64 लाख 34 हजार थी। वहीं यादव (अहीर) समाज के लोगों की संख्या 56 लाख 82 हजार थी। इसके बाद स्थान तेली बिरादरी का था, जिनकी आबादी 42 लाख 58 हजार पाई गई थी। वहीं ग्वाला की आबादी 40 लाख से ज्यादा थी। आखिरी बार 1931 में जाति जनगणना हुई थी। तब आज के पाकिस्तान और बांग्लादेश भी भारत का हिस्सा हुआ करते थे। ब्रिटिश इंडिया में हुई इस जाति जनगणना में ओबीसी जातियों की आबादी 52 फीसदी पाई गई थी, जबकि देश भर की जनसंख्या उस वक्त 27 करोड़ थी। इसी के आधार पर मंडल कमीशन ने सिफारिशें दी थीं।1931 की जनगणना के अनुसार अखिल भारतीय स्तर पर बंगाल के वैद्य, कई राज्यों में बसे कायस्थ और केरल के नायर जातियों में सबसे अधिक साक्षर थे। इन तीनों समूहों के पास पारंपरिक व्यवसाय या सामाजिक परिस्थितियां थीं, उनके शैक्षिक विकास में सहायक प्रतीत होती थीं। वैद्य पेशे से चिकित्सक थे, कायस्थ लेखक थे और नायर मालाबार क्षेत्र से थे। इन्होंने शिक्षा में शुरुआती प्रगति की थी।

जनगणना के आंकड़ों के मुताबिक वैद्यों में 78.2 प्रतिशत पुरुष और 48.6 प्रतिशत महिलाएं साक्षर थीं। कायस्थों में 60.7 प्रतिशत पुरुष और 19.1प्रतिशत महिला साक्षरता थी। वहीं नायरों में 60.3 प्रतिशत पुरुष और 27.6प्रतिशत महिला साक्षरता थी। इस प्रकार मातृवंशीय नायरों सहित सर्वाधिक साक्षर जातियों में भी महिला साक्षरता, पुरुष साक्षरता की तुलना में काफी कम थी, जो पितृसत्तात्मक संबंधों को दर्शाती है। जहां परिवारों ने पुरुषों की शिक्षा पर अधिक ध्यान दिया, जिनसे लाभदायक रोजगार की अपेक्षा की गई थी। पंजाब की एक वाणिज्यिक जाति खत्री अखिल भारतीय स्तर पर चौथे स्थान पर रही, जिसमें 45.1 प्रतिशत पुरुष साक्षरता और 12.6प्रतिशत महिला साक्षरता थी।

1931 की जनगणना में अखिल भारतीय साक्षरता सूची में पांचवें स्थान पर ब्राह्मण थे। राष्ट्रीय स्तर पर ब्राह्मणों में 43.7 प्रतिशत पुरुष साक्षरता और 9.6प्रतिशत महिला साक्षरता थी। वे अन्य प्रमुख "उच्च जाति" समुदाय, राजपूतों से बहुत आगे थे, जिनकी पुरुष साक्षरता 15.3प्रतिशत और महिला साक्षरता सिर्फ़ 1.3प्रतिशत थी। साक्षरता के मामले में अखिल भारतीय स्तर पर कई जातियां बहुत पीछे थीं। उत्तर-पश्चिम भारत के प्रभावशाली जाट समुदाय में पुरुष साक्षरता 5.3 प्रतिशत और महिला साक्षरता 0.6 प्रतिशत थी।उत्तर भारत में प्रभावशाली ओबीसी जाति यादव में पुरुष साक्षरता सिर्फ़ 3.9 प्रतिशत और महिला साक्षरता 0.2प्रतिशत थी। दलितों में एक प्रमुख जाति महार से डॉ. बी.आर. अंबेडकर संबंधित थे, अन्य अनुसूचित जाति (एससी) समूहों की तुलना में अधिक शिक्षित पाए गए, जिनमें 4.4प्रतिशत पुरुष साक्षरता और 0.4प्रतिशत महिला साक्षरता दर्ज की गई।

उत्तरी राज्यों में दक्षिणी राज्यों की तुलना में साक्षरता दर कम दर्ज की गई, जिससे अखिल भारतीय जाति पैटर्न में भारी अंतर देखने को मिला। उत्तर भारतीय राज्यों में ब्राह्मण साक्षरता के आंकड़े दक्षिण की तुलना में कम थे, लेकिन फिर भी अधिकांश अन्य जातियों की तुलना में अधिक थे। बिहार और ओडिशा में, कायस्थ समूह सबसे अधिक साक्षर था, जिसमें 60.5प्रतिशत पुरुष साक्षरता और 11.8 प्रतिशत महिला साक्षरता थी, उसके बाद ब्राह्मण (35.6प्रतिशत पुरुष और 2.8प्रतिशत महिला साक्षरता), भूमिहार (23.3प्रतिशत पुरुष और 2.8प्रतिशत महिला साक्षरता) और राजपूत (21.7प्रतिशत पुरुष और 1.3 प्रतिशत महिला साक्षरता) थे। स्वतंत्रता के बाद तत्कालीन नेहरू सरकार ने जाति गणना को बंद करने का फैसला किया, यह तर्क देते हुए कि यह राष्ट्रीय एकता को कमजोर कर सकता है और सामाजिक विभाजन को गहरा कर सकता है।

## सोशल फोरम

# भटकना आदमी का स्वभाव



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

भटकना तो आदमी का स्वभाव है। यदि आदमी ना भटके तो हमारे इतने सारे धर्म ,बाबा , साधु संत ,रिश्तेदारों और हमारी आपकी पत्नियों के पास फिर काम ही क्या रह जाएगा ? किसे रास्ते पर लाने के उपदेश देंगे ये? और इसमें हमारी आपकी गलती है भी क्या ? इतने सारे रास्ते है ही क्यों ? एक होता हम नाक की सीध में चलते और पहुंच जाते। आदमी भटकना नहीं चाहता पर इतने सारे रास्ते उसे कन्फ्यूज कर देते है,ब हुत बार वो नया रास्ता बनाना चाहता है इसलिए भी एक नई दिशा की तरफ़ निकल पड़ता है। ऐसे में या तो वो खुद खो जाता है या दूसरों को रास्ता दिखाने में कामयाब हो जाता है। कोलंबस को ही ले लीजिए। भटकने के कारण नाम कमा गया वो। भटकने से बचने के ध्यान की दुकानें भी है हमारे यहां। पर बहुत बार यहां ध्यान खुद भटका मिलता है आपको। आप इस नतीजे पर पहुंचते हैं कि दुकान खोले बैठे महारथी खुद अंधे हैं और अंधों से रास्ता दिखाने की उम्मीद रखना बेकार ही है।

और फिर भटके हुए को भटकना मानना ही क्यो है ? हो सकता है उसे ये खबर हो कि दुनिया गोल है। आप जहां जाना चाहते है वहां एक ना दिन पहुंच ही जाएंगे। हरिवंश राय बच्चन ऐसे ही थोड़े बता गए हैं कि राह पकड़ ले एक चला चल। पा जाएगा मधुशाला। ऐसे में किसी को भटकता हुआ देखें तो उसे एकदम से शराबी ना मान लें हो सकता है वो कोई पहुंचा हुआ संत हो और आपको राह दिखाने आया हो।

भटके हुओ को रास्ता दिखाने की ज़िम्मेदारी सबसे पहले ध्रुव तारे ने संभाली फिर गुरू तलाशे गए। कंपास भी आगे आया उसके लिए और आजकल इन सबका काम गूगल कर रहा है। इन सारे तरीक़ों के बावजूद जो भटकना चाहता है वो भटक ही जाता है। और फिर भटकने का अपना रोमांच है। भटकने वाला इंसान ,नई जगहों और नए लोगों से मिलाता है। भटकना आपको ज्ञानी तो बनाता ही है ,बहुत बार जवान भी कर जाता हैं। आदमी भटकता क्यों है ? बंदा शातिर हो जेब भारी हो तो भटकना आसान। और इन सब से बड़ी बात कि विधाता ने आपके लिए अर्श या फर्श क्या तय किया हुआ है। ऐसे मे जब पहुंचे, जहां पहुंचे उससे राजी रहे और आप कर भी क्या सकते हैं?

**-फेसबुक वॉल से**

# कोमल मन पर भारी कठोर परवरिश



अमित बैजनाथ गर्ग
वरिष्ठ पत्रकार

असल में यह घटना उन मां–बाप के लिए किसी सबक से कम नहीं है, जो बात–बात पर सबके सामने अपने बच्चों को बुरी तरह डांट देते हैं।

हाल ही में पश्चिम बंगाल के पंसकुरा में 7वीं क्लास में पढ़ने वाले बच्चे ने इसलिए आत्महत्या कर ली, क्योंकि उसकी मां ने सबके सामने उसको डांट दिया था। बच्चा अपने पीछे एक सुसाइड नोट छोड़ गया है, जो झकझोर देने वाला है। अपने सुसाइड नोट में बच्चे ने लिखा था कि मां मैंने चोरी नहीं की। बच्चे के ये आखिरी शब्द दिल को झकझोर देने वाले हैं। दरअसल स्कूल में पढ़ने वाले 13 साल के कृष्णेंदु दास पर एक मिठाई की दुकान से चिप्स के तीन पैकेट चुराने का आरोप लगा था। मिठाई की ये दुकान गोसाईंबेर बाजार में एक सिविल वॉलंटियर की थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि दुकानदार की गैरमौजूदगी में बच्चे ने दुकान से चिप्स के तीन पैकेट चुरा लिए थे।

दुकान मालिक ने बच्चे को दुकान से थोड़ी दूर चिप्स के पैकेट के साथ देखा, तो उसके पीछे दौड़ पड़ा। उससे चोरी के बारे में पूछताछ की गई। उसने दुकानदार को पांच रुपए के हिसाब से तीन चिप्स के पैकेट के 15 रुपए दे दिए। इसके बाद भी दुकानदार नहीं माना। वह पैसे लौटाने के बहाने बच्चे को वापस दुकान पर ले गया और उसको मारा-पीटा। इतना ही नहीं, दुकानदार ने बच्चे से सार्वजनिक रूप से माफी भी मंगवाई। बच्चे के साथ ये सब अभी हुआ ही था कि उसकी मां को जैसे ही इस बारे में पता चला, वह भी उसे फिर से उसी मिठाई की दुकान पर लेकर गई और सबके सामने डांटा। इस बात से 13 साल का लड़का इस कदर आहत हो गया कि घर लौटते ही उसने कीटनाशक पीकर आत्महत्या करने की कोशिश की। गंभीर हालत में उसे तुरंत मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

पुलिस का कहना है कि बच्चे के कमरे से एक सुसाइड नोट बरामद किया गया है। इसमें कृष्णेंदु ने आत्महत्या करने से पहले अपनी नोटबुक में लिखा है कि मां मैंने चोरी नहीं की। मुझे वो सड़क पर पड़े मिले थे। मैंने चोरी नहीं की है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि मिठाई दुकानदार के बर्ताव की वजह से बच्चा ऐसा खौफनाक कदम उठाने को मजबूर हो गया। तब से दुकान मालिक फरार है। परिवार इस बात को भी मान रहा है कि मां के सार्वजनिक रूप से डांटे जाने का भी बच्चे के मन पर गहरा असर हुआ। मां की डांट से बच्चा बहुत दुखी था। यह डांट उसके मन में घर कर गई। वह इस तरह के व्यवहार को सहन नहीं कर सका।

असल में यह घटना उन मां-बाप के लिए किसी सबक से कम नहीं है, जो बात-बात पर सबके सामने अपने बच्चों को बुरी तरह डांट देते हैं, क्योंकि उम्र के इस पड़ाव में बच्चे बहुत ही कोमल और संवेदनशील होते हैं। वह हर बात को अपनी बेइज्जती से जोड़ लेते हैं। कई बार वह ऐसा कदम उठा लेते हैं, जिसके बाद पछताने के अलावा कोई और रास्ता परिवार के पास भी नहीं होता, इसलिए माता-पिता को बच्चों के साथ पेश आने में बहुत ही सतर्कता बरतनी चाहिए। किसी भी बात पर उनको समझाएं, न कि सबके सामने उन्हें डांटें। अगर डांटना बहुत जरूरी है, तो अकेले में ही डांटें। सबके सामने ऐसा करने से बचें, ताकि उनको बेइज्जती महसूस न हो।

चाइल्ड एक्सपर्ट का कहना है कि आज के दौर में बच्चों की परवरिश करना बिल्कुल भी आसान नहीं है। उन्हें अच्छे या बुरे की अहमियत समझाना बहुत जरूरी है, लेकिन प्यार और अपनेपन के साथ। हर बात पर उन्हें डांटना या पीटना ठीक नहीं है। कुछ एक्सपर्ट कहते हैं कि माता-पिता बच्चों को नहीं डांटें तो वे मनमानी करते हैं और अगर डांटें तो बच्चे दिल पर ले लेते हैं। ऐसे में बड़ा सवाल ये है कि मां-बाप बच्चों को कैसे समझाएं, क्योंकि बच्चों का मन बहुत ही कोमल होता है। छोटी-छोटी बातों का उनके मन पर गहरा असर होता है। अगर सबके सामने उनको डांट दिया जाए, तो वे इसे अपनी बेइज्जती समझ लेते हैं। आहत होकर कई बार वह गलत कदम उठा लेते हैं।

असल में परिवार को अब इस बात को समझना होगा कि बदलते माहौल में बच्चों की परवरिश यदि उसके अनुसार न हो, तो उसके परिणाम गंभीर होते हैं। आमतौर पर कुछ बच्चे काफी सहज और सरल होते हैं, तो कुछ बेहद ही संवेदनशील। ऐसे में उनके स्वभाव के अनुसार ही उनकी देखभाल करने की जरूरत होती है। बच्चों की भावनाओं का ख्याल रखना बेहद जरूरी होता है। उनके कोमल मन को समझना भी बहुत जरूरी है। हर बात वह गलत हों, ऐसा जरूरी नहीं है। कई बार बच्चे सच बोल रहे होते हैं, तो भी उन्हें गलत मान लिया जाता है। परिवार को सही और गलत के निर्णय पर पहुंचने से पहले कई बार सोचना होगा। हर बात पर बाल मन का इस तरह तिरस्कार करना सही नहीं कहा जा सकता। हर बच्चे को कृष्णेंदु बनने से बचाना होगा।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- bly.editor@amritvichar.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# सहसवान में भाई की डांट से क्षुब्ध बहनों ने खाया जहर, मौत

संवाददाता, सहसवान (बदायूं)

**अमृत विचार :** बदायूं जिले के कोतवाली सहसवान क्षेत्र के गांव भवानीपुर खल्ली में दो बहनों में विवाद के बाद भाई ने डांटा तो उन्होंने विषाक्त पदार्थ (जहर) खा लिया। दोनों की हालत गंभीर होने पर अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने एक युवती को मृत घोषित कर दिया, जबकि कुछ समय के बाद उसकी बहन की भी मौत हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मौत के बाद परिजनों में चीत्कार मचा है।

सहसवान क्षेत्र के गांव भवानीपुर खल्ली निवासी दो बहन मैरूल (17) और मैरीन उर्फ जीवा (18) पुत्री जवार के बीच रविवार को खाना बनाने को लेकर विवाद हो गया था। काफी समय तक दोनों में कहासुनी होती रही, जिसके चलते उनके भाई ने दोनों बहनों को डांट दिया था। इससे क्षुब्ध होकर दोनों बहनों ने विषाक्त पदार्थ खा लिया। कुछ समय के बाद दोनों बहनों की हालत बिगड़ गई। परिजन दोनों बहनों को इलाज के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां चिकित्सक ने मैरीन उर्फ जीवा को मृत घोषित कर दिया और मैरूल का इलाज शुरू किया, लेकिन कुछ समय के बाद उसकी भी मौत हो गई। सहसवान के उपनिरीक्षक विनोद कुमार ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

- **खाना बनाने को लेकर हुआ था विवाद, अस्पताल में तोड़ा दम**

# नौकरी दिलाने के नाम पर युवकों से लाखों की ठगी

**बिजनौर, अमृत विचारः** इनकम टैक्स विभाग में नौकरी लगवाने के नाम पर युवाओं से ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है।

पुलिस से की गई शिकायत में ग्राम पुरैनी दुर्वेशपुर निवासी आशीष शर्मा ने बताया की कोचिंग केंद्र पर रिटायर्ड एक प्रधानाचार्य अपनी पत्नी के साथ आए। उन्होंने केंद्र संचालक को इनकम टैक्स आदि विभागों में नौकरी लगवाने की बात कही। कोचिंग में नौकरी की तैयारी कर रहे थाना शिवाला कला के गांव हीमपुर पृथया निवासी रजत कुमार, स्योहारा के गांव कमाला निवासी राहुल गुर्जर, बिशनपुर निवासी अंकित कुमार व नूरपुर के गांव पूरनपुर स्याना निवासी दिनेश कुमार, अंकित कुमार से तीन किस्तों में 88 लाख रुपए ले लिए।

## द्वारचार के दौरान विवाद होने पर पकड़ ले गई थी पुलिस, दोस्तों के छूटने पर हो सकी शादी

# दूल्हे के दोस्तों को छुड़ाने कोतवाली पहुंच गई दुल्हन

संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचारः** शादी समारोह में द्वारचार के दौरान विवाद होने पर पुलिस दूल्हे के दोस्तों को पकड़कर कोतवाली ले गई। इससे नाराज दूल्हे ने शादी की रस्में रोक दी, जिससे शादी समारोह में हड़कंप मच गया।

मंडप में शादी के लिबास में बैठी दुल्हन से रहा नहीं गया तो वह दूल्हे के दोस्तों को छुड़ाने के लिए कोतवाली पहुंच गई। बोली, दोस्तों को छोड़ दीजिए, अन्यथा उसकी शादी नहीं हो पाएगी, इसके बावजूद पुलिस नहीं पसीजी। रविवार को दूल्हे के दोस्तों की जमानत के बाद



कोतवाली के बाहर खड़ी दुल्हन।

शादी की रस्में पूरी हो सकीं। बांदा के शंकर नगर मोहल्ला निवासी हिमांशु निषाद ने बताया कि उसके छोटे भाई विकास की बारात शनिवार को कस्बे के बांदा रोड स्थित एक गेस्ट हाउस में आई थी। कन्या पक्ष कस्बे के मंगीपुरवा मोहल्ले का रहने वाला है। लड़की गुड़िया के पिता भोला ने बारातियों का स्वागत-सत्कार किया।

द्वारचार के दौरान दूल्हे के साथी डीजे और बैंडबाजा की धुन में डांस कर नोट लुटा रहे थे। इसी बीच मोहल्ले का अर्जुन वर्मा और कुछ बच्चे बारातियों के बीच में घुसकर नोट उठाने लगे। मस्ती में डांस कर रहे किसी बाराती का पैर अर्जुन को लग गया, जिस पर वह बारातियों से विवाद करने लगा।

बेवजह विवाद करने पर आक्रोशित दूल्हे के दोस्त जितेंद्र शुक्ला, कल्लू चौहान, संतोष यादव, गोविंद धुरिया और उत्कर्ष यादव आदि ने उसे मारपीट कर वहां से भगा दिया। थोड़ी देर बाद अर्जुन अपने आधा दर्जन से अधिक दोस्तों के साथ गेस्ट हाउस पहुंचा और दूल्हे के दोस्तों के साथ मारपीट शुरू कर दी। इससे विवाह कार्यक्रम में अफरा-तफरी मच गई।

शादी समारोह में मारपीट की सूचना मिलने पर पुलिस गेस्ट हाउस पहुंची और दूल्हे के दोस्तों के साथ दूसरे पक्ष के आधा दर्जन आरोपियों को कोतवाली ले आई।

मामले की नजाकत को भांपकर तमाम बाराती बगैर खाना खाए शादी समारोह से चले गए। इस बात दूल्हा विकास को नागवार लगी। उसने दोस्तों को पुलिस के पकड़कर कोतवाली ले जाने पर शादी की आगे की रस्में पूरी करने से इनकार कर दिया और कहा कि जब तक उसके दोस्त नहीं आ जाते, वह किसी भी कीमत पर शादी नहीं करेगा। इस बात की जानकारी जब दुल्हन गुड़िया को हुई तो वह शादी के लिबास में ही कोतवाली पहुंच गई और पुलिस से बारातियों को छोड़ने की मिन्नतें करने लगी, लेकिन पुलिस ने उसकी बात को अनसुना कर दिया और दोस्तों को नहीं छोड़ा।

पुलिस ने रविवार को सभी आरोपियों का शांतिभंग के आरोप में चालान कर दिया। इसके बाद दूल्हे के दोस्तों की जमानत हुई। तब दोपहर बाद शादी की रस्में पूरी कराई गईं।

# सूडा के प्रोजेक्ट मैनेजर ने कमरे में फंदे से लटक कर दी जान

**लखनऊ, अमृत विचार :** पूर्व आईएएस मंगला प्रसाद मिश्रा के पुत्र सुधाकांत मिश्रा (59) ने शनिवार रात को अपने घर के कमरे में फंदा लगाकर जान दे दी। इंस्पेक्टर गाजीपुर विकास राय के मुताबिक इंदिरानगर बी-ब्लॉक के निवासी सुधाकांत मिश्रा (59) सूडा में प्रोजेक्ट मैनेजर थे। तीन महीने बाद ही वह सेवानिवृत्त होने वाले थे। उनके बेटे कार्तिकेय मिश्र ने बताया कि 15 वर्ष से पिता डिप्रेशन में थे। इलाज चल रहा था।

पुलिस के मुताबिक शनिवार रात कार्तिकेय अस्पताल में भर्ती अपनी सास को देखने चले गए थे। घर पर मां इंदिरा और पिता सुधाकांत थे। देर रात घर लौटे तो पिता के कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। मां दूसरे कमरे में थीं। मां-बेटे ने कई आवाजें लगाई, लेकिन जवाब नहीं मिला। खिड़की से झांका तो सुधाकांत बिजली के केबल से बने फंदे के सहारे पंखे से लटक रहे थे। दरवाजा तोड़कर कार्तिकेय ने उन्हें फंदे से उतारा और निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। शव घर लाने के बाद पुलिस को सूचना दी।

बीमारी के कारण सुधाकांत छुट्टी पर चल रहे थे। कुछ दिन पहले ही अस्पताल से घर आए थे। पुलिस के मुताबिक सुधाकांत चार बार खुदकुशी करने का प्रयास कर चुके थे। घरवालों ने किसी पर आरोप नहीं लगाया है।

# योगी ने अखिलेश और शिवपाल पर साधा निशाना

## औरैया में बोले - पूर्व की सरकारों में भ्रष्टाचार का बोलबाला था

कार्यालय संवाद, औरैया

**अमृत विचारः** पहले की सरकारों में भ्रष्टाचार का बोलबाला था। युवाओं के लिए जो सरकारी भर्तियां निकलती थीं, उसमें चाचा-भतीजे (अखिलेश व शिवपाल पर निशाना) की जोड़ी की ऐसी नजर लगती थी कि वो रद्द हो जाती थीं। देश के युवाओं की उम्मीदें टूट जाती थीं और वह बेरोजगार रहता था। अब डबल इंजन की सरकार ने रोजगार के रास्ते खोले हैं। वन डिस्ट्रिक्ट वन नेशन के तहत अब तक 2 करोड़ युवाओं को हमारी सरकार नौकरी दे चुकी है। सिर्फ यूपी पुलिस में ही अब तक डेढ़ लाख भर्तियां की जा चुकी हैं, जो रिकॉर्ड है। यह बात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को यहां कही।

मुख्यमंत्री ने जनसभा के दौरान मक्का किसानों से बात की। अजीतमल के जनता महाविद्यालय में हुए कार्यक्रम के दौरान बच्चों को खिलौने बांटे। एक बच्चा रोने लगा तो उन्होंने से उसे गोद में लिया और खिलौना देकर शांत कराया। योगी ने आईसीआरए के दौरे के बाद



लाभार्थियों को चेक वितरित करते सीएम योगी आदित्यनाथ। ● अमृत विचार

कहा कि मकई एक संपूर्ण पौष्टिक आहार है। स्वीट कॉर्न, बेबी कॉर्न, फ्यूल और बायोवेस्ट के रूप में इसकी उपयोगिता बढ़ी है। उन्होंने कहा कि जल्द ही औरैया में मकई के लिए क्रय केंद्र बनाकर एमएसपी की घोषणा की जाएगी।

उन्होंने कहा कि पहले किसी भी सरकार ने औरैया में मेडिकल कॉलेज की मांग नहीं उठाई, लेकिन स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सुझाव पर हमने इसे मंजूरी दे दी। 250 करोड़ की लागत से लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर मेडिकल कॉलेज का निर्माण हो गया है। अगली बार जल्द ही इसके उद्घाटन पर औरैया आऊंगा। योगी ने कहा कि पिछली सरकारों ने महापुरुषों का अपमान किया, जनता के साथ मक्कारी की। हमारी सरकार महापुरुषों और जनता दोनों का सम्मान करती है।

उन्होंने कहा कि काशी का मंदिर जो औरंगजेब ने तोड़ा था, उसे अहिल्याबाई ने फिर से बनवाया। आक्रांताओं से क्षतिग्रस्त देश के अधिकांश मंदिरों को उन्होंने ही दोबारा स्थापित किया। इसीलिए हमने औरैया के विश्वविद्यालय का नाम बदलकर लोकमाता अहिल्याबाई के नाम पर रखा है। इस मौके पर कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल आदि मौजूद रहे।

# बांके बिहारी मंदिर में वीआईपी दर्शन के नाम पर वसूली, दो गिरफ्तार

**मथुरा, एजेंसीः** जिले में पुलिस ने वृन्दावन स्थित बांकेबिहारी मंदिर में वीआईपी (अति विशिष्ट व्यक्ति) दर्शन के नाम पर श्रद्धालुओं से पैसे ऐंठने वाले फर्जी बाउंसर गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।

पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) संदीप सिंह ने बताया कि ये लोग सोशल मीडिया पर माधव बाउंसर ग्रुप के नाम से प्रचार करते थे कि वे भीड़ से बचाकर वीआईपी दर्शन की सुविधा प्रदान करते हैं। कई लोगों ने इसे लेकर शिकायत भी की थी। लेकिन कोई कार्रवाई नही हुई। सीओ ने बताया कि आरोपी इसकी एवज में श्रद्धालुओं से रुपये वसूलते थे। अधिकारी ने बताया कि ये गिरोह मंदिर परिसर के भीतर तक श्रद्धालुओं को जबरन घुसाकर उन्हें दर्शन करवाता और इस पूरी प्रक्रिया की वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट करता था ताकि उन्हें अन्य ग्राहक भी मिलते रहें। उन्होंने बताया कि इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर कोसीकलां निवासी रोहित और मथुरा के सौंख रोड निवासी लक्की उर्फ छोटू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। इनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

# हनीमून पर गए दंपती 11 दिन से लापता, खोजबीन जारी



लापता दंपती की तलाश करती एनडीआरएफ की टीम। ● अमृत विचार

संवाददाता, प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** हनीमून पर गए दंपती का 11 वें दिन भी पता नहीं लग सका। परिजन रो रो कर बेहाल हैं। युवक के पिता ने सिक्किम में अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग से तलाशी अभियान में खोजी दल की संख्या बढ़ाने की फरियाद की है। उदयपुर थाना क्षेत्र के राहाटीकर निवासी शेर बहादुर सिंह के पुत्र कौशलेंद्र प्रताप सिंह व बहू अंकिता सिंह सिक्किम में हनीमून पर गए थे।

वहां 29 मई को सिक्किम के ललित रोड पर मुंशीगंज के पास वाहन अनियंत्रित होकर तिस्ता नदी में जा गिरा। इसके बाद से दंपती लापता है और परिवार के लोग खोजबीन के लिए सिक्किम में डटे हुए हैं। दंपती का 11वें दिन भी पता न होने को लेकर परिजन रविवार को मायूस दिखाई दिए। वहीं दंपती के गांव में भी इस हादसे को लेकर मातम छाया है। सिक्किम में मौजूद कौशलेंद्र के पिता शेर बहादुर ने वहां पर अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को पत्र लिखकर तलाश में शामिल खोजीदल की संख्या बढ़ाने की मांग उठाई है।

उन्होंने यूपी के मुख्यमंत्री से भी सोशल मीडिया के माध्यम से सिक्किम सरकार से वार्ता कर दंपती के खोजबीन तेज करने में मदद की गुहार लगाई है।

- **पिता ने अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग से लगाई गुहार**

# अतीक की जमीन पर कुर्की नोटिस बोर्ड तोड़ा, रिपोर्ट

**प्रयागराज, अमृत विचार :** माफिया अतीक अहमद की मौत के बाद भी उनका गैंग शहर पश्चिमी क्षेत्र में सक्रिय है। गैंग की कारस्तानी का नया मामला कटहुला गौसपुर में सामने आया है। न्यायालय के आदेश पर माफिया अतीक अहमद की 16 अवैध जमीन पर लगे कुर्की नोटिस बोर्ड को उखाड़कर फेंकने के बाद खुलेआम अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। इसकी जानकारी होने पर पुलिस और राजस्व विभाग की टीम ने दोबारा नोटिस बोर्ड लगाया है। रहिमाबाद चौकी प्रभारी ब्रम्हेश मिश्रा की तहरीर पर एयरपोर्ट थाने में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच हो रही है। धूमनगंज थाने में वर्ष 2020 में गैंगस्टर एक्ट बनाम अतीक अहमद और अन्य पर कुर्की की कार्रवाई की गई है।

पुलिस आयुक्त न्यायालय के आदेश पर मौजा कटहुला गौसपुर में 16 अलग-अलग आराजी नंबर के भूखंडों पर कुर्की का नोटिस बोर्ड लगाया गया था। अतीक और उसके भाई अशरफ की 15 अप्रैल 2023 को तीन युवकों ने गोली मार हत्या कर दी थी। अतीक अहमद की मौत के बाद भी उनका गैंग सक्रिय है। कटहुला गौसपुर में सभी 16 भूंखडों पर लगे कुर्की आदेश बोर्ड को तोड़कर हटाने और अवैध प्लाटिंग करने की जानकारी पुलिस को मिली है।

# उत्तराखंड में भ्रष्टाचार करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- **कार्यक्रम स्थल पर खुद ट्रैक्टर चलाकर पहुंचे धामी, लोगों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा**

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को चेतावनी दी कि प्रदेश में भ्रष्टाचार करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को बख्शा नहीं जाएगा और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू किए जाने पर हरिद्वार जिले के मंगलौर क्षेत्र के लिब्बरहेड़ी में आयोजित धन्यवाद रैली को संबोधित करते हुए यह चेतावनी दी।

धन्यवाद रैली में सीएम धामी खुद ट्रैक्टर चलाकर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। रैली में शामिल हुए लोगों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गयी। इस दौरान उन्होंने हरिद्वार में करोड़ों रुपये के जमीन घोटाले के संबंध में हाल में की गई सख्त कार्रवाई का जिक्र करते हुए कहा कि इस मामले में आईएएस और पीसीएस समेत कई अधिकारियों और कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया है। सीएम ने कहा कि, चाहे छोटा हो या बड़ा (अधिकारी), अगर प्रदेश में कोई भ्रष्टाचार करेगा तो उसे बख्शा नहीं जाएगा। पिछले तीन वर्ष में भ्रष्टाचार में संलिप्त 200 से अधिक अधिकारियों, कर्मचारियों को जेल की सलाखों के पीछे पहुंचाया जा चुका है।

मुख्यमंत्री ने यूसीसी के बारे में कहा कि प्रदेश में इस कानून के लागू होने से संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर का सपना साकार हुआ है क्योंकि इसमें सभी वर्गों एवं धर्मों के लिए एक समान कानून है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यूसीसी किसी धर्म या पंथ के खिलाफ नहीं बल्कि समाज से सभी कुप्रथाओं को मिटाने के लिए एक संवैधानिक उपाय है। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस का नाम लिए बिना आरोप लगाया कि देश में छह दशकों तक शासन करने वाली पार्टी ने यूसीसी के लिए कभी प्रयास नहीं किया।

# जंगल में घायल अवस्था में मिला जर्मनी का नागरिक

**रामनगर, अमृत विचारः** गर्जिया क्षेत्र के जंगल में एक विदेशी नागरिक घायल अवस्था में पड़ा मिला है। ग्रामीणों के अनुसार, वह व्यक्ति पिछले चार-पांच दिनों से क्षेत्र में घूमते हुए देखा जा रहा था। उसे मेडिकल सहायता के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

पुलिस के मुताबिक, विदेशी नागरिक की पहचान 54 वर्षीय ब्रानीष लॉ के रूप में हुई है, जोकि जर्मनी का नागरिक है। पुलिस के अनुसार, उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं लग रही है और वह अपने बारे में ठीक से जानकारी नहीं दे पा रहा है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि उसके पासपोर्ट और अन्य जरूरी दस्तावेज भी गायब है। पुलिस क्षेत्राधिकारी सुमित पांडे ने बताया कि ब्रानीष ला भारत में अध्यात्म की खोज में आए थे। वह बोधगया और धर्मशाला जैसे धार्मिक स्थलों का भ्रमण कर चुके हैं।

# फिल्म डायरेक्टर कवल शर्मा मुंबई से गिरफ्तार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** लंबे समय से न्यायालय में पेश न होकर फरार चल रहे फिल्म डायरेक्टर कवल शर्मा को पुलिस ने मुंबई से गिरफ्तार कर लिया है। एनआई एक्ट (नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट) के तहत चल रहे एक मामले में कोर्ट ने उन्हें सजा सुनाई थी और 51 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया था।

फिल्म जगत से जुड़े कवल शर्मा के खिलाफ हल्द्वानी कोर्ट ने गैर-जमानती वारंट जारी किया था, जिसके बाद एसआई देवेंद्र राणा के नेतृत्व में एक टीम ने मुंबई में दबिश देकर उन्हें गिरफ्तार किया।

पुलिस टीम काफी समय से उनकी तलाश में जुटी थी। आखिरकार, पुख्ता सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए



पुलिस गिरफ्त में फिल्म निर्देशक।

- **51 लाख के जुर्माने और कोर्ट की सजा से बचने को हुए थे फरार हल्द्वानी पुलिस ने दबोचा**

पुलिस ने उन्हें कस्टडी में लिया और हल्द्वानी लाकर कोर्ट में पेश किया। बताया जा रहा है कि कवल शर्मा लंबे समय से न्यायालय की कार्यवाही से बचते रहे, जिसके चलते उन्हें भगोड़ा घोषित कर दिया गया था। अब पुलिस की सख्ती और सतर्कता से यह गिरफ्तारी संभव हो पाई।

# जन्मदिन पर उप निदेशक प्रोबेशन ने कार्यालय में सजा डाली महफिल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** उपनिदेशक प्रोबेशन के जिला प्रोबेशन अधिकारी के पद पर रहने के दौरान कार्यालय में महफिल सजाने की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। हालांकि अमृत विचार ऐसे किसी वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

वीडियो में उपनिदेशक प्रोबेशन राजेश गुप्ता अपने जन्मदिन पर बधाई देने आए लोगों के साथ कार्यालय की टेबल को तबले के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं और फिल्मी गाना गाते नजर आ रहे हैं। प्रोबेशन विभाग के कार्यालय



कार्यालय में तबला बजा गाना गाते उपनिदेशक राजेश गुप्ता। (वीडियो ग्रैब)

से वायरल यह वीडियो सरकारी अधिकारी की भूमिका पर सवाल खड़ा कर रहा है। पिछले 8 साल से जिले में तैनात उपनिदेशक राजेश गुप्ता कई बार जिला प्रोबेशन अधिकारी के हटने पर इस पद का चार्ज पा चुके हैं। इस बीच उनका जन्मदिन भी पड़ा था। जिले और मंडल भर के अधीनस्थ कर्मचारी जन्मदिन पर उन्हें बधाई देने पहुंचे। उनके लिए उपहार मिठाई आदि के साथ फूलों का हार लेकर आए। इससे अभिभूत हुए साहब भूल गए कि वह कार्यालय में बैठे हैं। उपनिदेशक ने टेबल को ही तबला बना दिया और कर्मचारियों को प्यार दीवाना होता है मस्ताना होता है सुनाया। इसकी वीडियो बनाकर किसी ने वायरल कर दी। अब उनकी किरकिरी हो रही है।

- **बधाई देने आए कर्मचारियों को टेबल का तबला बना कर सुनाया गाना प्यार दीवाना होता है, मस्ताना होता है**

## सोशल साइट पर देश विरोधी पोस्ट करने का आरोपी गिरफ्तार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सोशल साइट इंस्टाग्राम पर देश विरोधी और आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले मूंढापांडे निवासी युवक के खिलाफ पुलिस ने भड़काऊ पोस्ट करने और आईटी एक्ट का केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि पहलगाम हमले के बाद सोशल साइट की निगरानी की जा रही है। इसी दौरान पता चला कि इंस्टाग्राम पर मूंढापांडे थाना क्षेत्र से एक आपत्तिजनक पोस्ट वायरल हो रही है। थाना मूंढापांडे के प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार शर्मा की टीम ने जांच पड़ताल की तो पता चला कि मूंढापांडे के गांव सक्टूनगला निवासी बाबू ने इंस्टाग्राम अकाउंट से पाकिस्तान के पक्ष में देश विरोधी बातें पोस्ट की है।

# चारधाम यात्रा : अब तक 5 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य जांच

## केदारनाथ धाम में खुला 17 बेड का अस्पताल, उच्च जोखिम वाले श्रद्धालुओं को राहत

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** उत्तराखंड की प्रतिष्ठित चारधाम यात्रा इस बार सशक्त स्वास्थ्य ढांचे से जहां आसान हो रही है। वहीं, उच्च जोखिम वाले श्रद्धालुओं की जान बच रही है। स्वास्थ्य विभाग ने यात्रा के दौरान संभावित स्वास्थ्य जोखिमों को कम करने के लिए व्यापक तैयारियां की हैं।

स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार के अनुसार, यात्रा मार्ग पर अब तक 5 लाख से अधिक श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य जांच (स्क्रीनिंग) की जा चुकी है।

अब तक की स्क्रीनिंग में कई श्रद्धालु हाई ब्लड प्रेशर, सांस संबंधी समस्याएं या अन्य स्वास्थ्य स्थितियों से ग्रस्त पाए गए हैं। करीब



29 श्रद्धालुओं को आगे यात्रा न करने की सलाह देकर उन्हें सुरक्षा के दृष्टिकोण से वापस भेजा गया। वहीं, 369 श्रद्धालुओं को एंबुलेंस से और 33 को हेली एंबुलेंस सेवा से रेफर कर इलाज के लिए भेजा गया। सचिव डॉ. कुमार का कहना है कि, केदारनाथ धाम में श्रद्धालुओं की सुविधा को इस बार 17 बेड का नया अस्पताल भी सेवा में लाया गया है। चारधाम यात्रा मार्ग पर विशेषज्ञ डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ की रिकॉर्ड तैनाती सरकार की गंभीरता को दर्शाती है। यात्रा मार्ग पर सशक्त स्वास्थ्य ढांचे के तहत सरकार की प्राथमिकता इस वर्ष केवल तीर्थयात्रियों की संख्या ही नहीं, बल्कि प्रत्येक श्रद्धालु की सुरक्षा और स्वास्थ्य सुनिश्चित करना है। इसके लिए हम तकनीक, विशेषज्ञता और मानव संसाधन तीनों पर समान रूप से कार्य कर रहे हैं। रुद्रप्रयाग, चमोली और उत्तरकाशी जैसे चारधाम जिलों में इस बार 49 स्थायी स्वास्थ्य केंद्र और 20 मेडिकल रिलीफ पोस्ट को सक्रिय किया गया है। वहीं, ट्रांजिट जिलों, हरिद्वार, देहरादून, टिहरी और पौड़ी में भी मजबूत स्वास्थ्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। यात्रा प्रारंभ बिंदुओं पर 57 स्क्रीनिंग कियोस्क लगाए गए हैं, जिनमें हरिद्वार और ऋषिकेश में 2-2, विकासनगर में 2 और पौड़ी के कालियासौड़ में 1 नया स्क्रीनिंग सेंटर जोड़ा गया है।

### ट्रेनिंग, जागरूकता और जनसहभागिता

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने केवल मेडिकल स्टाफ ही नहीं, बल्कि होटल, धर्मशाला स्टाफ, खच्चर चालकों और कुलियों को भी प्रशिक्षित किया है ताकि वे हाई रिस्क लक्षणों को पहचान सकें और समय पर रेफरल सुनिश्चित कर सकें। साथ ही, हाइपोथर्मिया जैसे जोखिम से बचाव हेतु भी विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया है। ई-स्वास्थ्यधाम पोर्टल के माध्यम से स्वास्थ्य डेटा की निगरानी और आपात स्थिति की त्वरित प्रतिक्रिया संभव हो पाई है। यात्रा मार्ग पर 154 एंबुलेंस तैनात हैं, जबकि पहली बार एम्स ऋषिकेश के सहयोग से हेली एंबुलेंस सेवा भी संचालित है।

- **यात्रा मार्ग पर इस बार बरत रहे डिजिटल सतर्कता**

# अल्मोड़ा में खाई में गिरी कार दो लोगों की मौत, एक घायल

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** अल्मोड़ा में जैंती के पास रविवार सुबह एक कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक अन्य घायल हो गया।

पुलिस के अनुसार, ग्राम बक्सवाड जैंती निवासी पान सिंह बिष्ट (37) पुत्र स्व. शिव सिंह, मेहरबान सिंह करायत (57) पुत्र स्व. जगत सिंह, निवासी ग्राम सुरचौरा जैंती और राहुल राय (19) पुत्र हरीश राय निवासी ग्राम बक्सवाड जैंती कार से जवाहरनेड़ी की तरफ जा रहे थे। इस दौरान चालक ने अचानक संतुलन खो दिया और कार करीब 200 मीटर खाई में जा गिरी। हादसे की जानकारी पर स्थानीय लोग और पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से खाई से तीनों लोगों को निकाला लेकिन तब तक पान सिंह की मौके पर ही मौत हो चुकी थी जबकि पूर्व सैनिक मेहरबान सिंह ने रास्ते में दम तोड़ दिया।

गंभीर रूप से घायल राहुल राय को लमगड़ा अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। वहीं, मसूरी-देहरादन मार्ग पर रविवार को एक कार कोलुखेत पानी बैंड के पास खाई में जा गिरी। हादसे में ग्रेटर नोएडा उत्तर प्रदेश निवासी नैतिक और देहरादून निवासी अनुराग चौधरी गंभीर रूप से घायल हो गए।

## एक नजर

### 50 हजार लघु किसानों को एक हजार करोड़ का ऋण

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में 50 हजार लघु किसानों को एक हजार करोड़ का ऋण उपलब्ध कराया गया है। इससे गांवों में रोजगार के नए द्वार खुल गए हैं। इसके अलावा साहूकारों व सूदखोरों के शोषण से किसानों को मुक्त कराया गया है। शासन के अधिकारियों के अनुसार, राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि विकास व रोजगार सृजन की दिशा में बड़े पैमाने पर कार्य कर रही है। राज्य सरकार ने बीते चार वर्ष में 50 हजार से अधिक लघु और सीमांत किसानों को एक हजार करोड़ रुपये से अधिक का दीर्घकालीन ऋण वितरित किया। यह ऋण न केवल किसानों की कृषि गतिविधियों को गति देने में सहायक सिद्ध हो रहा है, बल्कि रोजगार सृजन और पूंजी निर्माण का भी मजबूत आधार बन रहा है।

### पांच देशों के 50 मेहमानों ने यूपी में की बोधि यात्रा

**अमृत विचार, लखनऊ :** योगी सरकार बौद्ध सर्किट के विकास और पर्यटन को लगातार बढ़ावा दे रही है। इसी कड़ी में, मेकांग-गंगा सहयोग (एमजीसी) के तहत बोधि यात्रा नामक एक फैमिलियराइजेशन ट्रिप संपन्न हुई, जिसमें आसियान के पांच देश कंबोडिया, लाओस, म्यांमार, थाईलैंड और वियतनाम के 50 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश के बौद्ध संबन्धित स्थलों का भ्रमण किया। 2 से 7 जून तक चली इस यात्रा पर आए दल में बौद्ध भिक्षु, ट्रैवल एजेंट्स और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर शामिल थे। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने रविवार को बताया कि बोधि यात्रा का उद्देश्य श्रावस्ती, कपिलवस्तु, कुशीनगर, सारनाथ, वाराणसी, लखनऊ और आगरा आदि प्रमुख बौद्ध स्थलों को विश्व पर्यटन मानचित्र पर प्रदर्शित करना था। इससे पहले लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी से भी प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की, मुख्यमंत्री ने मेहमानों को उप्र. के प्रसिद्ध बौद्ध तीर्थस्थलों के बारे में अलग-अलग महत्व बताते हुए जानकारी दी। बोधि यात्रा के दौरान बी2बी बैठकों का आयोजन भी किया गया, जिसने भारत और दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के बीच पर्यटन और सांस्कृतिक सहयोग का आश्वासन मिला।

# वर्षों से एक ही जगह जमे डॉक्टरों के होंगे तबादले

- जिले में 3 साल, मंडल में 7 साल बिता चुके डॉक्टरों पर गिरेगी गाज
- प्रमुख सचिव स्वास्थ्य ने जारी की ट्रांसफर पॉलिसी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सरकारी अस्पतालों एवं कार्यालयों में लंबे समय से जमे चिकित्सकों पर तबादले के बादल मंडराने लगे हैं। दो दिन पूर्व प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा द्वारा स्थानांतरण पॉलिसी को लेकर जारी दिशा-निर्देश के बाद जुगाड़ के दम पर एक ही शहर में जमे डॉक्टर व अधिकारियों को वातानुकूलित कमरों के बावजूद माथे पर पसीना आने लगा है।

स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव ने शुक्रवार को स्थानांतरण पॉलिसी के तहत स्वास्थ्य विभाग और परिवार कल्याण महानिदेशक को निर्देश दिए हैं, उन्होंने स्पष्ट किया है कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, अगर जिले में तीन साल और मंडल में सात साल बीता चुके हैं, को स्थानान्तरित किया जाए। हालांकि विभागाध्यक्षों और मंडलीय कार्यालयों में तैनाती की अवधि उक्त निर्धारित अवधि में नहीं गिना जायेगा। इसके बाद नियमों की जद में आने वाले समूह क व ख के चिकित्सा अधिकारियों ने गुणा-गणित शुरू कर दी है।

### ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में चल रही गणित

विभागीय अधिकारियों का मानना है कि नियमानुसार 10 प्रतिशत यानी प्रदेश में डॉक्टरों के 1000 से ज्यादा तबादले नहीं होने हैं, इसमें अनुरोध पर होने वाले ट्रांसफर भी शामिल हैं। इसके अलावा छोटे जिलों में डॉक्टर सेवाएं देना नहीं चाहते हैं, पूर्व में तबादले के बाद न ज्वाइन करने के तमाम नजीरें उपलब्ध हैं।

इसके अलावा निर्देश हैं कि बीते पांच साल से मुख्य चिकित्सा अधीक्षक य प्रमुख चिकित्सक व निदेशक, जो एक ही अस्पताल या मंडलीय कार्यालयों में बीते पांच साल से तैनात हैं तो अन्य मंडल में ट्रांसफर किया जाए, हालांकि जो चिकित्सक सरकारी अस्पतालों में केवल चिकित्सकीय सेवाएं प्रदान कर रहे हैं, उन पर ट्रांसफर पॉलिसी नहीं लागू होगी। इतना ही नहीं, विभिन्न जिलों में मुख्य चिकित्साधिकारी अंतर्गत सीएचसी अधीक्षक व एमओआईसी नियुक्ति की अवधि तीन साल से ज्यादा हो चुकी है तो उन्हें उसी जिले में अन्यंत्र स्थानान्तरित किया जाएगा।

### आकांक्षी जिलों में डॉक्टरों को भेजने पर जोर

भारत सरकार द्वारा प्रदेश के घोषित आठ आकांक्षी जिलों व ब्लाक स्थित सरकारी अस्पताल व स्वास्थ्य केंद्रों पर निर्धारित पदों पर डॉक्टर व कार्मियों को तैनात करने पर विशेष जोर दिया गया है। इन जिलों में चित्रकूट, चंदौली, सोनभद्र, फतेहपुर, बलरामपुर, सिद्धार्थ नगर, श्रावस्ती व बहराइच शामिल हैं।

> निर्देशों के अनुसार निर्धारित अवधि से ज्यादा समय से एक ही पद पर कार्यरत अपर मुख्य चिकित्साधिकारियों समेत अन्य डॉक्टरों के स्थानांतरण होने हैं, इसके लिए अपेक्षित प्रक्रिया चल रही है। अस्पतालों में चिकित्सकीय कार्य प्रभावित न हो, इसलिए चिकित्सकीय सेवाएं देने वाले चिकित्सकों को तबादले से दूर रखा जाएगा।
> –डॉ.रतन पाल सिंह सुमन, स्वास्थ्य महानिदेशक, उप्र.

# कार्यक्रम से पहले कलाकारों को मिलेगा 50 प्रतिशत भुगतान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** संस्कृति निदेशालय ने लोक कलाकारों को बड़ी राहत देते हुए प्रस्तुति से पहले 50 फीसदी भुगतान करने का निर्णय लिया है। यह फैसला कमीशनखोरी की शिकायतों के बाद लिया गया है। कलाकारों को बाकी राशि प्रस्तुति का प्रमाण देने के बाद ही मिलेगी। निदेशालय ने पारदर्शिता लाने के लिए यह कदम उठाया है, जिससे भ्रष्टाचार पर लगाम लगेगी।

संस्कृति निदेशालय को लगातार इस बात की शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ कर्मचारियों व दलालों के माध्यम से लोक कलाकारों को कार्यक्रम देने के बदले में कमीशन लिया जा रहा है। 5 से 23 फरवरी तक चले इंडो-नेपाल मैत्री महोत्सव में कलाकारों से कमीशन लेने के मामले में कानपुर की एक इवेंट मैनेजमेंट कंपनी के संचालक को एसटीएफ ने गिरफ्तार किया था। इसके बाद निदेशालय ने मामले को गंभीरता से लिया है। इस कार्यक्रम के आयोजन से पहले भी संस्कृति विभाग की तरफ से आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में कलाकारों से इसकी जानकारी कमीशन लेने का मामला उजागर हुआ था, इसकी जांच की जा रही है।

# टेरीटोरियल आर्मी में नौकरी दिलाने के नाम पर फर्जीवाड़ा

## एसटीएफ ने आगरा से तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** एसटीएफ ने टेरीटोरियल आर्मी (टीए) में नौकरी दिलाने के नाम पर फर्जीवाड़ा करने वाले गिरोह का खुलासा किया। इस गिरोह के तीन सदस्यों को आगरा के हरिपर्वत थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया। फर्जीवाड़े का खुलासा मिलिट्री इंटेलिजेंस लखनऊ और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने किया। आरोपियों के पास से गेट पास व नियुक्ति पत्र बरामद किया गया है।

एसटीएफ के एएसपी राकेश मुताबिक, पकड़े गये आरोपियों में दो सुनील कुमार रखकंगवाल और बलवंत सिंह जीएमएस रघुनाथपुरा, हरीपुर पाटिल जम्मू के सांबा के रहने वाले हैं। वहीं तीसरा आरोपी अजय कुमार यादव फिरोजाबाद के सैगई का निवासी है। तीनों आरोपी आरोपी खेरिया मोड़, आईएसबीटी के पास होटल में ठहरे हुए थे। इस गिरोह के दो सदस्य फरार है। फरार सदस्यों में गिरोह का मास्टरमाइंड भी शामिल है। दोनों की तलाश में एसटीएफ की टीम लगी हुई है।


मिलिट्री इंटेलिजेंस और एसटीएफ की संयुक्त टीम द्वारा पकड़े गए आरोपी।

### नौकरी का झांसा देकर अभ्यर्थियों को ले गए जम्मू-कश्मीर

पूछताछ में आरोपियों ने कुबूल किया कि आगरा में रहने वाले 24 अभ्यर्थियों को नौकरी का झांसा दिया था। इन अभ्यर्थियों को टेरीटोरियल आर्मी में नौकरी का झांसा देकर जम्मू-कश्मीर लेकर गये थे। सभी अभ्यर्थियों को फर्जी नियुक्ति पत्र भी दिया था। सभी के चिकिसत्कीय परीक्षण के लिए होटल में ठहराया गया था। आरोपियों से सात-आठ लाख रुपये लिये थे। यह रुपये दीपक शर्मा के खाते में ऑनलाइन ट्रांसफर कराते थे। इसके बदले में दीपक को 30-40 हजार रुपये प्रत्येक ट्रांजेक्शन के दिये जाते थे। आरोपियों के पास से एसटीएफ ने आधार कार्ड, डीएल, एटीएम कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, आयुष्मान कार्ड, कूट रचित नियुक्ति पत्र, गेट पास, तीन मोबाइल व नकदी बरामद किया है।

# मुख्यमंत्री के दौरे से एक दिन पहले बहराइच में मिला विस्फोटक का जखीरा

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दौरे से एक दिन पहले बहराइच में विस्फोटक का जखीरा मिला है। इससे अधिकारियों के होश उड़ गए। विस्फोटक महसी इलाके के सिकंदरपुर, बालासराय व साधुवापुर के गावों से बरामद हुआ है। यह विस्फोटक खेत में जमीन खोदकर छुपाया गया था। घटना के बाद क्षेत्र को छावनी में तब्दील कर दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जानकारी जुटाई है। बताया जा रहा है कि करीब 500 किलो विस्फोटक पुलिस ने बरामद किया है।

ग्रामीण बताते हैं कि सूचना पर विधायक सुरेश्वर सिंह मौके पर पहुंच गए। उन्होंने इतनी बड़ी मात्रा पर विस्फोटक मिलने पर पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया। कहा कि बिना किसी अनुमति क्षेत्र में किसी अज्ञात कंपनी द्वारा इतनी भारी मात्रा में विस्फोटक कैसे एकत्र किया जा रहा था। उन्होंने जांच करके आरोपियों की गिरफ्तारी करने के साथ सब पर कड़ी कार्रवाई की बात कही। वहीं विधायक ने विस्फोटक मिलने के बाद सीएम का दौरा रद्द करने की अपील की। विस्फोटक की जांच के लिए सीतापुर से बम स्क्वायड टीम बुलाई गई है। मामले में क्षेत्र से 40 से अधिक अज्ञात लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। यह विस्फोटक अल्फा जीईओ लिमिटेड कंपनी का बताया जा रहा है। विधायक ने मामले की सूचना डीएम, एसपी, एडीएम, एएसपी ग्रामीण व एसडीएम महसी को इलाके में पांच सौ किलो विस्फोटक भरे वाहन की सूचना दी। यही नहीं, उन्होंने प्रमुख सचिव गृह से भी सम्पर्क किया। इधर मामले में एडीएम गौरव रंजन हरदी थाने पहुंचे और जांच शुरू की। उनका कहना है कि विधिक कार्यवाही की जायेगी।

> पेट्रोलियम मंत्रालय से फरवरी माह में पेट्रोलियम पदार्थ की खोजबीन के लिये अनुमति ली गई थी। विस्फोटक पदार्थ व कर्मियों की गतिविधियों की सूचना ग्रामीणों व प्रशासनिक अधिकारियों को नहीं दे सके। विस्फोटक पदार्थ में अमोनिया नाइट्रेट था जो जानलेवा नहीं है। – **कुलदीप शर्मा**, अभियंता, अल्फा जियो कंपनी

# युवती से दुष्कर्म के आरोप में डॉक्टर गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर,एजेंसी:** जिले के भोपा क्षेत्र में शनिवार शाम अपने क्लीनिक में 19 वर्षीया युवती से दुष्कर्म करने के आरोप में एक डॉक्टर को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की पहचान वीरपाल सहरावत के रूप में हुई है। वह भाजपा का मंडल अध्यक्ष भी रह चुका है।

शिकायत के मुताबिक बीमार होने पर पीड़िता अपने छोटे भाई के साथ डॉ. सहरावत के क्लीनिक गई थी तभी चिकित्सक उसे अकेले क्लीनिक के अंदर एक केबिन में ले गया जहां जांच के दौरान उससे कथित तौर पर दुष्कर्म किया। रविशंकर ने बताया कि उसने विरोध किया और जब पीड़िता के भाई ने चिकित्सक को रोकने की कोशिश की तो उससे भी मारपीट की।

# बिचौलियों, उद्योगपतियों के लिए हो रही फसलों की खरीद : अखिलेश



**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में फसलों की लूट है। सरकार बिचौलियों और उद्योगपतियों के लिए फसलों की खरीद कर रही है। भाजपा सरकार का एजेंडा उद्योगपतियों को लाभ दिलाने का रहता है। इनको किसानों से कोई मतलब नहीं है। सपा प्रमुख ने रविवार को जारी बयान में कहा कि भाजपा सरकार में खेती का लागत मूल्य बढ़ता जा रहा है। खाद, बीज, पानी, कीटनाशक सब कुछ महंगा हो गया है। भाजपा सरकार ने किसानों को धोखा दिया है, भाजपा धोखा देने में अव्वल है।

# ग्रेटर नोएडा में बनेगी फ्लैटेड फैक्टरी

## यीडा ने बनाई कार्ययोजना, दो साल में होगा निर्माण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) एक बड़ी पहल करने जा रहा है। गौतमबुद्ध नगर के ग्रेटर नोएडा स्थित सेक्टर 28 में आधुनिक फ्लैटेड फैक्टरी का निर्माण होगा।

फ्लैटेड फैक्टरी कॉम्पलेक्स के निर्माण से जुड़ी प्रक्रिया भी जल्द शुरू होने जा रही है और फिलहाल मास्टर प्लान पर काम चल रहा है। प्रक्रिया के अनुसार, लगभग 125 करोड़ की लागत से 24 महीने में निर्माण कार्यों को पूरा किए जाने का लक्ष्य निर्धारित है। सेक्टर-28 में प्रस्तावित फ्लैटेड फैक्ट्री न केवल एमएसएमई सेक्टर को गति देगी, बल्कि नोएडा व ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के आर्थिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस फ्लैटेड फैक्टरी कॉम्पलेक्स के जरिए सरकार का उद्देश्य छोटे उद्यमियों को एक ही परिसर में सभी बुनियादी सुविधाओं से लैस यूनिट्स देना है ताकि उत्पादन कार्य बिना किसी बाधा के चल सके।

योजना के तहत फैक्टरी परिसर से संबंधित बाहरी विकास कार्य भी किए जाएंगे जिसमें बाउंड्री वॉल, गेट, गार्ड रूम, इंटरनल रोड, पार्किंग, ड्रेनेज, सीवरेज, वाटर सप्लाई, प्लंबिंग पंप, अग्निशमन उपकरणों की स्थापना और लैंडस्केपिंग भी शामिल हैं।

### ईपीसी मोड पर निर्माण कार्यों को किया जाएगा पूरा

यह प्रोजेक्ट इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) मोड पर होगा और इसका निर्माण कार्य 24 महीनों में पूरा किया जाएगा। निर्माण पूरा होने के बाद परियोजना के अंतर्गत तीन साल की डिफेक्ट लायबिलिटी अवधि भी लागू होगी। यह बहुमंजिला (बेसमेंट ग्राउंड फ्लोर 3 फ्लोर युक्त) फ्लैटेड फैक्टरी लगभग 38,665 वर्गमीटर से अधिक क्षेत्र में फैली होगी और इसमें सूक्ष्म, लघु व मध्यम दर्जे के उद्यमों के लिए अत्याधुनिक सुविधा युक्त यूनिट्स होंगे।

# ईंट भट्ठा नियमावली में संशोधन की तैयारी

- प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पर्यावरण व कर विभाग के समन्वय से होगा ईंट भट्ठों का संचालन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** जल्द ही उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पर्यावरण व कर विभाग के समन्वय से ईंट भट्ठों का संचालन होगा। राज्य सरकार ने ईंट भट्ठा नियमावली 2012 में संशोधन की तैयारी शुरू कर दी है। नई व्यवस्था में कर विभाग को ईंट भट्ठों की सूची सौंपी जाएगी। इससे जीएसटी संग्रह की कमी दूर हो सकेगी। इसके साथ ही, प्रदूषण नियंत्रण के लिए लाल ईंट के विकल्प को बढ़ावा दिया जाएगा।

शासन के अधिकारियों के अनुसार, पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए प्रदेश में ईंट भट्ठा उद्योग के नियमन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश बीएन खरे की विधिक राय के अनुरूप ईंट भट्ठों की नियमावली में संशोधन प्रस्तावित किया गया है। इन प्रयासों से न केवल प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण को बल मिलेगा, बल्कि ईंट भट्ठा उद्योग को भी व्यवस्थित और टिकाऊ बनाया जा सकेगा।

अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2012 से पहले प्रदेश में ईंट भट्ठों के लिए कोई स्पष्ट नियमावली नहीं थी। 2012 में बनी नियमावली के तहत प्रदेश के लगभग 6500 ईंट भट्ठे अवैध घोषित हो गये थे, पर इसके बाद भी ईंट भट्ठों के अनियमित संचालन के कारण उचित कर संग्रह संभव नहीं हो पा रहा था। ईंट भट्ठों का संचालन करने वाले कई ईंट भट्ठा मालिकों को आर्थिक नुकसान हो रहा था।

# निजीकरण पर बिजली कर्मियों ने प्रबंधन से फिर पूछे सवाल

- कर्मियों के समर्थन में दिल्ली में संगठनों की बैठक आज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** निजीकरण के विरोध में आंदोलनरत बिजली कर्मियों ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन से रविवार को फिर पांच सवाल पूछे। इस बीच, बिजली कर्मियों के समर्थन में दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर के कर्मचारी संगठनों की बैठक 9 जून को होगी।

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश की रविवार को ऑनलाइन हुई प्रांतव्यापी बैठक में 22 जून को लखनऊ में होने वाली बिजली महापंचायत की तैयारी की समीक्षा की गई और महापंचायत में रखे जाने वाले प्रस्ताव पर चर्चा हुई। समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे ने बताया कि प्रदेश के बिजली कर्मियों के समर्थन में आंदोलन का निर्णय लेने के लिए नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स की कोर कमेटी की दिल्ली में होगी। इस बैठक में पिछले छह महीने से प्रदेश में चल रहे निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मियों के आंदोलन की समीक्षा की जाएगी और समर्थन में राष्ट्रीय स्तर पर आंदोलन के कार्यक्रम तय किए जाएंगे।

संघर्ष समिति की ओर से पूछे गए सवालों में कहा गया है कि क्या निजी कॉरपोरेट घरानों की सहूलियत की दृष्टि से निजीकरण के पहले ही बड़े पैमाने पर लगभग 45 प्रतिशत संविदा कर्मियों को हटाया जा रहा है, हटा दिया गया है? भीषण गर्मी में अनुभवी संविदा कर्मियों को हटाए जाने से क्या बिजली आपूर्ति प्रभावित नहीं हो रही है? क्या प्रबंधन बिजली व्यवस्था बिगाड़ कर निजीकरण थोपना चाहता है?

**आरक्षित वर्ग के अधिकारी अगले माह शुरू करेंगे आंदोलन :** ऊर्जा निगमों के निजीकरण के विरोध में आरक्षित वर्ग के अधिकारी अगले माह आंदोलन शुरू करेंगे। सभी वितरण निगमों में निजीकरण हटाओ आरक्षण बचाओ सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

### निजी कंपनी को 51 % हिस्सेदारी तो निजीकरण कैसे नहीं

निजीकरण पर पावर कॉरपोरेशन की ओर से जारी प्रपत्र में लिखा है कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम का निजीकरण नहीं हो रहा है, बल्कि पीपीपी मॉडल पर सुधार के लिए निजी क्षेत्र की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। इसमें निजी क्षेत्र की 51 प्रतिशत और सरकारी क्षेत्र की 49 प्रतिशत भागीदारी होगी जो लगभग बराबर ही है। प्रश्न यह है कि जिसकी 51 प्रतिशत भागीदारी होती है, क्या उसका मालिकाना हक नहीं होता। निजी क्षेत्र की 51 प्रतिशत भागीदारी ग्रेटर नोएडा में है। क्या ग्रेटर नोएडा की कंपनी नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड निजी कंपनी नहीं है।

## वर्ग पहेली- 456

**बाएं से दाएं**

1.1. व्यभिचारिणी स्त्री 2. बिना विवाह किए रखी हुई स्त्री, रखैल, उपपत्नी।

4.1. सूत्र 2. नियम, नुस्खा 3. विधि, सिद्धांत 4. किसी काम को करने का तरीका, गुर, तरकीब, जैसे- फ़िल्म हिट करने का फ़ॉरमूला 5. सांकेतिक भाषा में तथ्यों का विवरण 6. औषधि या दवाई के घटक तथा उसे बनाने की विधि 7. मतभेद सुलझाने या समझौता कराने का उपाय।

5.1. वह कर्मचारी जिसपर किसी कार्य का दारोमदार या पूरा दायित्व हो 2. स्तंभ 3. राज्य का प्रमुख

6. नट, कलाबाज़ी दिखाने वाला व्यक्ति।

**ऊपर से नीचे**

1. धरती पर गिरा हुआ, भूमिसात।

2. 1. नागरमोथा घास की एक जाति 2. एक तृण जिससे चटाई बनाई जाती है 3. गोनरा या गोनी नामक घास।

3. 1. जिसमें ज़ोर या शक्ति हो, ज़ोरवाला, बलशाली 2. तेज़, प्रबल, तीव्र 3. ज़बरदस्त, उत्साहवर्धक 4. आग्रहयुक्त, जैसे- ज़ोरदार अनुशंसा।

5. सामूहिक रूप से नमाज़ अदा करने के लिए मस्जिद से होने वाली पुकार या बुलावा।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | ■ | ■ | 2 |
| | ■ | ■ | 3 | ■ | |
| | ■ | 4 | | | |
| | ■ | ■ | | ■ | ■ |
| | ■ | 5 | | | |
| ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 6 | | | | ■ | ■ |

### वर्ग पहेली -455 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | ■ | 1 कै | ■ | 2 धू |
| ■ | 3 र | ■ | फ़े | ■ | पि |
| ■ | स | ■ | 4 टि | कि | या |
| ■ | धा | ■ | रि | ■ | ■ |
| 5 क | र | छि | या | ■ | 6 दि |
| रे | ■ | ■ | ■ | ■ | खा |
| 7 ल | घु | चे | ता | ■ | ना |

## सुडोकू -3

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | 2 | | | | 1 | |
| | 3 | | | 8 | | | | |
| 2 | 1 | 6 | | | 4 | | | 5 |
| | 5 | | | 3 | | 6 | 9 | |
| | | 1 | | | | 8 | | |
| | 9 | 2 | | 7 | | | 4 | |
| 1 | | | 9 | | | 5 | 2 | 6 |
| | | | | 5 | | | 3 | |
| | 2 | | | | 6 | | 7 | 4 |

### सुडोकू - 2 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 4 | 5 |
| 9 | 7 | 4 | 5 | 2 | 3 | 1 | 6 | 8 |
| 1 | 3 | 5 | 8 | 4 | 6 | 9 | 7 | 2 |
| 5 | 2 | 9 | 1 | 6 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 6 | 1 | 3 | 4 | 9 | 8 | 5 | 2 | 7 |
| 4 | 8 | 7 | 2 | 3 | 5 | 6 | 9 | 1 |
| 3 | 4 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 | 5 | 6 |
| 8 | 9 | 1 | 6 | 5 | 2 | 7 | 3 | 4 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 8 | 4 | 2 | 1 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 9 जून, सोमवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी-09 .35 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पूर्व। **ऋतु**- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल- भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-विशाखा 03 .31 तक तत्पश्चात अनुराधा।

**मेष** – आज आप बच्चों के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। घर और ऑफिस में बड़ी ज़िम्मेदारी उठा सकते हैं। शरीर में ताजगी महसूस होगी। अल्पश्रम से अधिक लाभ की प्राप्ति होगी। परिवार के सभी सदस्य आपके खुश रहेंगे। खट्टा भोजन करने से बचें।

**वृष** – आज कानूनी मामलों में विजय प्राप्त होगी। जॉब में इच्छित स्थानान्तरण मिल सकता है। अपनी कमजोरियों को दूर करने के लिए प्रतिबद्ध रहें। अपने विचारों को महत्व देंगे। गठिया के रोगियों का कष्ट बढ़ सकता है। कठिन संघर्ष के बाद ही काम बनेंगे।

**मिथुन** – आज नव दपंतियों के मध्य प्रेम बढ़ेगा। फिल्म और चिकित्सा क्षेत्र में बेहतरीन लाभ मिल सकता है। भाई-बहनों के साथ रिश्ते मधुर रहेंगे। मित्र आपकी मदद करने का प्रयास करेंगे। अधिकारी आपकी योग्यता से काफी प्रसन्न रहेंगे।

**कर्क** – आज आपको परिजनों का विशेष स्नेह मिलेगा। जॉब में अपनी योग्यता प्रदर्शित कर पायेंगे। दांपत्य जीवन में आपसी समन्वय बढ़ेगा। कोई मूल्यवान वस्तु खरीद सकते हैं। आत्मविश्वास में कमी आने के योग बन रहे हैं। उच्चाधिकारियों के साथ संबंध खराब न करें।

**सिंह** – आज जीवनसाथी को पूरा समय दें। संतान की उन्नति से प्रसन्नता होगी। कुछ नया काम करने की इच्छा रहेगी। परिवार और दोस्तों के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। मार्केटिंग और प्रमोशन आदि से जुड़े कार्यों में सफलता मिलेगी। प्रेम संबंधों में निकटता का एहसास होगा।

**कन्या** – आज आय के नए स्रोत मिल सकते हैं। नए विचारों को आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे। आपकी सलाह से लोगों का हित होगा। अपनी प्रतिभा का बेहतरीन उपयोग कर पायेंगे। अचानक विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। आपके विनम्र आचरण पर लोग मुग्ध रहेंगे।

**तुला** – आज कार्यक्षेत्र में सोच-समझकर निर्णय लें। ऑफिस में सभी तकनीक समस्याओं को दूर करने में सफल होंगे। मीडिया से जुड़े जातकों की आय बढ़ सकती है। मानसिक रूप से शांत रहेंगे। आपके काम की ऑफिस में प्रशंसा होगी।

**वृश्चिक** – आज शासकीय कर्मचारियों के लिए समय उत्तम है। नवीन पदस्थापना मिल सकती है। घर में मेहमान आ सकते हैं। सर्विस सेक्टर से जुड़े व्यवसायों में तेजी देखने को मिलेगी। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिल सकती है। स्वास्थ्य की छोटी-छोटी समस्याओं से पीड़ित रहेंगे।

**धनु** – आज व्यापार में विस्तार करने की योजना बना सकते हैं। गृहस्थ जीवन की समस्याओं का निराकरण कर लेंगे। राजनीति में आपकी पकड़ मजबूत हो सकती है। जीवनसाथी के साथ संबंध मधुर होंगे। सेहत की दृष्टि से समय अच्छा है लेकिन लापरवाही न करें।

**मकर** – आज आप बचत और आय दोनों पर ध्यान देंगे। लवमेट्स के प्रति आपका रवैया उदार रहेगा। आपके कार्य की अच्छी प्रशंसा हो सकती है। समय पर सभी काम पूरा कर लेंगे। किसी खास व्यक्ति से बहुप्रतीक्षित मुलाक़ात होने के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** – आज घर में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। बीमार जातकों का स्वास्थ्य बेहतर होगा। अपने दायित्वों का निर्वहन अच्छी तरह कर पायेंगे। सभी कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से करेंगे। बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त होगा। भौतिक सुख-सुविधाओं के प्रति अत्यधिक आकर्षित रहेंगे।

**मीन** – आज कार्यक्षेत्र के मध्य में लाभ की स्थितियां बनेंगी। बॉस आपकी मेहनत और लगन की प्रशंसा भी करेंगे। दांपत्य संबंधों में प्रेम और रोमांस बढ़ेगा। किसी विशेष कार्य के लिए शानदार अवसर मिल सकते हैं। कोई गुप्त बात आपको पता लग सकती है।

## एक नजर

### आईएएस अफसर रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया

**भुवनेश्वर।** ओडिशा सतर्कता विभाग ने शनिवार को कालाहांडी जिले के धर्मगढ़ में तैनात आईएएस अधिकारी को एक व्यापारी से 10 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा। इसके बाद उसके सरकारी आवास पर छापेमारी में 47 लाख रुपये नकद बरामद किए गए हैं। कालाहांडी जिले में धर्मगढ़ के एसडीएम के रूप में पदस्थ आईएएस अधिकारी को एक व्यापारी से 10 लाख रुपये की रिश्वत मांगते और स्वीकार करते हुए पकड़ा गया। यह राशि 20 लाख रुपये की एक किस्त के रूप में ली जा रही थी।

### पाकिस्तान से आई हेरोइन की खेप बरामद

**अमृतसर।** पंजाब में अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने छह किलोग्राम हेरोइन बरामद की और दो प्रमुख ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया है। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि विशिष्ट खुफिया सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने गुरदित्ता उर्फ कालू और कैप्टन को गांव भकना के पास गिरफ्तार किया, जब वे मोटरसाइकिल पर उच्च श्रेणी की हेरोइन की खेप ले जा रहे थे। यह खेप पाकिस्तान स्थित हैंडलरों ने पंजाब में वितरण के लिए भेजी थी।

### भारत में कोरोना के सक्रिय मामले 6000 के पार

**नई दिल्ली।** देश के विभिन्न हिस्सों में पिछले 24 घंटों में कोविड-19 के लगभग 400 नये मामले सामने आए जिसके बाद इस संक्रमण के सक्रिय मामलों की संख्या 6,000 हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय से उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार इस अवधि के दौरान देश में इस संक्रमण से छह लोगों की मौत हुई, जिनमें से तीन मौतें केरल में हुईं। अभी तक, भारत में 6,133 सक्रिय मामले हैं और कुल मौतों का आंकड़ा 65 है।

# मणिपुर के कई जिलों में लगा कर्फ्यू

## मेइती नेताओं की गिरफ्तारी के विरोध में निषेधाज्ञा तोड़कर विरोध प्रदर्शन

इंफाल, एजेंसी

मणिपुर में मेइती संगठन के नेताओं की गिरफ्तारी के विरोध में बड़े पैमाने पर हुए प्रदर्शन के बाद राजधानी इंफाल सहित पांच जिलों में इंटरनेट सेवा निलंबित कर दी गई और अनिश्चितकाल के लिए कर्फ्यू लगा दिया गया है। मणिपुर के आयुक्त-सह-सचिव (गृह) एन अशोक कुमार ने कहा कि इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, थौबल, काकचिंग और बिष्णुपुर जिलों में इंटरनेट सेवा निलंबित की है।

अरामबाई टेंगोल ने अपने नेता कानन और चार अन्य की सीबीआई द्वारा गिरफ्तारी के विरोध में रविवार से मणिपुर में 10 दिवसीय बंद की घोषणा की है। गिरफ्तारी के बाद हिंसक प्रदर्शन हुए, प्रदर्शनकारियों

**• प्रदर्शनकारियों ने कई वाहन फूंके पांच दिन के लिए इंटरनेट सेवा बंद**

ने सुरक्षाकर्मियों के वाहनों समेत करीब पांच वाहनों को आग लगा दी। सुरक्षाकर्मियों और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़पों में अब तक करीब दस लोग घायल हो चुके हैं, जिनमें एक पत्रकार भी शामिल है। गौरतलब है कि सीबीआई सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार मणिपुर हिंसा मामलों की जांच कर रही है। प्रदर्शनकारियों ने सड़कों पर टायर जलाए, पत्थर और लकड़ियां जमा कीं। हिंसा को देखते हुए राजभवन और एयरपोर्ट की ओर जाने वाली सड़कों पर सेना, असम राइफल्स, सीआरपीएफ, बीएसएफ, पुलिस और अन्य सुरक्षा बल तैनात हैं।



हिंसा के बाद राजधानी इंफाल में तैनात सुरक्षाबल। • एजेंसी

### राज्यपाल ने की सुरक्षा समीक्षा बैठक

**इंफाल।** मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने रविवार को वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सुरक्षा समीक्षा बैठक की। इस बीच विधायकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने भी राज्यपाल से मुलाकात कर राज्य की मौजूदा कानून व्यवस्था की स्थिति से अवगत कराया और सामान्य स्थिति बहाल करने में हस्तक्षेप का आग्रह किया। समीक्षा बैठक के दौरान राज्य में मौजूदा कानून-व्यवस्था की स्थिति से संबंधित विभिन्न मामलों पर व्यापक चर्चा और समीक्षा की गई। बैठक में सुरक्षा सलाहकार, डीजीपी, आयुक्त (गृह) सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## चिराग का बिहार की 243 सीटों पर चुनाव लड़ने का एलान

**आरा (बिहार)।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने आज साफ शब्दों में कहा उनका गठबंधन सिर्फ और सिर्फ जनता के साथ है और वह बिहार और बिहारियों को फर्स्ट बनाने के लिए 243 विधानसभा सीट पर चुनाव लड़ेंगे।

चिराग ने रविवार को यहां रमना मैदान में लोजपा रामविलास के नव संकल्प महासभा को संबोधित करते हुए कहा, जब ये सवाल पूछा जाता है कि क्या चिराग पासवान बिहार से चुनाव लड़ेगा तो हां, मैं बिहार से चुनाव लड़ूँगा। मैं बिहार की 243 सीटों पर चुनाव लड़ूँगा, मैं बिहार की हर सीट से बिहार को फर्स्ट और बिहारियों को फर्स्ट बनाने के लिए चुनाव लड़ूंगा।

# राहुल सीधे पत्र भेजें, तभी निर्वाचन आयोग देगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में धांधली का आरोप लगाने वाले अपने लेख पर निर्वाचन आयोग से जवाब मांगे जाने के एक दिन बाद आयोग के सूत्रों ने रविवार को कहा कि संवैधानिक निकाय तभी जवाब देगा, जब विपक्ष के नेता उसे सीधे पत्र लिखेंगे।

सूत्रों ने साथ ही कहा कि अपने संपर्क अभियान के तहत निर्वाचन आयोग ने सभी छह राष्ट्रीय दलों से अलग-अलग बातचीत के लिए उन्हें आमंत्रित किया था, जबकि अन्य पांच दलों ने आयोग के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की, लेकिन कांग्रेस ने 15 मई की बैठक रद्द कर दी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी

**• नेता प्रतिपक्ष के आरोपों पर निर्वाचन आयोग ने किया साफ**

ने महाराष्ट्र में पिछले साल हुए विधानसभा चुनाव में धांधली के आरोपों को निर्वाचन आयोग के सूत्रों द्वारा खारिज किए जाने के बाद उस पर पलटवार करते हुए शनिवार को कहा था कि उसकी विश्वसनीयता बात छिपाने से नहीं, बल्कि सच बोलने से बचेगी।

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की ओर से महाराष्ट्र के मतदान केंद्रों की शाम की सीसीटीवी फुटेज मांगे जाने संबंधी एक सवाल के जवाब में सूत्रों ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार, चुनाव याचिका दायर होने पर मतदान केंद्रों की सीसीटीवी फुटेज की जांच सक्षम उच्च न्यायालय ही कर सकता है।

# सरकारी जमीन पर पुनर्वास दावों का समाधान न होने के आधार पर कब्जा नहीं रख सकते

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि अतिक्रमणकारी केवल इस आधार पर सरकारी जमीन पर कब्जा जारी रखने के अधिकार का दावा नहीं कर सकते कि उनके पुनर्वास दावों का समाधान नहीं हुआ है, क्योंकि इससे सार्वजनिक परियोजनाओं में अनावश्यक बाधा उत्पन्न होगी।

हाईकोर्ट ने यह टिप्पणी दिल्ली विकास प्राधिकरण को दक्षिण दिल्ली

**• दिल्ली हाईकोर्ट ने अतिक्रमण के मामले में दी हिदायत**

के कालकाजी स्थित भूमिहीन कैंप में कानून के अनुसार ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करने की अनुमति देते हुए की। न्यायमूर्ति धर्मेश शर्मा ने कहा कि रिट याचिकाएं न केवल कई पक्षों के गलत तरीके से जुड़े होने के कारण त्रुटिपूर्ण थीं, बल्कि दिल्ली झुग्गी और झुग्गी-झोपड़ी पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन नीति द्वारा निर्धारित आवश्यक मानदंडों को भी पूरा नहीं करती थीं, जिसके आधार पर पुनर्वास और पुनर्स्थापन के लिए पात्रता तय की जाती है।

अदालत ने छह जून को सुनाए गए अपने आदेश में कहा, किसी भी याचिकाकर्ता को जेजे. क्लस्टर पर कब्जा बनाए रखने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है, जिससे आम जनता को नुकसान हो। अदालत ने लगभग 1,200 लोगों से संबंधित याचिकाओं पर यह फैसला सुनाया।

### नया प्रयोग



जयपुर पुलिस ने ट्रैफिक प्रबंधन के लिए पांच सेल्फ बैलेंसिंग स्कूटर का ट्रायल शुरू किया है। रविवार को हवा महल के पास इलेक्ट्रिक सेल्फ बैलेंसिंग स्कूटर पर गश्त करते जयपुर ट्रैफिक पुलिस के जवान। एजेंसी

### तंगी: गुजरात में पति-पत्नी और बेटे ने की आत्महत्या

**मेहसाणा।** गुजरात के मेहसाणा जिले में कथित रूप से आर्थिक तंगी के चलते एक दंपति और उनके नौ वर्षीय बेटे ने नर्मदा नहर में कूदकर आत्महत्या कर ली। एक पुलिस अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपाधीक्षक हार्दिक प्रजापति ने बताया कि धर्मेश पांचाल (38), उनकी पत्नी उर्मिला (36) और बेटे प्रकाश ने शनिवार को कडी कस्बे के पास आत्महत्या कर ली। प्रजापति ने कहा, उर्मिला और प्रकाश के शव शनिवार को मिले थे, जबकि धर्मेश का शव रविवार को निकाला गया। जिस कार से वे यहां पहुंचे थे, उसमें से एक सुसाइड नोट भी मिला है। इसकी जांच की जा रही है।

# जस्टिस वर्मा पर महाभियोग से बचने को इस्तीफा ही एक विकल्प

नई दिल्ली, एजेंसी

जस्टिस यशवंत वर्मा के पास संसद द्वारा पद से हटाने के लिए चलाई जाने वाली कार्यवाही से बचने का एकमात्र विकल्प इस्तीफा है, क्योंकि सरकार कथित भ्रष्टाचार के मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश को हटाने के लिए एक प्रस्ताव लाने पर जोर दे रही है।

सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के न्यायाधीशों की नियुक्ति और उन्हें हटाने की प्रक्रिया से अवगत अधिकारियों ने बताया कि किसी भी सदन में सांसदों के समक्ष अपना पक्ष



**• संसद की ओर से हटाया गया तो जस्टिस वर्मा को नहीं मिलेंगे पेंशन और दूसरे लाभ**

रखते हुए न्यायमूर्ति वर्मा यह घोषणा कर सकते हैं कि वह पद छोड़ रहे हैं और उनके मौखिक बयान को उनका इस्तीफा माना जाएगा। अगर वह इस्तीफा देने का फैसला करते हैं, तो उन्हें सेवानिवृत्त हाईकोर्ट के न्यायाधीश के बराबर पेंशन और अन्य लाभ मिलेंगे। लेकिन अगर उन्हें संसद हटाती है, तो उन्हें पेंशन और अन्य लाभों से वंचित कर दिया जाएगा।

संविधान के अनुच्छेद 217 के अनुसार हाईकोर्ट का कोई न्यायाधीश, राष्ट्रपति को संबोधित अपने हस्ताक्षर सहित पत्र लिखकर अपना पद त्याग सकता है। न्यायाधीश के त्यागपत्र के लिए किसी अनुमोदन की आवश्यकता नहीं होती। एक साधारण त्यागपत्र ही पर्याप्त है। न्यायाधीश पद छोड़ने के लिए संभावित तिथि बता सकता है। ऐसे मामलों में न्यायाधीश पद पर बने रहने के अंतिम दिन की तिथि के रूप में उल्लिखित दिनांक से पहले अपना त्यागपत्र वापस ले सकता है।

संसद से हटाना न्यायाधीश को पद से हटाने का दूसरा तरीका है। तत्कालीन सीजेआई संजीव खन्ना ने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर जस्टिस वर्मा को हटाने के लिए कहा था, जो नकदी बरामदी से जुड़े विवाद में फंसे हैं। न्यायमूर्ति खन्ना की रिपोर्ट मामले की जांच करने वाले तीन न्यायाधीशों की आंतरिक समिति के निष्कर्षों पर आधारित थी।

### रिजीजू ने मामले को बताया था थोड़ा अलग

संसदीय कार्यमंत्री किरेन रीजीजू ने पिछले सप्ताह कहा था कि ये मामला थोड़ा अलग है, क्योंकि तत्कालीन सीजेआई द्वारा गठित आंतरिक समिति रिपोर्ट सौंप चुकी है। इसलिए क्या करना है, हम फैसला लेंगे। मंत्री ने कहा कि प्रक्रिया का पालन किया जाना चाहिए लेकिन पहले से की गई जांच को कैसे एकीकृत किया जाए, इस पर निर्णय लेने की जरूरत है। कहा, नियमानुसार एक समिति बननी चाहिए और फिर समिति को एक रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होती है, जिसे सदन में पेश किया जाएगा और न्यायाधीश को पद से हटाने के प्रस्ताव पर चर्चा शुरू होगी।

# लोको पायलट के लिए विश्राम नियम बदले

नई दिल्ली, एजेंसी

रेल मंत्रालय ने रेलवे के विभिन्न जोन और मंडलों में अपनाए जाने वाले अलग-अलग नियमों में एकरूपता लाने के मकसद से ट्रेन चालक दल के सदस्यों के लिए 'आउटस्टेशन' विश्राम नियमों को बदलने की घोषणा की है। ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन (एआईएलआरएसए) ने रेलवे बोर्ड को पत्र लिखकर इस कदम पर विरोध दर्ज कराया है और इसे अवैध आदेश बताया है।

एसोसिएशन का कहना है कि यह आदेश मंत्रालय के पिछले आदेशों का उल्लंघन करता है। रेल सूचना प्रणाली

**• लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन ने रेल मंत्रालय के आदेश को अवैध बताते हुए विरोध जताया**

केंद्र (क्रिस) के महाप्रबंधक के नाम मंत्रालय की ओर से तीन जून को जारी परिपत्र में कहा गया कि ट्रेन परिचालन के दौरान उसमें ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों के लिए कार्य अवधि के संदर्भ में 'आउटस्टेशन' विश्राम नियम छह प्रकार के हैं।

परिपत्र के अनुसार, ट्रेन में ड्यूटी देने वाले कर्मचारियों को आठ घंटे ड्यूटी करने पर आठ घंटे का विश्राम और पांच से आठ घंटे की ड्यूटी करने वालों को छह घंटे का विश्राम दिया जाएगा। कहा गया है कि जो कर्मचारी पांच घंटे या उससे कम की ड्यूटी करते हैं उन्हें ड्यूटी की अवधि से एक घंटा अधिक विश्राम के लिए मिलेगा।

एसोसिएशन ने कहा कि मंत्रालय का पत्र सुरक्षित रेल परिचालन को गंभीर रूप से प्रभावित करेगा क्योंकि यह 2016 में मंत्रालय से गठित उच्चाधिकार प्राप्त समिति के कार्य घंटों के नियमों की पूरी तरह अवहेलना करता है। यूनियन पदाधिकारियों ने कहा कि आठ घंटे से कम कोई भी विश्राम अपर्याप्त है क्योंकि इस अवधि के दौरान कर्मचारियों को विश्राम के अलावा कई अन्य गतिविधियों में भी काफी समय देना पड़ता है।



## एक नजर

### त्रिपुरा में किसानों की आय दोगुनी हुई: मुख्यमंत्री

**अगरतला।** त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने रविवार को दावा किया कि राज्य में किसानों की आय पिछले आठ वर्षों में दोगुनी हो गई है। पश्चिमी त्रिपुरा के तुफानियालुंगा चाय बागान में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने दावा किया कि राज्य में किसानों की आय 2016 में 6,580 रुपये से बढ़कर 2024 में 13,590 रुपये प्रति माह हो गई है। पूर्वोत्तर राज्य में 4.74 लाख किसान हैं। उन्होंने कहा, सरकार किसानों के कल्याण के लिए काम कर रही है क्योंकि इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा।

### भारत की कंपनियों से बातचीत कर रही एटीआर

**नई दिल्ली।** भारत में कारोबारी अवसरों को देखते हुए यूरोपीय विमान विनिर्माता एटीआर अपने विमानों की बिक्री की संभावना तलाशने के लिए अनुसूचित और गैर-अनुसूचित एयरलाइन कंपनियों के साथ बातचीत कर रही है। एटीआर के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि अगले 10 वर्षों में देश में 300 से अधिक टर्बोप्रॉप होंगे। वर्तमान में, देश में 70 एटीआर विमान हैं जो इंडिगो, एलायंस एयर और फ्लाई91 द्वारा संचालित हैं।

### रिलायंस की नजर विमान उन्नयन कारोबार पर

**नई दिल्ली।** रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर अपने रक्षा कारोबार को विमान उन्नयन कार्यक्रमों पर ध्यान केंद्रित करने की योजना बना रही है, जिसके तहत अगले सात से 10 वर्षों में 5,000 करोड़ रुपये के अवसर प्राप्त होंगे। इस रणनीतिक कदम से रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर भारत की पहली निजी क्षेत्र की कंपनी बन गई है, जो मूल विनिर्माता बने बिना ही स्वतंत्र रूप से व्यापक विमान उन्नयन कार्यक्रम को क्रियान्वित कर रही है।

# किसानों के हितों की रक्षा करेगा भारत

## अमेरिका से व्यापार वार्ता पर कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की घोषणा

नई दिल्ली, एजेंसी

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भारत, अमेरिका के साथ कृषि बाजार पहुंच को लेकर चल रही व्यापार वार्ता में संभावित लाभ और हानि का आकलन करते हुए अपने किसानों के हितों की रक्षा को प्राथमिकता देगा। चौहान ने एक साक्षात्कार में कहा, भारत आंखें मूंदकर काम नहीं करेगा। अपने लाभ और हानि का आकलन कर समझौते को अंतिम रूप दिया जाएगा।

कृषि मंत्री ने कहा, भारत और अमेरिका के बीच चर्चा चल रही है। एक बात स्पष्ट है, हम अपने किसानों के हितों की रक्षा करेंगे। जब हम दो देशों के बारे में बात करते हैं, तो हमें समग्र व्यापार को देखने की जरूरत होती है। नीति आयोग की रिपोर्ट 'नई अमेरिकी व्यापार व्यवस्था के तहत



**• कहा- अपने लाभ-हानि का आकलन कर देंगे समझौते को अंतिम रूप**

भारत-अमेरिका कृषि व्यापार को बढ़ावा देना' के अनुसार, 2024 में समाप्त होने वाली त्रैवार्षिक अवधि में भारत को अमेरिकी कृषि और संबद्ध उत्पाद निर्यात का मूल्य लगभग 2.22 अरब डॉलर था। इसी अवधि में, भारत ने अमेरिका को 5.75 अरब डॉलर मूल्य के कृषि उत्पादों का निर्यात किया।

अमेरिका को भारत के मुख्य कृषि निर्यात में जमे हुए झींगा, बासमती चावल, मसाले, प्रसंस्कृत अनाज और अन्य मूल्यवर्धित उत्पाद शामिल हैं। अमेरिका मक्का, सोयाबीन और पशु आहार जैसे अधिक कृषि उत्पादों का निर्यात करना चाहता है, लेकिन उसे भारत से, विशेष रूप से कृषि में उच्च शुल्क का सामना करना पड़ रहा है, जहां औसत शुल्क 39-50 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। मंत्री की टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब भारत और अमेरिका कृषि व्यापार के विस्तार पर बातचीत जारी रखे हुए हैं, जिसमें वाशिंगटन भारतीय बाजार में अपने कृषि उत्पादों के लिए कम शुल्क और बेहतर बाजार पहुंच की मांग कर रहा है। भारत, ग्रामीण समुदायों से संभावित प्रतिक्रिया की चिंता और घरेलू उत्पादकों को वैश्विक मूल्य अस्थिरता से बचाने की आवश्यकता के कारण अपने कृषि और डेयरी बाजारों को पूरी तरह से खोलने के प्रति सतर्क है।

### वैश्विक रुझानों और मुद्रास्फीति से तय होगी इस सप्ताह बाजार चाल

**नई दिल्ली।** इस सप्ताह शेयर बाजारों की चाल वैश्विक रुझानों, मुद्रास्फीति के आंकड़ों और विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों से तय होगी। इसके अलावा मानसून की प्रगति और व्यापार वार्ता से संबंधित घटनाक्रमों पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, कारोबारियों की नजर प्रमुख वृहद आर्थिक आंकड़ों पर होगी। मांग के रुझान और केंद्रीय बैंक के अगले कदमों का अनुमान लगाने के लिए सीपीआई मुद्रास्फीति जैसे उच्च आवृत्ति संकेतकों पर बारीकी से नजर रखी जाएगी।

## डीआरडीओ की लैब ने हस्तांतरित कीं नौ प्रणालियों की प्रौद्योगिकी

**नई दिल्ली।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की एक प्रयोगशाला ने उद्योग जगत के 10 भागीदारों को नौ प्रणालियों की प्रौद्योगिकियां हस्तांतरित की हैं।

रक्षा मंत्रालय ने कहा कि इन प्रौद्योगिकियों में एक माउंटेड गन प्रणाली और एक आतंकवाद-रोधी वाहन शामिल हैं। शनिवार को वाहन अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान में आयोजित एक कार्यक्रम में डीआरडीओ के अध्यक्ष समीर वी कामत की उपस्थिति में लाइसेंसिंग समझौते सौंपे गए। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों की भागीदारी के साथ महाराष्ट्र के अहिल्यानगर में स्थित डीआरडीओ प्रयोगशाला वीआरडीई ने 10 उद्योग भागीदारों को नौ प्रणालियों की प्रौद्योगिकियों को स्थानांतरित करके एक बड़ा कदम उठाया है।

# आत्मसंतुष्टि का कारण नहीं हो सकता जापान को पीछे छोड़ना

नई दिल्ली, एजेंसी

विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के पूर्व प्रबंध निदेशक (एमडी) क्लॉड स्मदजा ने कहा कि भारत, जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए तैयार है, लेकिन उसे आत्मसंतुष्ट नहीं होना चाहिए, क्योंकि प्रति व्यक्ति जीडीपी के मामले में देश जापान से बहुत पीछे है।

अप्रैल, 2025 के आईएमएफ आंकड़ों के अनुसार भारत की प्रति व्यक्ति जीडीपी 2,878.4 डॉलर है जो जापान की प्रति व्यक्ति जीडीपी 33,955.7 डॉलर का लगभग 8.5 प्रतिशत है। इसका अर्थ है कि जापान की प्रति व्यक्ति आय भारत की तुलना में लगभग 11.8 गुना अधिक है। स्मदजा ने विशेष बातचीत में कहा, अर्थव्यवस्था का आकार एक अच्छा संकेतक है क्योंकि यह वैश्विक संतुलन पर देश के आर्थिक भार का

**• विश्व आर्थिक मंच के पूर्व एमडी ने कहा- जापान की प्रति व्यक्ति आय अब भी भारत से बहुत आगे**

एक विचार देता है लेकिन मायने रखता है वह प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) है।

प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद के मामले में, भारत जापान से बहुत नीचे है। इसलिए भारत ने वैश्विक आर्थिक संतुलन में यह चौथा स्थान हासिल किया है या नहीं, यह प्रगति का एक अच्छा संकेतक है, लेकिन यह किसी भी तरह से आत्मसंतुष्टि का कोई कारण नहीं है। स्मदजा ने तर्क दिया कि भारत की नई आर्थिक स्थिति को सुधारों में तेजी लाने के लिए उत्प्रेरक के रूप में काम करना चाहिए तथा तय करना चाहिए कि वृद्धि सभी नागरिकों के लिए उच्च जीवन स्तर में परिवर्तित हो, न कि केवल शहरी और ग्रामीण केंद्रों में उभरते मध्यम वर्ग के लिए।

## रेपो दर में कटौती के बाद बैंक ऑफ बड़ौदा ने 0.50% घटाई ब्याज दर

नई दिल्ली, एजेंसी

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा ने रविवार को कहा कि उसने आरबीआई की ब्याज दरों में कटौती के अनुरूप रेपो दर से जुड़ी अपनी प्रमुख उधारी दर में 0.50 प्रतिशत की कटौती की है। निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक ने अपनी कोष की सीमांत लागत आधारित उधार दर में विभिन्न अवधियों में 0.10 प्रतिशत की कटौती की है, जिससे उन उधारकर्ताओं को लाभ होगा जिनके ऋण इस बेंचमार्क से जुड़े हैं।

बीओबी ने एक बयान में कहा

**• एचडीएफसी ने आरएलएलआर में 0.10% कटौती की घोषणा की**

कि आरबीआई द्वारा नीतिगत रेपो दर में कटौती के अनुरूप, बैंक ने सात जून से अपनी रेपो से संबद्ध ऋण रेट (आरएलएलआर) में 0.50 प्रतिशत की कटौती की है। बैंक ने कहा कि अब उसकी आरएलएलआर 8.15 प्रतिशत है। इसके साथ ही बीओबी ने आरएलएलआर में आरबीआई की कटौती को पूरी तरह लागू कर दिया है। एचडीएफसी बैंक की वेबसाइट के अनुसार, नई एमसीएलआर दरें सात जून से प्रभावी हैं।

## छह माह में दर्जन भर आईपीओ पेश होंगे

**नई दिल्ली।** साल 2025 की सुस्त शुरुआत के बाद एक दर्जन से अधिक कंपनियों ने अगले तीन से छह महीनों में अपना आईपीओ पेश करने की तैयारी कर ली है, जो कि द्वितीयक बाजार में स्थिरता और भू-राजनीतिक तनाव में कमी के कारण संभव हो पाया है। मर्चेंट बैंकरों ने कहा कि पूंजी बाजार में उतरने की तैयारी कर रही कंपनियों में एचडीएफसी बैंक की अनुषंगी कंपनी एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज, नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल), कल्पतरु, रूबिकॉन रिसर्च, ऑल टाइम प्लास्टिक्स, रीग्रीन-एक्सेल ईपीसी इंडिया और परमेसु बायोटेक शामिल हैं।

# पई का इशारा भारतीय स्टार्टअप के लिए घरेलू पूंजी की कमी की ओर

नई दिल्ली, एजेंसी

दिग्गज उद्योगपति और एरिन कैपिटल के चेयरमैन मोहनदास पई का कहना है कि सरकार के प्रतिबंधात्मक नियमों के कारण पर्याप्त घरेलू निवेश की कमी के चलते भारतीय स्टार्टअप पीछे रह गए हैं। उन्होंने पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए नीतिगत सुधारों और अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) में निवेश का आह्वान किया।

पई ने आगाह किया कि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप केंद्र है इसके बावजूद अगर इन चुनौतियों का समाधान नहीं किया गया तो देश वैश्विक नवाचार में पिछड़ सकता है। पई ने पीटीआई-भाषा को



**• पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए नीतिगत सुधारों का आह्वान**

दिए साक्षात्कार में कहा, हमारे पास 1,65,000 पंजीकृत स्टार्टअप हैं, 22,000 को वित्त पोषण मिला है। उन्होंने 600 अरब डॉलर का मूल्य बनाया है। हमें 121 यूनिकॉर्न और शायद 250-300 सूनिकॉर्न मिले।

उन्होंने कहा, स्टार्टअप के लिए सबसे बड़ी समस्या पर्याप्त पूंजी की कमी है। उदाहरण के लिए, चीन ने 2014 से 2024 के बीच स्टार्टअप और उद्यमों में 835 अरब डॉलर का निवेश किया, अमेरिका ने 2.32 लाख करोड़ डॉलर का निवेश किया। हमने सिर्फ़ 160 अरब डॉलर का निवेश किया, जिसमें से संभवतः 80 प्रतिशत विदेशों से आया। इसलिए स्थानीय पूंजी नहीं आ रही है। पई ने बताया कि अमेरिका के विपरीत, जहां बीमा कंपनियां और विश्वविद्यालय निधियां स्टार्टअप कोष के प्रमुख स्रोत हैं, भारतीय कोषों को सरकारी नीति द्वारा स्टार्टअप में निवेश करने से प्रतिबंधित किया गया है, और अधूरे नियामकीय सुधारों के कारण बीमा कंपनियां बड़े पैमाने पर अनुपस्थित रहती हैं।

उन्होंने बीमा कंपनियों को 'फंड-ऑफ-फंड' में भाग लेने की अनुमति देने के लिए विनियामकीय बदलाव लाने की वकालत की और उनके निवेश ढांचे में अधिक लचीलेपन का आह्वान किया। पई ने सरकार के 'फंड-ऑफ-फंड' कार्यक्रम को 10,000 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 50,000 करोड़ रुपये करने का भी सुझाव दिया। उन्होंने आगे कहा कि 40-45 लाख करोड़ रुपये के कोष वाले भारत के पेंशन कोष रूढ़िवादी दृष्टिकोण और प्रतिबंधात्मक नियमों के कारण स्टार्टअप में निवेश करने में असमर्थ हैं। पई ने भारतीय विश्वविद्यालयों में अनुसंधान एवं विकास कोष में पर्याप्त वृद्धि के महत्व पर जोर दिया और डीआरडीओ जैसे संगठनों को अपनी प्रौद्योगिकियों को निजी क्षेत्र के लिए सुलभ बनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

## खेल डायरी

### सप्तक तलवार का स्विटजरलैंड में अच्छा प्रदर्शन जारी

**ल्यूसर्न (स्विट्जरलैंड) :** भारत के सप्तक तलवार ने अंतिम पांच होल में चार बर्डी के साथ तीसरे दौर में तीन अंडर 68 का कार्ड खेला, जिससे वह यहां स्विस चैलेंज गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त 16वें स्थान पर पहुंच गए। तलवार ने पहले दो दिन 69-69 का स्कोर बनाया था। तीसरे दौर के बाद उनका कुल स्कोर सात अंडर हो गया है और वह शीर्ष पर काबिज स्वीडन के टोबियास जोनसन से छह शॉट पीछे हैं, जिन्होंने तीसरे दिन 67 का स्कोर बनाया था। गोल्फ़ सेम्पाच में तलवार ने 13वें होल में दिन की एकमात्र बोगी की। इसके बाद उन्होंने हालांकि शानदार वापसी करके आखिरी पांच होल में चार बर्डी लगाई। उन्होंने 14वें और 15वें होल और फिर 17वें और 18वें होल में भी लगातार बर्डी लगाई।

### केन ने एंडोरा के खिलाफ इंग्लैंड को शर्मसार होने से बचाया

**बार्सिलोना :** इंग्लैंड ने कुछ विषम पलों से गुजरने के बाद हैरी केन के दूसरे हाफ में किए गए गोल की मदद से विश्व कप फुटबॉल के यूरोपीय क्वालीफाइंग मैच में एंडोरा पर 1-0 से जीत दर्ज की। इंग्लैंड ने इस जीत से हालांकि अपना विजय अभियान जारी रखा। यह उसकी लगातार तीसरी जीत है जिससे उसके नौ अंक हो गए हैं और वह ग्रुप के में शीर्ष पर काबिज है। इंग्लैंड की टीम विश्व में 173वें स्थान पर काबिज टीम के सामने तब तक गोल नहीं कर सकी जब तक कि 50वें मिनट में नोनी मदुके के पास को केन ने गोल में नहीं बदल दिया। केन का इंग्लैंड की तरफ से यह 106 मैच में 72वां गोल था। केन ने कहा हमें निश्चित रूप से बेहतर प्रदर्शन करना होगा। यह ऐसा प्रदर्शन नहीं है जिसे बहुत से लोग याद रखेंगे। हमें खुशी है कि हम तीन अंक हासिल करने में सफल रहे। अल्बानिया और सर्बिया के बीच कड़ी सुरक्षा के बीच मैच गोलरहित बराबरी पर समाप्त हुआ। अल्बानिया तीन मैचों के बाद चार अंकों के साथ ग्रुप के में इंग्लैंड के बाद दूसरे स्थान पर है।



फ्रेंच ओपन में महिला एकल का खिताब जीतने वाली अमेरिका की कोको गौफ पेरिस के प्लेस डे ला कॉनकॉर्ड में ट्राफी के साथ फोटो खिंचाती हुईं। ● एजेंसी

### चक्रवर्ती, नारायणन, सिवुक तालिका में शीर्ष पर

**नई दिल्ली :** भारत के शीर्ष वरीयता प्राप्त नारायणन एस एल ने 21वें दिल्ली इंटरनेशनल ओपन ग्रैंड मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के तीसरे दौर में रविवार को यहां अर्नव अग्रवाल पर जीत के साथ तालिका में संयुक्त रूप से शीर्ष पर अपना स्थान बरकरार रखा है। नारायणन के साथ शुरुआती तीन मुकाबलों में तीन जीत दर्ज करने वाले ग्रैंड मास्टर दीपन चक्रवर्ती, विटाली सिवुक, मिहेल निकितेंको, कार्तिक वेंकटरमन, अभिजीत गुप्ता और अंतरराष्ट्रीय मास्टर आर्सेन दावत्यान भी संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। अंतरराष्ट्रीय मास्टर आरण्यक घोष ने भी गुरु प्रकाश पर जीत के साथ अपना शानदार खेल जारी रखा है। इस 1.21 करोड़ रुपये पुरस्कार राशि वाले टूर्नामेंट में 20 देशों के 24 ग्रैंडमास्टर सहित 2500 से ज्यादा खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

### भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने बेल्जियम को 3-2 से हराया

**एंटवर्प :** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने रविवार को बेल्जियम के खिलाफ शानदार जीत के साथ यूरोप दौरे की शुरुआत की। आज यहां एंटवर्प में हॉकी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, विलरिजके प्लीन में खेले गये मुकाबले में भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बेल्जियम को 3-2 हराया। मैच की शुरुआत में भारत ने गीता यादव ने (11वें) मिनट में गोलकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। हालांकि, दूसरे क्वार्टर में मेजबान बेल्जियम की मैरी गोएन्स ने (25वें) मिनट में गोलकर स्कोर 1-1 बराबर कर दिया। इसके तुरंत बाद बेल्जियम ने लुईस वैन हेके के (34वें) मिनट में किये गये गोल की बदौलत 2-1 से बढ़त बना ली। भारत की सोनम ने (40वें) मिनट में गोलकर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। इसके बाद भारत ने लगातार आक्रमण जारी रखे और बेल्जियम पर दबाव बनाये रखा।

### भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे स्वप्निल व इलावेनिल

**म्यूनिख :** वापसी कर रहे पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता निशानेबाज स्वप्निल कुसाले और इलावेनिल वलारिवान मंगलवार से यहां शुरू हो रहे सत्र के तीसरे आईएसएसएफ विश्व कप में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे। विश्व कप में कई अंतरराष्ट्रीय सितारे हिस्सा लेंगे। कुसाले ने घरेलू सर्किट में अच्छे प्रदर्शन के दम पर पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन (थ्री पी) स्पर्धा में वापसी की। दो बार की ओलंपियन इलावेनिल पेरिस के बाद पहली बार अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में नजर आएंगी। हालांकि वह आरपीओ (केवल रैंकिंग अंक) निशानेबाज के तौर पर ब्यूनस आयर्स और लीमा गई थीं। महिला एयर पिस्टल में एशियाई खेलों की मौजूदा चैंपियन पलक की भी टीम में वापसी हुई है। हाल ही में महिला एयर राइफल राष्ट्रीय चैंपियन बनी अनन्या नायडू जैसे कुछ निशानेबाज विश्व कप में पदार्पण करेंगे। पुरुष एयर पिस्टल में आदित्य मालरा और निशांत रावत के रूप में दो नए चेहरे होंगे।

# सांसद प्रिया सरोज के साथ रिंकू सिंह की नई पारी



क्रिकेटर रिंकू सिंह और सपा सांसद प्रिया सरोज रिंग दिखाते हुए। ● एजेंसी

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

**अमृत विचार।** मशहूर क्रिकेटर रिंकू सिंह और सपा सांसद प्रिया सरोज ने राजधानी में रविवार को रिंग सेरेमनी कर, उठने वाले कयासों पर विराम लगा दिया। दोनों ने एक दूसरे को अंगूठी पहनाई। एकसाथ हाथ ऊपर उठाकर अतिथियों की बधाई ली और जश्न मनाया। इस अवसर पर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं सपा प्रमुख अखिलेश यादव व सांसद डिंपल यादव समेत अन्य गणमान्य नेताओं ने स्टेज पर पहुंचकर शुभकामनाएं दी।

लखनऊ के सेंट्रम होटल में संपन्न हुई रिंग सेरेमनी में प्रिया सरोज ने पिंक कलर का लहंगा पहन रखा था, जबकि रिंकू सिंह ने डिजाइनर कुर्ता और पायजामा पहना हुआ था। सेरेमनी के दौरान रिंकू द्वारा अंगूठी पहनाएं जाने पर सांसद प्रिया सरोज भावुक हो गईं, जिन्हें क्रिकेटर रिंकू सिंह से ठिठोली कर हंसाया और फिर अतिथियों के बीच आकर लोगों से बधाई ली। साथ ही संगीत के माहौल में रिंकू सिंह व प्रिया सरोज ने जमकर ठुमके भी लगाए। इसके बाद स्टेज पर परिवार सदस्यों के साथ की अतिथियों के बधाई देने का सिलसिला शुरू हुआ।



रिंग सेरेमनी के दौरान स्टेज पर मौजूद सपा प्रमुख अखिलेश यादव व अन्य अतिथि। ● एजेंसी

बधाई देने वालों में सपा प्रमुख के अलावा सपा नेता रामगोपाल वर्मा, महासचिव शिवपाल सिंह यादव, सांसद जिया उर्रहमान बर्क, सांसद जया बच्चन, सांसद धर्मेन्द यादव, और बीसीसीआई के राजीव शुक्ल समेत कई हस्तियां शामिल थे। रिंग सेरेमनी में 300 खास मेहमानों को न्योता था। इस दौरान सिक्योरिटी के भी खास इंतजाम थे।

# कार्लोस अल्कारेज ने जीता फ्रेंच ओपन खिताब

## फ्रेंच ओपन : यानिक सिनर को 4-6, 6-7, 6-4, 7-6, 7-6 से हराया

**पेरिस, एजेंसी**

दूसरे वरीय और गत विजेता कार्लोस अल्कारेज ने दो सेट गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए रविवार को यहां दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर को पांच सेट तक चले कड़े मुकाबले में हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट का पुरुष एकल खिताब अपने नाम किया।

दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी स्पेन के अल्कारेज ने तीन मैच प्वाइंट बचाते हुए शीर्ष वरीय सिनर को पांच घंटे 29 मिनट में 4-6, 6-7, 6-4, 7-6, 7-6 से हराकर इटली के खिलाड़ी के ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में लगातार 20 जीत के अभियान पर विराम लगाया। सिनर ने पिछले साल अमेरिकी ओपन और इस साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब जीता था और उनकी नजरें पेरिस में ग्रैंडस्लैम जीत की हैट्रिक पूरी करने पर थी। दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी अल्कारेज का यह पांचवां ग्रैंडस्लैम खिताब है जबकि सिनर के नाम तीन ग्रैंडस्लैम खिताब दर्ज हैं।



स्पेन के कार्लोस अल्काराज़ (बाएं) और इटली के जैनिक सिनर। ● एजेंसी

अल्कारेज ने अब तक कोई ग्रैंडस्लैम फाइनल नहीं गंवाया है जबकि सिनर को पहली बार ग्रैंडस्लैम के खिताबी मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। बाइस वर्षीय अल्कारेज का इस साल क्ले कोर्ट पर जीत-हार का रिकॉर्ड 22-1 हो गया है। उन्होंने 23 वर्षीय सिनर के खिलाफ लगातार पांचवीं जीत सहित कुल आठवीं जीत दर्ज की। सिनर ने चार बार अल्कारेज को हराया है। अल्कारेज चौथे सेट में हार की कगार पर थे लेकिन उन्होंने तीन मैच प्वाइंट बचाकर मुकाबले को निर्णायक सेट में खींचा और फिर इसे 7-6 से जीतकर मैच और खिताब अपने नाम किया। पांचवें सेट के टाईब्रेक में अल्कारेज ने शानदार शुरुआत करते हुए 7-0 की बड़ी बढ़त बनाई और फिर आसानी से जीत दर्ज की। चौथे सेट में अल्कारेज 3-5 के स्कोर के बाद 0-40 से पीछे चल रहे थे लेकिन फिर उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी को पीछे छोड़ते हुए टाईब्रेकर में 7-6 से जीत हासिल की। शीर्ष रैंकिंग वाले खिलाड़ी सिनर ने शुरुआती दो सेट 6-4, 7-6 से जीते जबकि अल्कारेज ने तीसरा सेट 6-4 से जीतकर मैच में अपनी वापसी की नींव रखी।

## इरानी-पाओलिनी ने जीता महिला युगल का खिताब

**पेरिस, एजेंसी :** ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता सारा इरानी और जैस्मीन पाओलिनी की इटली की जोड़ी ने पहली बार फ्रेंच ओपन महिला युगल खिताब जीता तो वहीं पुरुष युगल में मार्सेल ग्रानोलर्स और होरासियो जेबालोस की जोड़ी उम्र को धता बताते हुए चैंपियन बनी। पिछले साल की उपविजेता रही दूसरी वरीयता प्राप्त इरानी और पाओलिनी ने रविवार को अन्ना डैनिलिना और अलेक्जेंड्रा क्रुनिक को 6-4, 2-6, 6-1 से हराया। इटली की इस जोड़ी ने पिछले साल इसी स्थल पर ओलंपिक का स्वर्ण पदक जीता था। यह इरानी का महिला युगल में छठा ग्रैंड स्लैम जबकि दूसरा फ्रेंच ओपन खिताब है। इस 38 वर्षीय खिलाड़ी ने इससे पहले रॉबर्टा विंची के साथ एक बेहद सफल जोड़ी बनाकर अमेरिकी ओपन, विंबलडन और ऑस्ट्रेलियन ओपन में खिताबी जीत दर्ज की थी। इरानी के लिए यह फ्रेंच ओपन में इस साल का दूसरा खिताब है। उन्होंने इससे पहले एन्ड्रा वावसोरी के साथ मिश्रित युगल खिताब भी जीता है। पाओलिनी एकल वर्ग की शानदार खिलाड़ी हैं। वह पिछले साल इस क्ले-कोर्ट ग्रैंड स्लैम में उपविजेता रहीं थी। पुरुष युगल में स्पेन के 39 वर्षीय ग्रैनोलर्स और अर्जेंटीना के 40 वर्षीय जेबालोस की जोड़ी चौथी बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची थी और पहली बार चैंपियन बनने में सफल रही। फ्रेंच ओपन में पांचवी वरीयता प्राप्त इस जोड़ी ने फाइनल में जो सैलिसबरी और नील स्कूप्स्की की ब्रिटिश जोड़ी को 6-0, 6-7(5), 7-5 से हराया। ग्रैनोलर्स और ज़ेबालोस 2019 में अमेरिकी ओपन और 2021 और 2023 में विंबलडन में उपविजेता रहे थे।



इटली की जैस्मीन पाओलिनी (बाएं) और सारा ईरानी। ● एजेंसी

**टैगर और मैकडोनाल्ड ने फ्रेंच ओपन जूनियर खिताब जीते :** ऑस्ट्रिया की लिली टैगर ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए एक भी सेट गंवाए बिना फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट में लड़कियों का एकल खिताब जीता। पहली बार फ्रेंच ओपन के जूनियर वर्ग में खेल रही 17 वर्षीय टैगर ने शनिवार को फाइनल में ब्रिटेन की आठवीं वरीयता प्राप्त हन्ना क्लुगमैन को 6-2, 6-0 से हराया। टैगर ने पांच ब्रेक प्वाइंट बचाए तथा 19 विनर्स लगाए। वह फ्रेंच ओपन में जूनियर एकल खिताब जीतने वाली पहली ऑस्ट्रियाई खिलाड़ी हैं।

# भारतीय टीम ने इंग्लैंड में अभ्यास शुरू किया

**लंदन, एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से लीड्स में शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैचों की सीरीज से पहले लॉर्ड्स में अभ्यास करके दौरे की शुरुआत की।

जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह की तेज गेंदबाजी चौकड़ी के अलावा नवनियुक्त कप्तान शुभमन गिल, ऋषभ पंत और ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने मुख्य कोच गौतम गंभीर के मार्गदर्शन में अभ्यास किया। रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे दिग्गजों के संन्यास लेने के बाद गिल को भारत का 37वां टेस्ट कप्तान बनाया गया। वह एक अपेक्षाकृत युवा टीम की अगुआई कर रहे हैं जिसका लक्ष्य 2007 के बाद से इंग्लैंड में अपनी पहली टेस्ट श्रृंखला जीतना है।



इंग्लैंड में अभ्यास सत्र के दौरान कप्तान शुभमन व अन्य खिलाड़ी। ● बीसीसीआई

श्रृंखला हेडिंग्ले में शुरू होगी जिसके बाद एजबेस्टन, लॉर्ड्स, ओल्ड ट्रैफर्ड और ओवल में टेस्ट मैच खेले जाएंगे। भारतीय टेस्ट टीम में शामिल कुछ खिलाड़ी अभी भारत ए की तरफ से नॉर्थम्पटन में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दूसरे अनधिकृत टेस्ट मैच में खेल रहे हैं।

# अभिमन्यु व लोकेश के अर्धशतकों से भारत ए को 184 रन की बढ़त

**नॉर्थम्पटन (इंग्लैंड) :** कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन और लोकेश राहुल के अर्धशतक तथा दोनों के बीच अर्धशतकीय साझेदारी से भारत ए ने दूसरे अनौपचारिक क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन रविवार को यहां इंग्लैंड लॉयन्स के खिलाफ दूसरी पारी में चार विकेट पर 163 रन बनाकर अपनी कुल बढ़त को 184 रन तक पहुंचाया। ईश्वरन (80 रन, 92 गेंद, 10 चौके) और राहुल (51 रन, 64 गेंद, नौ चौकों) ने दूसरे विकेट के लिए 88 रन की साझेदारी की। दिन का खेल खत्म होने पर ध्रुव जुरेल छह जबकि नितीश कुमार रेड्डी एक रन बनाकर खेल रहे थे।

इससे पहले बाएं हाथ के तेज गेंदबाज खलील अहमद (70 रन पर चार विकेट) के चार विकेट से भारत ए ने इंग्लैंड लॉयन्स को 327 रन पर समेटकर पहली पारी के आधार पर 21 रन की बढ़त बनाई। भारत ए ने पहली पारी में 348 रन बनाए थे। दूसरी पारी में भारत ए की शुरुआत खराब रही और यशस्वी जायसवाल 12 गेंद में पांच रन बनाने के बाद जॉर्ज हिल (18 रन पर एक विकेट) की गेंद पर विकेटकीपर जेम्स रेव को कैच दे बैठे। ईश्वरन और पहली पारी में शतक जड़ने वाले राहुल ने इसके बाद पारी को संभाला।

# आखिरी क्षणों में गोल खाने से बचना चाहेगा भारत

**एफआईएच प्रो लीग**

**एम्सटलवीन, एजेंसी**

भारतीय पुरुष हॉकी टीम को अगर नीदरलैंड के खिलाफ वापसी करनी है और एफआईएच प्रो लीग में शीर्ष स्थान की दौड़ में बने रहना है तो उसे सोमवार को यहां होने वाले महत्वपूर्ण मैच में आखिरी क्षणों में गोल खाने से बचना होगा।



भारत शनिवार को नीदरलैंड के खिलाफ 1-2 से हार के बाद प्रो लीग तालिका में चौथे स्थान पर खिसक गया है। नीदरलैंड नौ मैचों में 17 अंक लेकर शीर्ष पर है। उसके बाद इंग्लैंड (आठ मैचों में 16 अंक), बेल्जियम (आठ मैचों में 16 अंक) और भारत (नौ मैचों में 15 अंक) का नंबर आता है। प्रो लीग का यूरोपीय चरण भारत के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। शीर्ष स्थान पर रहने से भारत अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड की संयुक्त मेजबानी में होने वाले विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई कर जाएगा। भारतीय टीम अगर इसमें नाकाम रहती है तो उसे पांच से 14 सितंबर तक बिहार के राजगीर में होने वाले एशिया कप के जरिए विश्व कप में जगह बनाने का एक और मौका मिलेगा।

# भारत ने ताइवान ओपन एथलेटिक्स में दूसरे दिन छह स्वर्ण पदक जीते

**ताइपे सिटी, एजेंसी**

- विथ्या रामराज, रोहित यादव, पूजा, अन्नू रानी और कृष्ण कुमार को मिली सफलता

भारत ने रविवार को ताइवान ओपन अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दूसरे और अंतिम दिन दबदबा बनाते हुए महिलाओं के 800 मीटर फाइनल और लंबी कूद प्रतियोगिता में दोहरे पदक सहित छह स्वर्ण पदक जीते। तीन बार की राष्ट्रीय चैंपियन विथ्या रामराज, रोहित यादव, पूजा, अन्नू रानी और कृष्ण कुमार ने अपने-अपने मुकाबलों में स्वर्ण पदक जीते जिससे भारतीय दल ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

संतोष टी, विशाल टीके, धर्मवीर चौधरी और मनु टीएस की पुरुष चार गुणा 400 मीटर रिले टीम ने भी तीन मिनट 5.58 सेकेंड के चैंपियनशिप रिकॉर्ड समय के साथ स्वर्ण पदक जीतते हुए भारत के अभियान का सकारात्मक अंत किया। यशास पलाक्ष ने पुरुषों की 400 मीटर बाधा दौड़ में 42.22 सेकेंड के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ रजत पदक जीता। इस परिणाम से 2025 एशियाई चैंपियनशिप से चूकने के बाद उनके आत्मविश्वास को बढ़ावा मिलेगा।

विथ्या ने महिलाओं की 400 मीटर बाधा दौड़ में 56.53 सेकेंड का समय लेकर स्वर्ण पदक जीता जो इस साल का उनका तीसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। तमिलनाडु की इस एथलीट ने फेडरेशन कप फाइनल में 56.04 सेकेंड और एशियाई चैंपियनशिप फाइनल में 56.46 सेकेंड का समय लिया था।

रोहित पुरुषों की भाला फेंक प्रतियोगिता में 75 मीटर का आंकड़ा पार नहीं कर सके लेकिन 74.42 मीटर का उनका सर्वश्रेष्ठ प्रयास उन्हें इस स्पर्धा में स्वर्ण पदक दिलाने के लिए पर्याप्त था। ताइपे के हुआंग शिह फेंग ने 74.04 मीटर के प्रयास से रजत जबकि उनके हमवतन चेंग चाओ टीसुन ने 73.95 मीटर के प्रयास से कांस्य पदक जीता। पूजा ने महिलाओं के 800 मीटर फाइनल में दो मिनट 2.79 सेकेंड के चैंपियनशिप रिकॉर्ड समय के साथ जीत हासिल की और हमवतन ट्विंकल चौधरी को पीछे छोड़ दिया।

# आईपीएल के लिए भी होनी चाहिए 16 सप्ताह की विंडो

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- पंजाब किंग्स के सह-मालिक मोहित बर्मन ने नेशनल फुटबॉल लीग से बराबरी करने के लिए समय बढ़ाने पर दिया जोर



आईपीएल की मौजूदा आठ सप्ताह के तुलना में प्रीमियर लीग (अगस्त से मई), एनबीए (सात महीने) और एनएफएल (4 .5 महीने) की बहुत लंबी विंडो है, जो उनके मूल्य को भी बढ़ाती है।

पंजाब किंग्स के सह-मालिक मोहित बर्मन का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को एनएफएल (नेशनल फुटबॉल लीग, अमेरिका), एनबीए (नेशनल बास्केटबॉल एसोसिएशन , अमेरिका) और यूरोपीय देशों की बड़ी फुटबॉल लीग सहित दुनिया की शीर्ष खेल लीगों के ब्रांड मूल्य से मेल खाने के लिए 12 से 16 सप्ताह की विंडो (टूर्नामेंट के आयोजन का समय) की आवश्यकता है।

आईपीएल के प्रति मैच का मूल्य लगभग 16.8 मिलियन डॉलर है जो दुनिया भर के विभिन्न खेलों की शीर्ष लीग में सिर्फ एनएफएल (36.8 मिलियन डालर) से पीछे है, लेकिन जब समग्र ब्रांड मूल्य की बात आती है तो यह एनएफएल और यूरोप की शीर्ष फुटबॉल लीग से काफी पीछे है।

प्रमुख निवेश बैंक हौलिहान लॉकी के अनुसार आईपीएल का ब्रांड मूल्य लगभग 16 बिलियन डॉलर है, जबकि एक एनएफएल फ्रेंचाइजी डलास काउबॉय की कीमत ही नौ बिलियन डॉलर है, इसके बाद न्यूयॉर्क यांकीस की कीमत 7.1 बिलियन डॉलर है। एनबीए फ्रेंचाइजी न्यूयॉर्क निक्स का मूल्य सात बिलियन डॉलर है, जबकि शीर्ष फुटबॉल क्लब रियाल मैड्रिड और मैनचेस्टर यूनाइटेड ने का मूल्य लगभग छह बिलियन डॉलर है। बर्मन ने आईपीएल के आगे की राह और पंजाब किंग्स के उल्लेखनीय बदलाव के बारे में पीटीआई से बात की। पंजाब की टीम 11 साल के लंबे अंतराल के बाद आईपीएल फाइनल में पहुंची। 'डाबर इंडिया' के प्रमुख बर्मन ने कहा हम प्रति मैच मूल्य के मामले में पहले से ही एनएफएल के बाद दुनिया में दूसरे स्थान पर हैं। लेकिन जब बात ब्रांड मूल्य की आती है तो आंकड़े कुछ और होता है। यह एक अलग पहलू है। मुझे लगता है कि हमें वहां पहुंचने के लिए इस लीग का आयोजन 12 से 16 सप्ताह तक कराने की जरूरत है। उन्होंने कहा इससे हमें बेहतर माहौल बनाने, प्रतिद्वंद्विता बनाने और सभी (प्रशंसक, प्रायोजक, प्रसारक) के लिए अधिक मूल्य बनाने का मौका मिलता है। लेकिन यह सिर्फ आयोजन का समय बढ़ाने के बारे में नहीं है। यह इस बारे में है कि हम उस समय में क्या करते हैं । हम किस तरह की सामग्री पेश करते हैं, हम साल भर प्रशंसकों को कैसे जोड़ते हैं, हम सत्र से परे लीग का निर्माण कैसे करते हैं।

पंजाब किंग्स ने इस सत्र में अपना दूसरा फाइनल खेला और 2014 के बाद से लीग तालिका में शीर्ष पर रहने के बाद यह टीम का पहला फाइनल था। पिछले कुछ साल से खराब प्रदर्शन करने वाली इस टीम की सफलता का श्रेय कोच रिकी पोंटिंग और कप्तान के तौर पर श्रेयस अय्यर को दिया जा रहा है। बर्मन ने कहा रिकी पोंटिंग को टीम का कोच बनाना हमारे बदलाव का पहला कदम था।

# यूरोप में आतंकवाद का मुद्दा उठाएंगे जयशंकर

- विदेश मंत्री फ्रांस, यूरोपीय संघ और बेल्जियम के दौरे के लिए हुए रवाना



नई दिल्ली, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर रविवार को यूरोप की एक सप्ताह की यात्रा पर रवाना हुए जहां वह फ्रांस, यूरोपीय संघ और बेल्जियम के नेताओं के साथ वार्ता करेंगे ताकि द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा दिया जा सके और आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की भारत की नीति पर चर्चा करेंगे। जयशंकर की यूरोप यात्रा पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में भारत द्वारा 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किए जाने के एक महीने बाद हो रही है।

ऐसी अपेक्षा है कि जयशंकर यूरोपीय नेताओं को सीमा पार आतंकवाद से निपटने को लेकर नई दिल्ली के दृष्टिकोण से अवगत कराएंगे। अपने दौरे के पहले चरण में जयशंकर फ्रांस जाएंगे। फ्रांस एक ऐसा देश है जो भारत का सदाबहार मित्र बनकर उभरा है। विदेश मंत्री पेरिस और मार्सिले की यात्रा करेंगे जहां वह यूरोप और विदेश मामलों के अपने समकक्ष मंत्री जीन नोएल बैरट के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे।

## स्मार्टफोन को निशाना बनाने वाले 'सॉफ्टवेयर क्रैश' का पता लगाया

**वाशिंगटन।** साइबर सुरक्षा जांचकर्ताओं ने एक ऐसे 'सॉफ्टवेयर क्रैश' का पता लगाया है जो सरकार, राजनीति, तकनीक व पत्रकारिता के क्षेत्र में काम करने वाले कुछ लोगों के स्मार्टफोन को प्रभावित कर रहा था। 'सॉफ्टवेयर क्रैश' का मतलब है जब कोई प्रोग्राम या ऐप काम करना बंद कर देता है या कोई त्रुटिपूर्ण संदेश दिखाता है। यह 'सॉफ्टवेयर क्रैश' पिछले साल के अंत में शुरू हुआ था और 2025 तक चलता रहा।

साइबर हमलावरों ने अपनी पहचान के बारे में कोई सुराग नहीं छोड़ा है। साइबर सुरक्षा फर्म 'आईवेरिफाई' ने कहा, वे चीन सरकार के हित वाले क्षेत्रों में काम करते थे और अतीत में चीनी साइबर अपराधियों द्वारा निशाना बनाए गए थे। अपराधी तेजी से स्मार्टफोन, मोबाइल उपकरण और ऐप को अमेरिकी साइबर सुरक्षा में कमजोर कड़ी के रूप में पहचान रहे हैं। इस समय दुनिया में मोबाइल सुरक्षा को लेकर खतरा है।

# कहीं आपके फोन की जासूसी तो नहीं हो रही

कुछ हट के

ऑनलाइन की दुनिया आज के वक्त में खतरे से खाली नहीं है। बाजार में इतने सॉफ्टवेयर हैं कि किसी की भी जासूसी हो सकती है। वैसे एंड्रॉयड के मुकाबले आईफोन को हैक करना काफी मुश्किल है, लेकिन ऐसा नहीं है कि हैक नहीं हो सकता है। दुनिया का कोई भी गैजेट हैकप्रूफ नहीं है। आपकी एक गलती हैकर्स को आपके बैंक अकाउंट तक पहुंचने का रास्ता दे सकती है या आपका निजी डेटा लीक हो सकता है। इसको लेकर हैकर्स नए-नए पैंतरे निकालते हैं। प्ले स्टोर में ऐसे बहुत से फर्जी ऐप्स और जासूसी सॉफ्टवेयर हैं जो चुपके से आपके मैसेज, फोटो, कॉल, लोकेशन और बाकी जानकारी चुरा सकते हैं। ये ऐप्स अक्सर बिना आपकी जानकारी के आपके फोन में डाल दिए जाते हैं और पकड़े न जाएं इसलिए होम स्क्रीन से गायब हो जाते हैं, जिससे इन्हें ढूंढना मुश्किल हो जाता है। इन्हें 'स्टॉकरवेयर' भी कहा जाता है।




### बचाव के आसान उपाय

- **सेटिंग्स देखे :** एक्सेसिबिलिटी सेटिंग्स, नोटिफिकेशन एक्सेस व डिवाइस एडमिन ऑप्शन्स में देखें कि कोई अजीब ऐप तो नहीं है। स्टॉकरवेयर डिवाइस हेल्थ या सिस्टम सर्विस जैसे नाम रखकर छिप जाते हैं।
- **गूगल प्ले प्रोटेक्ट चालू करें :** ये फीचर आपके ऐप्स को स्कैन करके खतरे का पता लगाएगा और जासूसी करने वाले ऐप्स से बचाएगा।
- **अज्ञात ऐप्स बंद करें :** अगर आपको कोई ऐसा ऐप मिले जिसे आपने डाउनलोड नहीं किया है और बहुत सारी परमिशन है, तो उसे तुरंत बंद करें और अनइंस्टॉल कर दें।

### इस तरह गतिविधियों पर रखते नजर

- **स्क्रीनशॉट :** यह डिवाइस की स्क्रीन के स्क्रीनशॉट लेता है, जिससे उपयोगकर्ता की गतिविधियों का पता चलता है।
- **लोकेशन ट्रैकिंग :** यह डिवाइस की लोकेशन को ट्रैक करता है, जिससे उपयोगकर्ता की भौतिक स्थिति का पता चलता है।
- **कॉल और मैसेज लॉगिंग :** यह कॉल लॉग, मैसेज आदि को रिकॉर्ड करता है, जिससे उपयोगकर्ता की गतिविधियों का पता चलता है।
- **कैमरा व माइक्रोफोन एक्सेस :** कुछ स्पाइवेयर कैमरा व माइक्रोफोन को एक्सेस कर सकते है और आपकी बातें लीक हो सकती हैं।

### ग्रीन सिग्नल दिखे तो हो जाएं अलर्ट

- स्मार्टफोन कंपनियों ने अब फोन में ग्रीन लाइट सिग्नल की सुविधा देना शुरू कर दिया है। इस लाइट का मतलब है कि आपके फोन में माइक या कैमरे का इस्तेमाल किया जा रहा है। ऐसे में यदि सभी एप बंद रखें हैं और फिर भी आपको ग्रीन लाइट दिख रही है तो आप हैकर्स के निशाने पर हैं और जासूसी की जा रही है। तुरंत अनजान एप को फोन से डिलीट करें।



## एक नजर

### अमेरिका ने नेपाल का अस्थायी संरक्षित दर्जा किया समाप्त

**काठमांडू।** अमेरिका ने 2015 के विनाशकारी भूकंप के बाद नेपाल को दिया गया अस्थायी संरक्षित दर्जा (टीपीएस) समाप्त कर दिया है। अमेरिका के गृह मंत्रालय द्वारा शनिवार को जारी अधिसूचना में कहा गया कि इस वर्ष 24 जून को टीपीएस की मियाद समाप्त होने के बाद इसे नेपाल के लिए नहीं बढ़ाया जाएगा।

### यूक्रेन पर सैनिकों के शव सौंपने में देरी का आरोप

**मॉस्को।** रूस के अधिकारियों ने रविवार को कहा कि युद्ध में मारे गए 6,000 सैनिकों के शवों को योजनाबद्ध तरीके से एक-दूसरे को सौंपे जाने के लिए मॉस्को अब भी कीव से आधिकारिक पुष्टि का इंतजार कर रहा है। इसके साथ ही रूस ने अपने उस आरोप को दोहराया कि यूक्रेन ने इस प्रक्रिया को स्थगित कर दिया है।

### चीन का विवादित सागर क्षेत्र में सुनामी परामर्श केंद्र शुरू

**बीजिंग।** चीन ने रविवार को दक्षिण चीन सागर सुनामी परामर्श केंद्र शुरू किया तथा गहरे समुद्र में मौलिक वैज्ञानिक अनुसंधान, तकनीकी नवाचार और संबंधित उद्योगों के विकास को समर्थन देने के लिए एक गहन समुद्री परीक्षण स्थल भी स्थापित किया। दोनों की शुरुआत आठ जून को मनाए जाने वाले विश्व महासागर दिवस के अवसर पर हुयी।

### नेपाल: 18 लोगों के खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला दर्ज

**काठमांडू।** नेपाल के भ्रष्टाचार निरोधक निकाय ने सरकारी स्वामित्व वाली नेपाल टेलीकॉम के पूर्व और वर्तमान प्रबंध निदेशकों सहित 18 लोगों के खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला दर्ज किया। नेपाल टेलीकॉम की बिलिंग प्रणाली के रखरखाव के लिए अनुबंध विस्तार में अनियमितताओं को लेकर सीआईएए द्वारा विशेष अदालत में मामला दायर किया गया था।

### इमरान को 11 को जमानत मिलने की संभावना

**इस्लामाबाद।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को अल-कादिर ट्रस्ट मामले में 11 जून को जमानत मिलने की संभावना है। उनकी पार्टी के एक शीर्ष नेता ने यहां यह जानकारी दी। उच्च न्यायालय अल-कादिर ट्रस्ट मामले में खान और उनकी पत्नी बुशरा की सजा को निलंबित करने के अनुरोध वाली याचिकाओं पर 11 को सुनवाई करेगा।

# अप्रवासन नीति के खिलाफ लॉस एंजिल्स में लोगों का हिंसक प्रदर्शन

## ट्रंप के खिलाफ अमेरिका में लोगों का भड़का गुस्सा, पुलिस पर पटाखे-पत्थर फेंके

- पुलिस ने भीड़ पर आंसू गैस के गोले दागे, ट्रंप ने 2000 गाड्र्स भेजे
- गवर्नर ने सरकार के इस कदम पर जताई आपत्ति

पैरामाउंट (अमेरिका), एजेंसी



लॉस एंजिल्स में प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस के गोले दागते पुलिसकर्मी।

देश में ट्रंप प्रशासन की अप्रवासन नीति के खिलाफ लोगों का विरोध बढ़ता जा रहा है। शनिवार को कैलिफोर्निया के लॉस एंजिल्स में आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन की ओर से की गई छापेमारी के जवाब में हजारों प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतर आए और पुलिस पर पटाखे-पत्थर फेंके। प्रदर्शनकारी पुलिस और अप्रवासन विभाग के लोगों से भिड़ गए।

पुलिस ने लाठी चार्ज कर और आंसू गैस के गोले छोड़कर भीड़ को नियंत्रित किया। राष्ट्रपति ट्रंप ने भी इस पर कड़ी नाराजगी जताई है। इससे पहले शुक्रवार को भी लॉस एंजेलिस में ऐसे ही हंगामा हुआ था। राष्ट्रपति ट्रंप ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए कैलिफोर्निया नेशनल गार्ड के 2,000 जवानों को तैनात की है। जबकि गवर्नर ने सरकार के इस कदम पर आपत्ति जताई है। लॉस एंजिल्स में संघीय आव्रजन अधिकारियों ने आव्रजन नियमों के उल्लंघन को लेकर शुक्रवार को 44 लोगों को गिरफ्तार किया जिसके बाद एक संघीय हिरासत केंद्र के बाहर उस समय झड़प हुई जब इस कार्रवाई का विरोध करने जुटे लोगों को तितर-बितर करने के लिए अधिकारियों ने आंसू गैस के गोले दागे। कैलिफोर्निया के गवर्नर एवं डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता गैविन न्यूसम ने इस कदम पर आपत्ति जताई और कहा कि रिपब्लिकन पार्टी के नेता एवं राष्ट्रपति ट्रंप का यह कदम जानबूझकर भड़काने वाला है और इससे केवल तनाव बढ़ेगा।

### वीजा समाप्त होने पर लोकप्रिय टिकटॉकर हिरासत में लिए गए

**वॉशिंगटन।** दुनिया के सबसे प्रसिद्ध टिकटॉकरों में से एक खाबी लैम को वीजा समाप्त होने के कारण अमेरिका में हिरासत में ले लिया गया। 1380 करोड़ अधिक फॉलोअर्स लैम को 6 जून को लास वेगास के हैरी रीड हवाई अड्डे पर हिरासत में लिया गया।

### कोलंबिया में हथियारबंदों ने सांसद को गोली मारी

**बोगोटा।** कोलंबिया की राजधानी बोगोटा में एक चुनाव प्रचार अभियान रैली के दौरान हथियारबंद बदमाशों ने सांसद मिगुएल उरीबे टर्बे को गोली मार दी जिससे वह घायल हो गए। देश के ऊपरी सदन सीनेट के सदस्य उरीबे अगले साल होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव के संभावित प्रत्याशी हैं। उनकी पार्टी डेमोक्रेटिक सेंटर ने एक बयान जारी कर इस घटना को हिंसा का अस्वीकार्य कृत्य बताया। उनकी पार्टी ने बताया कि यह घटना फोंटिबोन के एक पार्क में हुई जब हथियारबंद हमलावरों ने सांसद को पीछे से गोली मार दी। उनके सिर पर चोट आई हैं। बोगोटा के मेयर ने बताया कि संदिग्ध हमलावर को पकड़ लिया गया है, जिम्मेदार लोगों को पकड़ने के लिए इनाम घोषित किया गया है।

## परस्पर सम्मान भावना से भारत-बांग्लादेश के लोग होंगे प्रेरित : यूनुस

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने प्रधानमंत्री मोदी को लिखे पत्र में कहा है कि एक-दूसरे के सम्मान की भावना और तालमेल भारत और बांग्लादेश का लोगों के कल्याण के लिए काम करने में मार्गदर्शन करती रहेगी। यूनुस ने यह पत्र मोदी द्वारा बांग्लादेश के लोगों और अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार को ईद-उल-अजहा की शुभकामनाएं देने के लिए भेजे गए संदेश के जवाब में लिखा।

यूनुस ने रविवार को एक एक्स पर पोस्ट में ये दोनों पत्र पोस्ट किए। अपने पत्र में यूनुस ने कहा कि मोदी का विचारशील संदेश दोनों देशों के बीच साझा मूल्यों को दर्शाता है। मुख्य सलाहकार ने प्रधानमंत्री मोदी और भारत के लोगों को अपनी शुभकामनाएं भी दीं। छह जून को लिखे पत्र में उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि एक-दूसरे के सम्मान की भावना और तालमेल दोनों देशों का हमारे लोगों की भलाई के लिए मिलकर काम करने के लिए मार्गदर्शन करती रहेगी।

यूनुस ने कहा कि यह त्योहार चिंतन करने का समय है, जो समुदायों को उत्सव, त्याग, उदारता और एकता की भावना से एक साथ लाता है। 4 जून को लिखे अपने पत्र में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि यह त्योहार भारत की समृद्ध और विविध सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न अंग है।

# अमेरिका में भारत का दबदबा, दो भारतवंशी उम्मीदवार चुनाव जीते

- टेक्सास नगर परिषद चुनाव में संजय सिंघल व सुख कौर ने शुगर लैंड तथा सैन एंटोनियो में जीत हासिल की



ह्यूस्टन (अमेरिका), एजेंसी

अमेरिका के टेक्सास नगर परिषद चुनावों में दो भारतीय-अमेरिकी उम्मीदवारों ने अपने-अपने शहर में जीत दर्ज की। संजय सिंघल और सुख कौर ने क्रमशः शुगर लैंड तथा सैन एंटोनियो में नगर परिषद चुनावों में जीत हासिल की। प्रारंभिक चरण का चुनाव तीन जून को हुआ था जिसके बाद अंतिम दो उम्मीदवारों के बीच चुनावी (रनऑफ) मुकाबले के लिए मतदान शनिवार को हुआ।

शुगरलैंड के 'डिस्ट्रिक्ट 2' में सिंघल ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भारतीय-अमेरिकी नासिर हुसैन को हराकर चुनाव जीता। 'फोर्ट बेंड काउंटी' के अनौपचारिक परिणामों के अनुसार, सिंघल को 2,346 वोट मिले जबकि हुसैन को 777 वोट मिले। आईआईटी दिल्ली के पूर्व छात्र सिंघल ने अपना चुनाव प्रचार अभियान पारदर्शी शासन, बुनियादी ढांचे में सुधार और सामुदायिक जुड़ाव पर केंद्रित किया। सिख-अमेरिकी और शिक्षा सुधारक सुख कौर ने सैन एंटोनियो में भारी जीत हासिल कर 'डिस्ट्रिक्ट 1' की अपनी परिषद सीट बरकरार रखी। कौर सैन एंटोनियो में अपने पति और दो बच्चों के साथ रहती हैं।

एक गैर-लाभकारी संस्था की नेता कौर ने अपने प्रतिद्वंद्वी पैटी गिबन्स को 65 प्रतिशत मतों से हराया। स्टैनफोर्ड और हार्वर्ड से स्नातक तथा सैन एंटोनियो शहर परिषद के लिए चुनी गईं पहली सिख महिला कौर ने अपने प्रचार अभियान को किफायती आवास, सार्वजनिक परिवहन विस्तार और समावेशी शहरी विकास पर केंद्रित किया।

# ग्रेटा थनबर्ग और 12 अन्य को गाजा पहुंचने से रोकेगा इजराइल

- राहत सामग्री लेकर नाव से निकलीं जलवायु संरक्षण कार्यकर्ता



तेल अवीव, एजेंसी

इजराइल के रक्षा मंत्री ने पर्यावरण कार्यकर्ता ग्रेटा थनबर्ग और अन्य कार्यकर्ताओं को ले जा रही राहत सहायता नौका को गाजा पट्टी तक पहुंचने से रोकने की प्रतिबद्धता जताई। रक्षा मंत्री इजराइल कैट्ज ने रविवार को कहा कि इजराइल किसी को भी फलस्तीनी क्षेत्र पर अपनी नौसैनिक नाकेबंदी तोड़ने की अनुमति नहीं देगा, जिसका उद्देश्य हमास को हथियार आयात करने से रोकना है।

ग्रेटा थनबर्ग और 12 अन्य कार्यकर्ता मैडलीन नामक नौका पर सवार हैं। नौका का संचालन संचालन फ्रीडम फ्लोटिला गठबंधन द्वारा किया जाता है। यह नौका पिछले रविवार को सिसिली से गाजा की समुद्री नाकेबंदी तोड़ने और मानवीय सहायता पहुंचाने के मिशन के साथ रवाना हुई थी। इसका मकसद फलस्तीनी क्षेत्र में बढ़ते मानवीय संकट के बारे में दुनिया को जागरूक करना भी है। कार्यकर्ताओं ने कहा था कि उनकी योजना रविवार को ही गाजा के जलक्षेत्र में पहुंचने की है। जहाज पर मौजूद अन्य लोगों में यूरोपीय संसद की फ्रांसीसी सदस्य एवं फलस्तीनी मूल की रीमा हसन भी शामिल हैं। फलस्तीनियों के प्रति इजराइल की नीतियों का विरोध करने के कारण उन्हें इजराइल में प्रवेश करने से रोक दिया गया है।

## राहत सहायता स्थल के पास इजराइली गोलीबारी में 12 की मौत

**गाजा पट्टी।** गाजा पट्टी में इजराइल और अमेरिका समर्थित समूह द्वारा संचालित राहत सहायता वितरण केंद्र से लगभग एक किलोमीटर दूर इजराइली गोलीबारी में कम से कम 12 लोग मारे गए और कुछ अन्य घायल हुए हैं। फलस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों और प्रत्यक्षदर्शियों ने यह जानकारी दी।

इजराइली सेना ने कहा कि उसने अपने सैनिकों के नजदीक आने वाले लोगों पर चेतावनी के तौर पर गोलियां चलाईं। गाजा के दक्षिणी शहर खान यूनिस के नासिर अस्पताल में चार शव लाए गए। वहां मौजूद फलस्तीनी प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इजराइली सेना ने उन पर एक गोल चक्कर पर गोलीबारी की थी जो पास के शहर राफा में गाजा ह्यूमेनिटेरियन फाउंडेशन द्वारा संचालित एक राहत सहायता केंद्र से करीब एक किलोमीटर दूर है।

## रिवर राफ्टिंग




गर्मी के मौसम में हिल स्टेशन सैलानियों से गुलजार हो उठे हैं। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में रविवार को ब्यास नदी में पर्यटकों ने राफ्टिंग का आनंद लिया। एजेंसी


## असम: अवैध रूप से मवेशियों के वध के आरोप में 16 गिरफ्तार

**गुवाहाटी/नगांव।** असम के मुख्यमंत्री ने रविवार को कहा कि राज्य में एक दिन पहले ईद के दौरान अवैध रूप से मवेशियों के वध के आरोप में 16 लोगों को गिरफ्तार किया गया। कई स्थानों से मवेशियों के अंगों की बरामदगी हुई है। बराक घाटी के दो जिलों- कछार के गुमराह, सिलचर व लखीपुर और करीमगंज के बदरपुर व बंगा में 5 अवैध वध स्थल पाए गए। एक अधिकारी ने बताया कि हिंदू समुदाय के लोगों ने होजाई में दिन में सड़कें अवरुद्ध की और आरोप लगाया कि शनिवार रात को कुछ शरारती तत्वों ने मांस के टुकड़े फेंके थे जबकि मुस्लिमों ने भी सड़क जाम की। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर किया। कहा कि हमारा संविधान धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार की गारंटी देता है लेकिन यह कानून के शासन एवं सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने की बात भी समान रूप से करता है।

**दीदार** जम्मू-कश्मीर में नदी के ऊपर बने दुनिया के सबसे ऊंचे पुल को लेकर गजब का जुनून देखने को मिल रहा

# पायलट बोला- हम चिनाब ब्रिज के ऊपर हैं, तस्वीर लेने को मची होड़

नई दिल्ली, एजेंसी



जम्मू-कश्मीर में चिनाब नदी पर बने दुनिया के सबसे ऊंचे रेल पुल की तस्वीर लेने को लेकर श्रीनगर जाने वाले विमान यात्रियों के बीच गजब का जुनून देखने को मिल रहा है। इस पुल का उद्घाटन छह जून को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया था।

रेल मंत्रालय द्वारा जारी एक प्रेस बयान के अनुसार, विमान के पायलट विशेष घोषणाएं कर रहे हैं और यात्री दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल (मेहराबदार पुल) की तस्वीरें लेने के प्रति काफी उत्सुकता दिखा रहे हैं। रेलवे बोर्ड के सूचना और प्रचार मामलों के कार्यकारी निदेशक दिलीप कुमार ने रविवार को कहा, चिनाब नदी पर बना पुल हर ऊंचाई से प्रशंसा प्राप्त करता है, जहां धरती से उठे गर्व की गूंज बादलों के बीच गूंजती है। उन्होंने कहा, इन दिनों जम्मू-कश्मीर की शानदार घाटियों से गुजरने वाली हर उड़ान एक खास पल का गवाह बनती है। जैसे ही विमान चिनाब घाटी के पास पहुंचता है, पायलट की आवाज केबिन में गूंजती है: आपके नीचे दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे-मेहराब पुल (चिनाब पुल) है।

### घोषणा होती है, यात्री खिड़कियों की ओर दौड़ पड़ते हैं

जैसे ही यह घोषणा होती है, यात्री खिड़कियों की ओर दौड़ पड़ते हैं और अपने मोबाइल फोन पर इस ऐतिहासिक चमत्कार का वीडियो रिकॉर्ड करना और तस्वीरें लेना शुरू कर देते हैं। केबिन में गर्व की भावना का प्रसार होता है- यात्री ताली बजाते हैं, मुस्कुराते हैं और भारतीय इंजीनियरिंग के चमत्कार के लिए प्रशंसा के शब्द साझा करते हैं। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि आस-पास के गांवों और पहाड़ी क्षेत्रों के स्थानीय लोग अलग-अलग जगहों से पुल की तस्वीरें लेते और वीडियो रिकॉर्ड करते देखे जा सकते हैं। इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा, कुछ लोग इस पल को सीधे प्रसारित कर रहे हैं, जबकि अन्य इसे इंस्टाग्राम और फेसबुक पर तुरंत साझा कर रहे हैं। कुमार के अनुसार, आसमान में उड़तीं उड़ानें चिनाब पुल को देखने का झरोखा बन गई हैं, जमीन पर भी लोग इस विस्मयकारी रचना को कैद करने में व्यस्त हैं जो भविष्य की पीढ़ियों के साथ साझा करने के लिए इतिहास के एक भाग को संरक्षित करती है। महत्वाकांक्षी उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक (यूएसबीआरएल) परियोजना के हिस्से के रूप में चिनाब पुल दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे-मेहराब पुल है।

## भारतीय मूल के दम्पति को न्यूजीलैंड में शाही सम्मान

**मुंबई।** महाराष्ट्र के सुनीत प्रकाश और उनकी गुजराती पत्नी ललिता कासंजी को सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग और वहां के भारतीय प्रवासियों के लिए सेवा करने को लेकर न्यूजीलैंड ऑर्डर ऑफ मेरिट के सदस्य सम्मान के लिए चुना गया है। न्यूजीलैंड का यह पुरस्कार भारत के शीर्ष पद्म राष्ट्रीय पुरस्कारों के समान है।

दोनों सदस्यों को गवर्नर-जनरल डेम सिंडी कीरो द्वारा जल्द ही सम्मानित किया जाएगा। कीरो यूनाइटेड किंगडम के राजा चार्ल्स तृतीय के प्रतिनिधि हैं। न्यूजीलैंड ब्रिटिश सम्राट को अपने राष्ट्राध्यक्ष के रूप में मान्यता देता है। न्यूजीलैंड ऑर्डर ऑफ मेरिट नामक पुरस्कारों के व्यापक समूह की स्थापना 30 मई, 1996 को तत्कालीन ब्रिटिश सम्राट महारानी एलिजाबेथ द्वितीय द्वारा जारी एक रॉयल वारंट द्वारा की गई थी।

# पोप लियो ने राजनीतिक राष्ट्रवाद की आलोचना की

- मेल-मिलाप व संवाद के लिए प्रार्थना की



वेटिकन सिटी, एजेंसी

कैथोलिक ईसाई धर्म के सर्वोच्च नेता पोप लियो 14वें ने रविवार को मेल-मिलाप व संवाद के लिए प्रार्थना की। उन्होंने विश्व में राष्ट्रवादी राजनीतिक आंदोलनों के उभार की भी आलोचना की। पोप का यह संदेश कैथोलिक चर्च को शांति का प्रतीक बनाने के उनके संकल्पों के अनुरूप है।

पोप ने हजारों श्रद्धालुओं के सामने सेंट पीटर्स स्क्वायर में सामूहिक प्रार्थना की और पवित्र आत्माओं से बाधाओं को तोड़ने, उदासीनता और घृणा की दीवारों को गिराने का आह्वान किया। अमेरिकी मूल के पहले पोप लियो-14वें ने कहा, जहां प्रेम है, वहां पूर्वाग्रह के लिए, हमें अपने पड़ोसियों से अलग करने वाले सुरक्षा क्षेत्रों के लिए, बहिष्कार की मानसिकता के लिए कोई स्थान नहीं है, जिसे, दुर्भाग्य से, हम अब राजनीतिक राष्ट्रवाद में भी उभरते हुए देख रहे हैं। उन्होंने हालांकि, किसी विशिष्ट देश या नेता का नाम नहीं लिया। लियो ने दिवंगत पोप फ्रांसिस के शब्दों को भी याद किया, जिन्होंने मई 2023 में पेंटेकोस्ट के मौके पर कहा था कि हमारी दुनिया में हम सभी जुड़े हुए हैं, फिर भी हम खुद को एक-दूसरे से अलग पाते हैं, उदासीनता से सुन्न हो जाते हैं और एकांत से अभिभूत हो जाते हैं।